श्रावण शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 8 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 263, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



श्रीलंका ने भारत को हराकर जीती वनडे शृंखला 13
आपका अपना जाकिर में शिरकत करेंगे करण जौहर 14

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
— वास्तविक छूट —
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# बांग्लादेश में शांति बहाल करने में जुटे प्राधिकारी, यूनुस ने की अपील

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख नियुक्त किए गए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने बुधवार को सभी से शांति कायम करने और हर प्रकार की हिंसा से बचने की अपील की। यूनुस (84) ने कहा कि हम अपनी किसी गलती से इस जीत को व्यर्थ न जाने दें। पेशे से अर्थशास्त्री यूनुस के प्रभार संभालने के लिए पेरिस से स्वदेश लौटने की संभावना है। उन्होंने शांति बरतने, हिंसा और नुकसान से बचने की अपील की।

इससे पहले बांग्लादेश में छात्रों ने बुधवार को भी स्वयंसेवकों के रूप में यातायात प्रबंधन किया।



स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार, सोमवार को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बांग्लादेश में अराजकता चरम पर है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने या यातायात का प्रबंधन करने के लिए पुलिसकर्मी उपलब्ध नहीं हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) ए.के.एम. शाहीदुर रहमान को मौजूदा संकट से निपटने के लिए मंगलवार को बांग्लादेश पुलिस का शीर्ष अधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और सार्वजनिक सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था बहाल करने के काम में जुटने का आह्वान किया है। बुधवार को सुरक्षाबल में हुए फेरबदल के तहत रहमान को अब रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। जबकि मोहम्मद मोईन उल हसन ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के आयुक्त के रूप में हबीबुर रहमान का स्थान लेंगे। वहीं डिप्टी गवर्नर काजी सईदुर रहमान सहित बांग्लादेश बैंक के छह शीर्ष अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया।

## शेख हसीना के हटने के बाद चरम पर अराजकता, पुलिसकर्मी तक उपलब्ध नहीं

### मो. यूनुस के नेतृत्व में आज शपथ लेगी अंतरिम सरकार

**ढाका।** नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार गुरुवार को शपथ लेगी। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने बुधवार को कहा कि अंतरिम सरकार गुरुवार को रात 8 बजे शपथ ले सकती है। कहा कि सलाहकार परिषद में 15 सदस्य हो सकते हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को अर्थशास्त्री यूनुस (84) को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया था।

### हिंदुओं को बनाया जा रहा निशाना : योगी

**अयोध्या।** आज दुनिया की तस्वीर हम सभी देख रहे हैं। पड़ोस जल रहा है। मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हिंदुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। तब भी हम इतिहास के तथ्यों को ढूंढने का प्रयास नहीं कर रहे कि वहां ऐसी स्थिति क्यों पैदा हुई। जो समाज इतिहास की गलतियों से सबक नहीं सीखता। उसके उज्ज्वल भविष्य पर भी ग्रहण लगता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दिगंबर अखाड़ा में श्रीराम जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष परमहंस रामचंद्रदास की 21वीं पुण्यतिथि पर कहीं।

## सीमा पर जुटे बांग्लादेशी हिंदू भारत में घुसने की कोशिश

- बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी, बीएसएफ ने सीमा पर ही रोका
- अल्पसंख्यकों का आरोप बांग्लादेश में घरों-मंदिरों को जलाया जा रहा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले होने के बाद बुधवार शाम बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों ने बड़ी संख्या में बोर्डर पार कर भारत में घुसने की कोशिश की। सीमा सुरक्षा बल ने बांग्लादेश की सीमा पर अलर्ट जारी कर दिया है और बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में घुसने से रोक रखा है। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार बांग्लादेश के नागरिकों का एक बड़ा समूह उत्तर बंगाल के साथ लगी हुई अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सतकुरा के नजदीक इकट्ठा हुआ था। ये क्षेत्र जलपाईगुडी जिले में आता है। बांग्लादेश के लोग भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहे थे। ऐसे में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश, नागरिक प्रशासन और बीएसएफ कर्मियों की मदद से उन्हें रोक दिया गया। लोगों के समूह में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी थे। बांग्लादेशी हिंदुओं का आरोप है कि उनके घर-मंदिर जलाए जा रहे हैं। देर रात तक सीमा के पास ही भीड़ जमा थी, बीएसएफ के लोग उन्हें समझा रहे थे।

## एक नजर

### थाई लॉयन एयर की उड़ान में बम की धमकी

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को थाई लॉयन एयर के विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों के अनुसार थाई लायन एयर एसएल211 के विमान के ही एक यात्री ने गेट नंबर 19 पर सेकेंडरी लैडर पॉइंट चेक के एयरलाइन सुरक्षा कर्मचारियों को इस उड़ान को बम से उड़ाने की धमकी दी। यात्रियों को विमान से उतारकर विमान की जांच की गई। लेकिन बम जैसी कोई वस्तु नहीं मिली।

### एनआईए का झारखंड में दो स्थानों पर छापा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पीएलएफआई जबरन वसूली और आतंकी गिरोह मामले में झारखंड के खूंटी जिले में बुधवार को दो स्थानों पर छापे मारे। एनआईए के दलों ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) से जुड़े संदिग्धों के परिसरों पर छापे मारे और कई डिजिटल उपकरण तथा अपराध में इस्तेमाल दस्तावेज बरामद किए।

### गोविंदराजन को मिलेगा विज्ञान रत्न पुरस्कार

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध जीव रसायन वैज्ञानिक गोविंदराजन पद्मनाभन का नाम पहले विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। सरकार ने विज्ञान के क्षेत्र में दिए जाने वाले इस सर्वोच्च पुरस्कार की इस साल शुरुआत की है। सरकार ने बुधवार को 33 राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों की घोषणा की, जिनमें युवा वैज्ञानिकों के लिए 18 विज्ञान युवा पुरस्कार, 13 विज्ञान श्री पुरस्कार और एक विज्ञान टीम पुरस्कार शामिल है। विज्ञान टीम पुरस्कार 'टीम चंद्रयान-3' को दिया जाएगा।

### सीबीआई ने संभाली दिल्ली हादसे की जांच

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर की इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने के कारण तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत मामले की जांच अपने हाथों में ले ली है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में 27 जुलाई को भारी बारिश के बाद ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में स्थित 'राव आईएएस स्टडी सर्किल' की इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने के कारण तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की डूबने से मौत हो गई थी। सीबीआई ने दिल्ली पुलिस से मामले की जांच अपने हाथों में ले ली।

# नियमों की भेंट चढ़ा देश का पदक

## पेरिस ओलंपिक : वजन अधिक होने के कारण विनेश स्पर्धा के फाइनल से पहले अयोग्य घोषित

पेरिस, एजेंसी

एक स्तब्ध करने वाले घटनाक्रम में विनेश फोगाट को महिलाओं की 50 किलो कुश्ती स्पर्धा के फाइनल से पहले वजन अधिक पाए जाने के कारण बुधवार को ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश ने ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर इतिहास रचा था। उन्हें बुधवार देर रात स्वर्ण पदक का मुकाबला खेलना था। एक भारतीय कोच ने कहा कि सुबह उसका वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया। नियम इसकी अनुमति नहीं देते और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है। अयोग्य घोषित होने के मायने हैं कि उन्हें खेलों से खाली हाथ लौटना होगा क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत वजन अधिक पाए जाने पर पहलवान आखिरी तालिका में अंतिम स्थान पर रहता है। भारतीय ओलंपिक संघ ने बाद में विनेश के अयोग्य घोषित होने की पुष्टि करते हुए उनकी निजता का सम्मान करने के लिए कहा कि हमें यह खबर देते हुए खेद हो रहा है कि विनेश फोगाट महिला कुश्ती के 50 किलो वर्ग से अयोग्य घोषित कर दी गई हैं।



पूरी रात टीम के अथक प्रयासों के बावजूद सुबह उसका वजन 50 किलो से अधिक पाया गया । इसमें कहा गया कि भारतीय दल इस समय कोई और बयान नहीं देगा। भारतीय टीम आपसे विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती है। भारतीय दल इस समय आगामी स्पर्धाओं पर फोकस करना चाहेगा।

### आप भारत का गौरव हो, मजबूती से वापसी करनी है : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक के फाइनल से पहले वजन अधिक होने के कारण अयोग्य करार दी गई पहलवान विनेश फोगाट को हौसला देते हुए कहा कि वह भारत का गौरव हैं और उन्हें मजबूती से वापसी करनी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा से बात करके उनसे इस मामले पर कड़ा विरोध दर्ज कराने के लिए भी कहा। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि विनेश आप चैम्पियनों में चैम्पियन हो। आप भारत का गौरव हो और हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत हो। आज के झटके से दुख पहुंचा है। काश मैं शब्दों में बता पाता कि इस समय कितना मायूस हूं। लेकिन मुझे पता है कि आप फिर वापसी करोगी।

### अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती संघ में विरोध जताया : मांडविया



**नई दिल्ली।** खेल एवं युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने विनेश फोगाट के मामले में लोकसभा में कहा कि आईओए की प्रमुख पीटी उषा पेरिस में ही हैं, प्रधानमंत्री ने उनसे बात की है। आईओए ने अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती संघ से विरोध दर्ज कराया है।

### भारतवासियों के लिए चैंपियन हैं आपः योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विनेश फोगाट को ढांढस बंधाया है। योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि विनेश फोगाट जी, आप सभी भारतवासियों के लिए गौरव हैं, विजेता हैं, चैंपियन हैं। निराश मत होइए... ।

### उम्मीद है देश की बेटी को न्याय मिलेगा : राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक के फाइनल से पहले अयोग्य करार दिए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उम्मीद जताई कि भारतीय ओलंपिक संघ इस देश की बेटी को न्याय दिलाएगा।

### अयोग्य घोषित करने की जांच हो : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विनेश फोगाट को अयोग्य करार दिए जाने की जांच कराए जाने की मांग की है। अखिलेश ने 'एक्स' पर कहा कि विनेश फोगाट के फाइनल में न खेल पाने के तकनीकी कारणों की जांच हो।

## अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री राजभर ने दिए निर्देश

# मदरसों में लागू होगी बायोमैट्रिक उपस्थिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 16 हजार मदरसे प्रदेश में
- 13 .57 लाख कुल हैं छात्र
- 560 अनुदानित मदरसे हैं
- 9500 शिक्षक हैं कार्यरत

**अमृत विचार :** प्रदेश के मदरसों में बायोमैट्रिक उपस्थिति जल्द लागू होगी। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों को इसे लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसे अनिवार्य रूप से लागू किया जाए।

पिछले दिनों प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बायामैट्रिक उपस्थिति लागू कर दी गई थी, इसका शिक्षकों ने कड़ा विरोध था। विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया था। शिक्षकों के कड़े विरोध को देखते हुए शासन ने कुछ नरमी दिखाई। मुख्य सचिव व शैक्षिक संगठनों के बीच हुई वार्ता में फिलहाल इस व्यवस्था को दो माह के लिए स्थगित कर दिया गया। अब सरकार ने बायोमैट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था को मदरसों में लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस सिलसिले में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने बुधवार को विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और दिशा-निर्देश जारी किए। मालूम हो कि प्रदेश में करीब 16 हजार मदरसे हैं जिनमें कुल 13.57 लाख छात्र हैं। कुल मदरसों में 560 अनुदानित मदरसे हैं जहां करीब 9500 शिक्षक कार्यरत हैं।

### मदरसों को आधुनिक बनाने की तैयारी

मदरसों को और अधिक आधुनिक बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को एआई तकनीक से जोड़ते हुए उन्हें नई-नई जानकारियां उपलब्ध कराई जाएं। निर्देश दिया कि सभी मदरसों में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव व 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान मनाया जाए। मदरसों में तिरंगा लाइटिंग कराई जाए।

# एक लाख का इनामी पंकज यादव मुठभेड़ में मारा गया

संवाददाता, मथुरा



- एसटीएफ ने मथुरा में की कार्रवाई, हत्या के प्रयास सहित 40 मामले थे दर्ज
- मुख्तार अंसारी और शहाबुद्दीन के शार्प शूटर के रूप में था चर्चित

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने बुधवार तड़के पूर्वांचल के कुख्यात अपराधी पंकज यादव को मुठभेड़ में मार गिराया। पंकज यादव, मुख्तार अंसारी और बिहार के शाहबुद्दीन गैंग का शॉर्प शूटर था। पूर्वांचल के कई जिलों के विभिन्न थानों में पंकज के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती सहित 40 मामले दर्ज थे। उसके खिलाफ सात बार गैंगस्टर की कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस ने पंकज पर एक लाख का इनाम घोषित कर रखा था।

एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि एनकाउंटर बुधवार सुबह चार बजे मथुरा-आगरा हाइवे पर फरहा थाना क्षेत्र में हुआ। मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंकज अपने एक साथी के साथ बाइक से आगरा की तरफ जा रहा है। घेराबंदी की गई तो पंकज की तरफ से एसटीएफ कर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी गई। जवाबी फायरिंग में पंकज को तीन गोलियां लगीं। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। एसटीएफ डीएसपी डीके शाही ने बताया कि पंकज अपने गिरोह के साथ आगरा में मौजूद है। वह किसी व्यापारी की हत्या कर लूट की योजना बना रहा है।

# लिव-इन में रह रहे युवक का प्रेमिका ने गला रेता, गंभीर

- पीड़ित के भाई ने महिला समेत तीन के खिलाफ दी तहरीर

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र में लिव-इन में रह रहे अलीगढ़ के युवक का धारदार हथियार से गला रेत कर प्रेमिका ने उसकी हत्या करने की कोशिश की। सूचना पर पहुंचे साथी ने अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के भाई ने पुलिस को प्रेमिका समेत तीन के खिलाफ तहरीर दी है।

अलीगढ़ के गभाना थाना क्षेत्र निवासी घायल ताहिर के भाई शानत खां ने बताया कि दो साल पहले उसका भाई घर से नाराज होकर मुरादाबाद आया था। यहां पर मजदूरी करता था। इसी दौरान उसका संपर्क एक महिला से हो गया। इसके बाद दोनों लिव-इन रिलेशन में रहने लगे। इस बीच महिला का किसी अन्य व्यक्ति से जुड़ाव हो गया। प्रेमी ताहिर इसका विरोध कर रहा था। आरोप है कि मंगलवार को प्रेमिका ने अपने भाई के साथ मिलकर ताहिर का गला रेत दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे उसके दोस्त ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी।

# रोडवेज बस से कुचलकर एक कांवड़िए की मौत

संवाददाता, खुटार (शाहजहांपुर)



- गुस्साए साथियों ने लगाया जाम, बस में तोड़फोड़

**अमृत विचार :** गोला रोड स्टेट हाईवे पर रोडवेज बस से कुचलकर एक कांवड़िए की मौत हो गई। भड़के साथी कांवड़ियों ने पुल पर कांवड़ रखकर जाम लगा दिया। पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अधिकारियों ने उन्हें समझाकर जाम खुलवाया।

क्षेत्र के गांव चमराबोझी निवासी सर्वेश कुमार फर्रुखाबाद घटियाघाट से जल लेकर गोला गोकर्णनाथ जा रहा था। बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे कठिना नदी टेढ़वा पुल के पास बरेली डिपो की बस ने उसे कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। कांवड़ियों ने शव रोड पर रखकर नारेबाजी शुरू कर दी। बंडा, पुवायां सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीएम पुवायां संजय पांडेय और सीओ पंकज पंत ने कार्रवाई का भरोसा देकर शांत किया। करीब साढ़े तीन घंटे बाद जाम खुला। बस को लखीमपुर खीरी के संसारपुर चौकी पर रोक लिया गया। वहां पहुंचकर कांवड़ियों ने बस में तोड़फोड़ कर शीशे तोड़ दिए।

# राज्यसभा की 12 सीटों के लिए 3 सितंबर को चुनाव

- 14 अगस्त को अधिसूचना और 21 तक होंगे नामांकन

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि नौ राज्यों की 12 रिक्त राज्यसभा सीट के लिए तीन सितंबर को चुनाव होगा। 14 अगस्त को अधिसूचना और 21 तक नामांकन होंगे। केंद्रीय मंत्रियों-पीयूष गोयल, सर्बानंद सोनोवाल और ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत मौजूदा सदस्यों के लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद राज्यसभा की दस सीट खाली हो गई थीं। तेलंगाना और ओडिशा में राज्यसभा की दो सीट के लिए उपचुनाव भी होगा।

# सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ टिप्पणी अपमानजनक

नई दिल्ली, एजेंसी

## अवमानना का मामला

- पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के एकल पीठ की टिप्पणी खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की एकल पीठ की ओर से अवमानना के एक मामले में शीर्ष अदालत के खिलाफ की गई टिप्पणियों को अनुचित और अपमानजनक बताते हुए बुधवार को हटा दिया और कहा कि उसे इस बयान से पीड़ा पहुंची है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लिया और कहा कि हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजबीर सेहरावत की टिप्पणियां घोर चिंता का विषय हैं। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि न तो सुप्रीम कोर्ट सर्वोच्च है और न ही हाईकोर्ट, वास्तव में भारत का संविधान सर्वोच्च है। हाईकोर्ट में कार्यवाही के संचालन के लिए ऐसी टिप्पणियां पूरी तरह अनावश्यक थीं। पीठ ने हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ कोई नोटिस जारी नहीं किया और न ही किसी तरह की कार्यवाही की।

## बड़ा खुलासा

सेना की फायरिंग रेंज को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव, अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को भेजा गया है प्रस्ताव

# अयोध्या में जनप्रतिनिधियों व बिल्डरों की जमीन बचाने का नया खेल

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** सेना के लिए अधिसूचित भूमि में जनप्रतिनिधियों व बिल्डरों के निर्माण और जमीन को बचाने में सेना की फायरिंग रेंज की जमीनों से जुड़ा एक और बड़ा खेल सामने आया है। अयोध्या में सेना के फायरिंग रेंज को ही स्थानांतरित करने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया। जिले के 14 गांवों की 13391 एकड़ जमीन सेना की फायरिंग रेंज के लिए अधिसूचित की गई थी। जमीन के इस खेल में गांव मांझा जमथरा की 2211 एकड़ भूमि को शासन ने अधिसूचित क्षेत्र से बाहर कर दिया है। फायरिंग रेंज को ही स्थानांतरित करने का प्रस्ताव 19 फरवरी 2024 को अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को भेजा गया। तर्क यह दिया गया कि सेना के लिए अधिसूचित जमीनों के बीच से अयोध्या-लखनऊ हाईवे जा रहा है। साथ ही इसका विस्तार अयोध्या-लखनऊ रेलवे लाइन के दूसरी ओर तक है। इसलिए सेना के फायरिंग रेंज को शहर की सटी आबादी से बाहर करते हुए नए क्षेत्र को फायरिंग रेंज के लिए को अधिसूचित किया जाए। तर्क यह भी है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में व्यापक पैमाने पर आवासीय और सामुदायिक सुविधाओं के लिए भूमि की जरूरत है। प्रशिक्षण और युद्धाभ्यास में दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। शहर के विस्तार के मद्देनजर फायरिंग रेंज के शहर के आबादी के बाहर स्थानांतरित करते हुए नए क्षेत्र को फायरिंग रेंज के लिए अधिसूचित किए जाने का प्रस्ताव है। प्रस्ताव में फायरिंग रेंज में शामिल कोटसराय, घाटमपुर, मुमताज नगर और बनबीरपुर गांव के इलाके शामिल हैं। इसका क्षेत्रफल लगभग 1608 एकड़ है लेकिन इन गांवों के साथ मांझा कला और तोगपुर गांवों को शामिल किया जाना मजबूरी होगी, क्योंकि यह उससे सटे हैं। कुल मिलाकर यह क्षेत्र 7408 एकड़ बनता है। क्षेत्रफल के हिसाब से देखा जाए तो 2211 एकड़ निकलने के बाद फायरिंग रेंज 11180 एकड़ बची है। इसमें 7408 एकड़ निकल जाने के बाद शेष केवल 3772 एकड़ बचेगी।




- 2211 एकड़ जमीन डी-नोटिफाइड 7.5 हजार एकड़ का है प्रस्ताव

### रसूखदारों के लिए फायरिंग रेंज को ही हटाने का प्रस्ताव

प्रस्ताव भेजे जाने के पीछे बड़ा खेल है। बनबीरपुर, मुमताज नगर, कोटसराय और घाटमपुर गांव में सेना की अधिसूचित जमीनों पर बडे.पैमाने पर जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों, बिल्डरों और भूमाफिया ने बड़ी-बड़ी जमीनें खरीद रखी है। इन पर स्कूल-कॉलेज और दूसरे प्रतिष्ठान खड़े कर लिए हैं। प्लाटिंग का खेल चल रहा है। जबकि फायरिंग रेंज में स्थायी निर्माण नहीं किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो प्राधिकरण भी फायरिंग रेंज की जमीन में उलझ गया है। घाटमपुर सहित कई अन्य स्थानों पर मिलीभगत करके मानचित्र स्वीकृत कर दिया गया। जबकि सेना के अधिसूचित क्षेत्र में होने से यह संभव नहीं है। अब रसूखदारों की भूमि और निर्माण बचाने के लिए सेना के फायरिंग रेंज को ही हटाने का प्रस्ताव कर दिया गया है।

> फायरिंग रेंज को स्थानांतरित करने संबंधी प्रस्ताव तत्कालीन उपाध्यक्ष की ओर से अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को भेजा गया है। अभी कोई जवाब नहीं आया है।
>
> -**अश्विनी कुमार पांडेय**, उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण।

# बच्चों ने जगाई देशभक्ति की अलख, गूंजे भारत मां के जयघोष

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह के लिए 22 टीमों ने दिखाई प्रतिभा, 14 श्रेष्ठ प्रस्तुतियों का चयन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



तिरंगा फहराकर देशभक्ति का संदेश देते बच्चे। ● अमृत विचार



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष के अवसर पर चल रहीं तैयारियों के बीच मुख्य आयोजन के लिए बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन किया गया। चयन में कई शिक्षण संस्थाओं की टीमों ने प्रतिभाग गया। देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों से गांधी भवन प्रेक्षागृह भारत माता के जयघोष से गूंजता रहा।

● आज शहीद उद्यान के ओपन थिएटर और कल गांधी भवन में होगा मुख्य कार्यक्रम

गांधी भवन प्रेक्षागृह में विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रम चयन के लिए भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जनपद के 22 विद्यालयों की टीमों ने जोशोखरोश के साथ प्रस्तुतियां दीं। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि काकोरी एक्शन के शताब्दी वर्ष के आरंभ पर मुख्य कार्यक्रम 8 अगस्त को शहीद उद्यान के ओपन थिएटर में शाम छह बजे और 9 अगस्त को गांधी भवन सभागार में सुबह नौ बजे से किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और देशभक्त से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। डॉ. स्वप्निल यादव के संचालन में चले कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय अटसलिया, डॉ. सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉकालेज, साईं शिक्षायतन चिनौर, द मसूरी इंटरनेशनल, डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली, दून इंटरनेशनल स्कूल, माधव राव सिंधिया पब्लिक स्कूल, होली एंजेल्स स्कूल चिनौर, लीड कांवेंट स्कूल, आर्य महिला इंटर कॉलेज, वीडीएफ कांवेंट, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, आकांक्षा हाई स्कूल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रस्तुतियों का चयन किया गया।

निर्णायक मंडल में ताल नृत्य संस्थान के निदेशक नितेश गुप्ता एवं जीएफ कॉलेज के डॉ. पुनीत मनीषी शामिल रहे। एडीएम प्रशासन संजय पांडेय के मार्गदर्शन में चले कार्यक्रम में बीएसए दिव्या गुप्ता, कवि डॉ. इंदु अजनबी, दपिंदर कौर, निकहत परवीन, राजन प्रजापति, अंशु सक्सेना, मधुमिता डे, डॉ. बृजेश, रीता रस्तोगी, प्राची आर्या, रंजीता समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### जिला कारागार में होगा कवि सम्मेलन का आयोजन

काकोरी शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 9 अगस्त को जिला कारागार में जेल अधीक्षक मिजाजी लाल की ओर से हास्य कवि विजय तन्हा के संयोजन में कवि सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। कारागार अधीक्षक मिजाजी लाल की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होने वाले इस कवि सम्मेलन में प्रख्यात मंच संचालक व ओजस्वी कवि नीरज पांडे रायबरेली, ओजस्वी कवि दुर्गेश पांडे दुर्लभ अयोध्या धाम, व्यंग्यकार श्रीकांत सिंह लखीमपुर खीरी, हास्य कवि आशीष आनंद बाराबंकी, गीतकार संध्या त्रिपाठी लखनऊ व कवि सम्मेलन संयोजक हास्य कवि विजय तन्हा काव्य पाठ करेंगे।

### प्रतिष्ठानों और घरों की छतों पर तिरंगा फहराकर लें राष्ट्रभक्ति का संकल्प

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** भाजपा जिला प्रभारी सुरेश राणा ने बुधवार को पार्टी कार्यालय पर वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर हर घर तिरंगा महाअभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। जिला प्रभारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर सभी को अपने प्रतिष्ठानों और घरों की छतों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रभक्ति का संकल्प लेना चाहिए।




जानकारी देते जिला प्रभारी सुरेश राणा। ● अमृत विचार

कहा कि कार्यकर्ता आमजन को जोड़ते हुए 9 से 15 अगस्त तक घरों पर तिरंगा फहराएं। अभियान को सफल बनाने के लिए 7 और 8 अगस्त को कार्यशाला और 8 और 9 अगस्त को मंडलीय बैठकें की जाएंगी। 11, 12 और 13 अगस्त को विधानसभावार कार्यकर्ता बाइक से तिरंगा यात्रा निकलेंगे। 12 से 14 अगस्त तक महापुरुषों की मूर्तियों, स्मारकों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेंगे। साथ ही 12 से 15 अगस्त तक घर -घर तिरंगा फहराने का कार्य सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रभारी ने कहा कि 14 अगस्त को जनपद मुख्यालय पर विभाजन दिवस की विभीषिका को प्रदर्शित करने वाली चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी और मृतकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। अरुण यादव के संचालन में चली बैठक में जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डीसीबी अध्यक्ष डीपीएस राठौर, पूर्व अध्यक्ष बाबूराम गुप्ता, महामंत्री रमाकांत मिश्रा, अरुण गुप्ता, अंशुल सिंह चौहान, अनिल गुप्ता, अनिल सिंह चौहान, सौरभ सोमवंशी, राजकमल बाजपेई, राम बरन सिंह समेत ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, मंडल अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## दिक्कत हो तो पुलिस से करें संपर्क



शिक्षिकाओं और बच्चों को कानून के बारे में जानकारी देतीं सिपाही।

● सिपाहियों ने सिंधौली के स्कूल में दी कानून की जानकारी

**सिंधौली, अमृत विचार :** मुड़िया मोड़ स्थित एमए पब्लिक स्कूल ग्लोरियस माइनॉरिटी पब्लिक स्कूल में थाना सिंधौली से कांस्टेबल कोमल सिंह, लक्ष्मी चौधरी, निशा सिंह ने महिला सुरक्षा के बारे में शिक्षिकाओं व बच्चों को जानकारी दी।

बुधवार को हुए कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि किसी महिला या युवती को समस्या हो तो वह 1090 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकती हैं। शिक्षिकाएं बच्चों को महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी देती रहें। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी, स्कूल संरक्षक इरम मंसूरी, मनीषा सिंह, शिल्पी सिंह, निदा अंसारी, वैशाली सक्सेना, सोनम मिश्रा, रोमाना खान, गुलफिजा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।









## सार-संक्षेप

### सीईओ से साउंड सिस्टम दुरुस्त कराने की मांग



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष गजेंद्र गंगवार ने बुधवार को छावनी परिषद की मुख्य अधिशासी अधिकारी जिज्ञासा राज से मुलाकात की। गंगवार ने सीईओ को पत्र देकर छावनी परिषद क्षेत्र में करिअप्पा रोड पर लगे साउंड सिस्टम (स्पीकर) को दुरुस्त कराने की मांग की। पूर्व उपाध्यक्ष ने बताया कि करिअप्पा मार्ग पर मॉर्निंग वॉकर्स के लिए संगीत संगीत की व्यवस्था की गई थी। काफी समय से खंभों पर लगे स्पीकर खराब हो गए हैं, जिन्हें दुरुस्त कराया जाना बहुत आवश्यक है। इस पर मुख्य अधिशासी अधिकारी ने वरिष्ठ लिपिक राजेश कुमार को साउंड सिस्टम को शीघ्र ठीक करने का निर्देश दिया। साथ ही छावनी परिषद के उपाध्यक्ष अवधेश कुमार दीक्षित के साथ चिन्हित स्थानों पर पौध रोपित करने को लेकर भी चर्चा हुई।

### किसानों को वितरित किए गए बीज



**सिंधौली, अमृत विचार :** कृषि रक्षा इकाई की ओर से बुधवार को ब्लॉक सिंधौली में किसानों को तिल्ली और बाजरा के उपजाऊ बीज किट वितरित की गई, जिसमें बाजारा चार और तिल्ली दो किलोग्राम है। इस दौरान प्रभारी कृषि इकाई अशोक कुमार ने किसानों को फसल बोने के तरीके बताए, साथ ही फसल बीमा के बारे में भी जानकारी दी। वहीं ब्लॉक प्रमुख पति मुनेश्वर सिंह ने कहा कि वह खुद समय-समय पर किसानों के हित में बीज वितरण कराते रहते हैं। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को सिंधौली ब्लॉक परिसर में कृषि मेले का आयोजन किया गया है, इसमें किसान आकर योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं, उनकी किसान सम्मान निधि की दिक्कतों का भी समाधान किया जाएगा। इस मौके पर ओमप्रकाश, ओमवीर आदि तमाम किसान मौजूद रहे।

### उर्दू परीक्षा के अंकपत्र प्राप्त करें

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल, फाजिल परीक्षा 2024 के अंक पत्र मदरसा नूरुल हुदा बिजलीपुरा को प्राप्त हो गए हैं। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने कहा है कि संबंधित छात्र-छात्राएं किसी भी कार्य दिवस में मदरसा आकर अपना अंक पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रदोष व्रत से होती है संतान की रक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** खिरनीबाग मैदान में चल रही शिव महापुराण कथा में डीएम उमेश प्रताप सिंह ने बुधवार को कथा का आनंद लेकर समापन पर आरती की। वाराणसी के आचार्य विवेकानंद शास्त्री ने पूजन कराया। पूजन उपरांत कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज ने भिक्षु अवतार कथा प्रसंग पर चर्चा कर प्रदोष व्रत की महत्ता बताई।



कथा के समापन पर आरती करते डीएम उमेश प्रताप सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

● खिरनीबाग मैदान में श्री शिव महापुराण कथा
● जिलाधिकारी ने कथा के समापन पर की आरती

उन्होंने बताया कि राजा सत्यरथ के द्वारा किए गए धर्म-अधर्म के कारण सूत्रीय क्षत्रियों ने राजा सत्यरथ का वध कर दिया। उनकी पत्नी बच्चे को जन्म देने के लिए जंगल की ओर चली गईं। वहीं पर जंगल में उन्होंने एक सुंदर अलौकिक बालक को जन्म दिया। शिव ने उनके पुत्र की रक्षा करने का प्रण लिया। सुति नाम की एक ब्राह्मणी को शिव ने बच्चे का पालन करने का आदेश दिया। बड़े होने पर बालक का विवाह गंधर्व राज की कन्या से कराकर विदर्भ देश का राजा बना दिया गया, क्योंकि राजा सत्यरथ शिव प्रदोष व्रत रखते थे इसलिए प्रत्येक पिता को चाहिए कि वह अपने संतान की रक्षार्थ शिव प्रदोष व्रत अवश्य ही करें।

### ये लोग रहे मौजूद

आयोजन में मुख्य आयोजक हरि शरण बाजपेई, पत्नी सीमा बाजपेई, विश्व मोहन बाजपेई, सीमा बाजपेई, संघ के बीसलपुर नगर प्रचारक सर्वेश, जिला प्रचारक गोविंद बिहारी, महानगर प्रचारक मंजीत, परमेश, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र, संदीप अवध, विपिन, केके शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, उमा सिंघल, रूपम बाजपेई, ज्योति शुक्ला, रंजना मिश्रा, प्रभा मिश्रा आदि ने आरती कर पुण्य कमाया।

## रोजगार मेला में 31 का चयन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से महानगर के मोहल्ला गढ़ी गाड़ीपुर स्थित कौशल विकास केंद्र में बुधवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की तीन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में अभ्यर्थियों की कॅरियर काउंसिलिंग भी की गई, जिसमें कंपनियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई। मेले में कुल 58 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें पुखराज हेल्थ केयर ने 14, एलआईसी ने आठ और बूशा लखनऊ ने नौ अभ्यर्थियों का चयन किया। मेला में कुल 31 युवाओं को साक्षात्कार के आधार पर रोजगार से जोड़ा गया। राकेश चंद्र, अशोक कुमार, विश्वमोहन, नवनीत शुक्ला, गोपाल सिंह आदि का सहयोग रहा।

## शिकायत निस्तारण में सिंधौली थाने को मिला प्रथम स्थान

**सिधौंली, अमृत विचार:** कोतवाली ने आईजीआरएस निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने आईजीआरएस संभाल रही महिला आरक्षी प्रियंका यादव को बधाई देते हुए 1100 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जनता की समस्या सुनकर शीघ्र समाधान करने के लिए प्रयासरत रहते हैं।

## सांसद ने बाढ़ पीड़ितों को मदद की मांग उठाई

● अरुण सागर ने सदन में बयां किया शाहजहांपुर के बाढ़ पीड़ितों का दर्द

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले के कई क्षेत्रों में जुलाई में आई बाढ़ से लोगों का काफी नुकसान हुआ। सांसद अरुण सागर ने पीड़ितों की आवाज को संसद में उठाया है। उन्होंने बाढ़ के दौरान उत्पन्न हुई स्थिति से सदन को अवगत कराते हुए मांग की है कि जिले में बाढ़ से हुए नुकसान का केंद्रीय टीम से आंकलन कराकर पीड़ितों को सहायता और आवास उपलब्ध कराए जाएं।



सांसद अरुण सागर।

सांसद ने शून्य काल के दौरान बोलने का मौका देने पर सभापति का आभार जताया। कहा कि शाहजहांपुर में गर्रा, खन्नौत, गंगा, बहगुल और शारदा नदी बहती है। जुलाई में बांधों से पानी छोड़े जाने से भीषण बाढ़ की स्थिति बन गई। प्रभावित लोग घरों से पलायन करने को मजबूर हो गए। फसलें नष्ट हो गईं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। कहा कि मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में प्रशासन के साथ मिलकर पार्टी के तमाम पदाधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर पीड़ितों की मदद की है।

## जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता कल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिला खेल कार्यालय की ओर से हथौड़ा स्टेडियम में नौ अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे जिला स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने बताया कि स्कूल-कालेज की इच्छुक टीमें संपर्क कर सकती हैं।

## कल सीएम को ज्ञापन भेजेंगे मान्यता प्राप्त स्कूल संचालक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अशासकीय बेसिक विद्यालय शिक्षक संघ की बैठक में स्कूल संचालन में आ रहीं समस्याओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर निर्णय लिया गया कि नौ अगस्त को विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। छत्रपति वीर शिवाजी नवोदय विद्यालय में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा मान्यता प्राप्त स्कूलों को पूर्व की भांति क्षतिपूर्ति अनुदान, अस्थाई मान्यता को स्थाई, परिषदीय स्कूलों की तर्ज पर मान्यता प्राप्त स्कूलों के बच्चों को भी सुविधाएं मुहैया कराने समेत कई मांगों को लेकर ज्ञापन भेजा जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शशांक शेखर, महासचिव राम सिंह पाल, अमित कुमार गुप्ता, राजीव सिंह, परमानंद, रामौतार, राम रजिस्टर, आदेश पाल सिंह आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

अच्छी खबर | जिला सहकारी बैंक प्रबंध समिति की बैठक में चेयरमैन डीपीएस राठौर ने दी जानकारी

# 10 लाख तक के ऋण स्वीकृत कर सकेंगी सहकारी बैंक शाखाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक प्रबंध समिति की बैठक बुधवार को मुख्यालय स्थित अटल सभागार में हुई। इस अवसर पर बैंक चेयरमैन डीपीएस राठौर ने कहा कि अब शाखा प्रबंधक 10 लाख तक व्यक्तिगत व व्यवसायिक ऋण स्वयं स्वीकृत कर सकेंगे। साथ ही 10 लाख से अधिक का ऋण ही मुख्यालय शाखा में स्वीकृत के लिए भेजेंगे।

बैंक चेयरमैन राठौर ने कहा कि जिला सहकारी बैंक में राष्ट्रीयकृत और प्राइवेट बैंक की तर्ज पर उत्कृष्ट व अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार, शिक्षा, होम समेत पर्सनल एवं अन्य व्यवसायिक ऋण, मुर्गी, मत्स्य, पशुपालन, आटा चक्की, राइस-फ्लोर मिल आदि के लिए सहकारिता विभाग और बैंक ऋण देने के लिए तत्पर है। हमारा बोर्ड किसान, मजदूर, छात्र और व्यापारी वर्ग को बैंक के साथ व्यापार बढ़ाने को आमंत्रित करता है। इससे पूर्व मुख्यालय के अनुरक्षण, व्यवसायिक ऋण सीमा बढ़ाने, सहयोगी के प्रोन्नत वेतनमान, मृतक आश्रित की नियुक्ति तथा संचालक गणों को मानदेय राशि दो हजार रुपये प्रति बैठक करने के प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किए गए।




अटल सभागार में जिला सहकारी बैंक प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित करते चेयरमैन डीपीएस राठौर। ● अमृत विचार

● ध्वनिमत से पारित किए गए कई प्रस्ताव, हरियाली तीज पर सम्मानित की गईं महिला डायरेक्टर्स

प्रबंध समिति की बैठक में हरियाली तीज के अवसर पर बैंक प्रबंधन की ओर से महिला डायरेक्टर्स को पुष्पगुच्छ व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।



हरियाली तीज पर महिला डायरेक्टर्स को सम्मानित करते बैंक चेयरमैन और अधिकारी।

### ये लोग रहे मौजूद

बैठक में सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ द्विवेदी, उपाध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति, संचालक नीतू भूपेंद्र सिंह, रोशनी देवी, दिव्यांश सिंह, रमाकांत दीक्षित, कृष्ण कुमार वर्मा, अरुण कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक राजेश कुशवाहा, शकील अहमद, ऑडिटर अनिल कुमार गोस्वामी, गयानंद झा, पूर्णिमा देवी, शहरबानो, सिंपल यादव, कुलदीप सिंह, ओमवीर सिंह यादव, शैलेंद्र कुमार, प्रवीन पाठक आदि मौजूद रहे।










शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# जिसने सुना वही दौड़ा आया दुर्घटना स्थल की ओर, रह-रहकर भड़क रहा था गुस्सा

## दो घंटे पहले ही गांव के सामने से होकर गुजरा था कांवड़ियों का जत्था

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** फर्रुखाबाद स्थित घटियाघाट से गंगा जल लेकर चमराबोझी का सर्वेश कुमार साथी कांवड़ियों के साथ गांव के रास्ते से होकर निकला था। बुधवार सुबह करीब आठ बजे कांवड़ियों का जत्था गांव के करीब पहुंचा तो ग्रामीणों ने स्वागत कर उन्हें खाने-पीने की वस्तुएं थीं। सर्वेश के परिवार वालों ने भी उसकी हौसला आफजाई करते सफल यात्रा की दुआ की लेकिन दो घंटे बाद एक फोन ने घर में कोहराम मचा दिया। सूचना आई कि गांव से 10 किलोमीटर दूर गोला रोड स्टेट हाईवे पर कठिना नदी टेढ़वा पुल के पास बरेली डिपो की रोडवेज बस ने सर्वेश को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी कुचलकर मौत हो गई। जिसने सुना वहीं घटना स्थल की ओर दौड़ चला। घटना के बाद जाम लगाए लोगों को मनाने में अधिकारियों के पसीने छूट गए। करीब साढ़े तीन घंटे बाद जाम खुला।

क्षेत्र के गांव चमराबोझी के कांवड़िया सोमवार को पांचाल घाट फर्रुखाबाद को रवाना हुए थे, जहां से वह मंगलवार को जल भरकर ट्रैक्टर-ट्रॉली व पैदल छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर में जल चढ़ाने के लिए निकले थे। बुधवार को वह खुटार होते हुए गोला रोड से गुजर रहे थे। सुबह करीब 10:30 बजे वह जैसे ही कठिना नदी के टेढ़वा पुल के समीप पहुंचे, तभी की बरेली डिपो की रोडवेज बस जोकि पूरनपुर से होते हुए लखीमपुर सवारियां लेकर जा रही थी। उसने कांवड़िया को पीछे से टक्कर मारकर कुचल दिया। जिससे कांवड़िया सर्वेश कुमार(28) की मौत हो गई। घटना के बाद चालक बस को भगा ले गया। इधर, साथी की मौत पर अन्य कांवड़ियों ने 11 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली को बीच पुल पर आड़ा-तिरछा लगाकर स्टेट हाईवे पर आवागमन बंद कर दिया। जिससे दोनों तरफ काफी लंबा जाम लग गया। गुस्साए कांवड़ियों ने शव को बीच रोड पर रखकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कहने लगे कि जब तक बस का चालक मौके पर नहीं आएगा, तब तक हम नहीं हटेंगे और न ही शव उठाने देंगे। हालात बेकाबू होते देख थानाध्यक्ष संजय कुमार ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी। जिस पर उच्चाधिकारियों ने बंडा पुलिस के साथ ही पुवायां से और पुलिस लाइंस से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर भेज दिया। उधर, मैलानी खीरी के थानाध्यक्ष राकेश सिंह भी फोर्स के साथ पहुंच गए। कांवड़ियां उनसे कहने लगे कि जब तक डीएम मौके पर नहीं आएंगे तब तक वह लोग जाम नहीं खोलेंगे।

- **लोगों को मनाने में अधिकारियों के छूटे पसीने, साढ़े तीन घंटे बाद खुला जाम**
- **ग्रामीणों ने किया था स्वागत सर्वेश के परिवार ने भी की थी सफल यात्रा की दुआ**

जिस पर एसडीएम पुवायां संजय पांडेय, सीओ पुवायां पंकज पंत, नायब तहसीलदार अमित कुमार, खुटार बीडीओ वीरेंद्र मिश्रा व अन्य राजस्व कर्मी भी मौके पर पहुंचे गए। एसडीएम ने कांवड़ियों से वार्ता शुरू की, जिस पर उनका कहना था कि जब तक चालक मौके पर नहीं लाया जाएगा, तब तक वह लोग जाम नहीं खोलेंगे। उन्होंने मांग कि रिपोर्ट दर्ज की जाए और मृतक की पत्नी व बच्चों की पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था की जाए। जिस पर एसडीएम ने आश्वासन दिया कि वह बच्चों की पढ़ाई व उनकी परवरिश के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा समिति द्वारा सारी व्यवस्थाएं कराई जाएंगी और परिवार को शासन स्तर से सहायता राशि भी दिलाई जाएगी। जिस पर कांवड़ियां एसडीएम की बात पर संतुष्ट हो गए।


कठिना नदी के टेढ़वा पुल पर रखी कांवड़। ● अमृत विचार


रोते-बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाती महिलाएं। ● अमृत विचार

### उठ जा मेरे लाल देख अम्मा तुम्हें बुला रही है

मां विद्यावती(65) जैसे ही बेटे के शव के पास पहुंची तो रोती हुई बोली कि उठ जा मेरे लाल तुझे अम्मा बुला रही है, इतना कह कर वह बेहोश हो गई। जिस पर पानी डालकर उन्हें फिर होश में लाया गया। होश में आने पर वह बोली कि मेरा तो एक ही लाल बचा था, एक बेटे की 10 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। सर्वेश ही घर का भरण पोषण करने वाला था। मृतक सर्वेश की तीनों बेटियां अंजलि(7), काव्या(5), नंदिनी(3), पिता की मौत पर बिलख-बिलख कर रो रही थी। पत्नी अनीता बदहवास हो चुकी थी।

### 50 कांवड़ियों का जत्था हुआ था रवाना

साथी कांवड़िया रमेश, रविंद्र, ध्रुव कुमार, महेश कुमार, बिंदु, भगवान शरण, संजीव कुमार, मुकेश, शंकर लाल, व कृष्ण कुमार ने बताया कि हम 50 कांवड़िया चमराबोझी गांव से सोमवार को फर्रुखाबाद के पांचाल घाट से जल भरने को रवाना हुए थे, जहां से वह जल लेकर आ रहे थे कि साथी की बस से कुचलकर मौत हो गई।


कांवड़ियों द्वारा पुल पर ट्रैक्टर खड़ा करके लगाया गया जाम। ● अमृत विचार

### खेतों से होते हुए नदी पार कर निकले लोग

कांवड़िया की मौत पर खुटार गोला स्टेट हाईवे लगभग 3 :30 घंटे तक जाम से जूझता रहा। जिससे गोला से आने वाले वाहनों की लगभग चार किलोमीटर तक लंबी कतारें लग गई। जाम लगा होने पर राहगीर कठिना नदी की बीच धार से पैदल व बाइकों को पानी व दलदल में खींचकर खेतों से गुजर कर निकलते रहे। जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। जबकि मैलानी थानाध्यक्ष राकेश सिंह गोला से आने वाले छोटे वाहनों को डायवर्ट कर सुआ बोझ से मैलानी को भेजते रहे।


हाईवे जाम कर बैठे कांवड़िया और ग्रामीण। ● अमृत विचार

### ये लोग रहे मौजूद

थानाध्यक्ष संजय कुमार, बंडा थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य, पुवायां कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार राय, एसडीएम संजय पांडे, सीओ पंकज पंत, नायब तहसीलदार अमित कुमार, बीडीओ वीरेंद्र मिश्र व पुलिस लाइन से आई एक टुकड़ी अतिरिक्त पुलिस बल मौजूद रहा।

### हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण

सर्वेश की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची तो पूरा गांव घटनास्थल पर पहुंच गया और पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन में शामिल हो गए।

### संसारपुर चौकी पर खड़ी रोडवेज बस में की गई तोड़फोड़




गांव के बेटे की मौत पर पहुंचे ग्रामीणों का गुस्सा कम नहीं हो रहा था, जैसे लोगों को पता लगा कि बस लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी के संसारपुर पुलिस चौकी पर खड़ी है, तभी कुछ लोग संसारपुर चौकी पहुंच गए और वहां खड़ी बस में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इससे पुलिस सकते में आ गई। संसारपुर चौकी प्रभारी ने लोगों को बमुश्किल शांत कर रोडवेज बस को वहां से हटाकर गोला कोतवाली भेज दिया।


बेसुध मृतक की मां विद्यावती।


परिजनों से बात करते एसडीएम संजय पांडेय और सीओ पंकज पंत। ● अमृत विचार

> पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।
> – संजय कुमार, थानाध्यक्ष, खुटार


हाईवे पर जाम के कारण खेतों से होकर नदी पार करके निकलते राहगीर। ● अमृत विचार


कठिना पुल से जाम खुलवाती पुलिस। ● अमृत विचार


सड़क किनारे बैठी मृतक की बेटियां।

## एक नजर

### बी फार्मा के छात्र का था शव, हत्या की रिपोर्ट



**तिलहर।** बरेली से बी फार्मा का पेपर देकर ट्रेन से वापस घर आ रहे छात्र का रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत हालत में शव बरामद होने के मामले में एसपी के निर्देश पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। 28 जून की देर रात रुजवारी रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर गांव समधाना निवासी बी फार्मा के छात्र आकाश गंगवार का शव क्षत विक्षत हालत में बरामद हुआ था। समीप ही बीयर और शराब की बोतल व समोसे पड़े मिलने पर परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई थी। परिजनों के अनुसार आकाश पेपर देने के बाद शाम को बरेली रोजा पैसेंजर ट्रेन से वापस तिलहर आ रहा था। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में एक लड़की के प्रेम प्रसंग के चलते आकाश की हत्या किए जाने की समधाना निवासी हरिश्चंद्र मौर्य समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### फायरिंग करते जिला बदर अपराधी का वीडियो वायरल

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली क्षेत्र में मोहल्ला अजीजगंज में स्थित रामलीला मैदान के पास का एक वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक अपने हाथ में तमंचा लेकर अपने पांच साथियों के साथ गाली-गलौज कर रहा है। वह अपने आप को जिला बदर अपराधी सुवेक वर्मा बता रहा है। आरोपी ने तमंचे से एक फायर भी किया और लोगों को धमकाते हुए चला गया। क्षेत्र के लोगों ने पुलिस चौकी अजीजगंज को भी घटना की सूचना दी थी। इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी। पुलिस वीडियो वायरल पुराने होने का दावा कर रही है। जबकि वीडियो वायरल चार दिन पुराना बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया वीडियो काफी पुराना है, इस आशय से कोई प्रार्थना पत्र दिया गया हो, उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### रोडवेज बस से टकराकर महिला की मौत

**शाहजहांपुर।** बरेली मोड़ पर सड़क पार करते समय रोडवेज बस से टकराकर एक महिला घायल हो गयी। घायल महिला को मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। चालक बस छोड़कर भाग गया। चौक कोतवाली के मोहल्ला कांशीराम कॉलोनी निवासी कैलाश की पत्नी गीता(45) बुधवार की शाम आठ बजे टैंपो से बरेली मोड़ पर उतरी। वह सड़क पार कर रही थी। तिलहर से आ रही रोडवेज बस ने महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गयी। घायल महिला को मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पिकअप ने ट्रॉली को मारी टक्कर, तीन कांवड़िया घायल

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

- **पिकअप लेकर भाग रहे चालक को पकड़कर पीटा, चाबी छीनी**
- **गंगा जल लेकर गोला जा रहे थे जलालाबाद के कांवड़िया**

**अमृत विचार :** बुधवार की सुबह गोरा मोड़ पर कांवड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे तीन कांवड़ियां घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक पिकअप लेकर भागा तो चालक को पकड़ लिया। कांवड़ियों ने उसकी पिटाई कर दी और पिकअप की चाबी छीन ली। इस दौरान कांवड़ियों ने हंगामा किया। पुलिस ने समझाकर शांत कराया।

जलालाबाद क्षेत्र से दो दर्जन से अधिक कांवड़िया बुधवार की सुबह चार बजे फर्रुखाबाद में स्थित घटिया घाट पर गंगा जल लेने ट्रैक्टर-ट्रॉली से पहुंचे थे। कांवड़ियों ने गंगा जल लिया और सुबह छह बजे गोला के लिए चल दिए। अल्हागंज-जलालाबाद रोड पर गोरा मोड़ मूंगफली लेकर जलालाबाद मंडी जा रही पिकअप ने ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पर सवार कांवड़ियां शनि, अमन, पोहप राम घायल हो गए। अमन सिंह का मोबाइल टूट गया। चालक पिकअप लेकर भागा तो कांवड़ियों ने लोगों की मदद से चालक को पकड़ लिया। लोगों ने चालक की पिटाई कर दी और पिकअप की चाबी छीन ली। चालक चरण सिंह मौका पाकर भाग गया। पिकअप चालक बदायूं जिले का बताया जाता है।

कांवड़ियों ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग को लेकर हंगामा कर दिया। सूचना पर जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक तथा अल्हागंज प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक ने कांवड़ियों को रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन देकर शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना स्थल का है। तीनों कांवड़ियों के मामूली चोट लगी थी। अल्हागंज पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है और अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


कांवड़ियों को शांत कराने का प्रयास करती पुलिस। ● अमृत विचार

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत एक की मौत, चार लोग घायल

संवाददाता, बंडा

- **बंडा पूरनपुर मार्ग पर गांव बिराहिमपुर के पास हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बंडा के सरकारी अस्पताल में लाया गया, जहां एक युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

गांव लुहिची निवासी रामपाल का पुत्र अनिल(30) गांव के ही साथी सोनू(28) के साथ बाइक से पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड सही कराने के लिए आ रहा था। जबकि थाना पुवाया के गांव मीरपुर निवासी रामनरेश(50) व साथी जगन्नाथ(48) के साथ पीलीभीत के गांव सिमरिया में अपनी पुत्री के यहां जा रहे थे। बंडा पूरनपुर मार्ग पर गांव बिराहिमपुर के पास उनकी बाइकें आमने-सामने टकरा गई, जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने अनिल को मृत घोषित कर दिया।

वहीं सोनू, जगन्नाथ व रामनरेश की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया है। पुलिस ने अनिल का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर लिया। अनिल की मौत पर मां नन्ही देवी, पत्नी अरुणा देवी, भाई सूरज व विपिन का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अनिल अपने भाइयों में सबसे बड़ा था।

# रेस लगाते आपस में भिड़े दो टेंपो चार लोग घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर गांव बिलहरी के पास बुधवार को शाहजहांपुर से सवारियां भरकर आ रहे दो टेंपो आपस में रेस लगाने लगे। एक टेंपो दूसरे से टकरा कर अयंत्रित होकर पलट गया, जिसमें चार लोग घायल हो गए।

घायल राजाराम पुत्र रामदास निवासी ग्राम कपूर नगला ने बताया कि बांदा से अपनी पुत्री संगीता देवी को लेकर शाहजहांपुर से टेंपो में सवार होकर गांव जा रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे गांव बिलहरी के पास टेंपो चालक दूसरे टेंपो चालक से रेस करने लगा और आपस में टकरा कर टेंपो रोड पर पलट गया। जिसमें रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज की नर्सिंग की छात्रा गांव कुआं डांडा निवासी करिश्मा पुत्री रामनिवास, झलक शर्मा पुत्री संजीव शर्मा मोहल्ला बारह पत्थर सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने एंबुलेंस की सहायता से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

# तीसरे दिन गन्ने के खेत में मिला लापता ग्रामीण का शव

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुर

- **मजदूरी करने घर से निकला था सुनील, दवा डालते समय भाई ने देखा शव**

**अमृत विचार:** मजदूरी करने घर से निकले ग्रामीण का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गन्ने के खेत में तीसरे दिन सड़ा-गला मिला। गन्ने के खेत में दवा छिड़कने गए भाई ने ही भाई का शव देखा।

सेहरामऊ दक्षिणी के गांव नवादा सहदादपुर निवासी सुनील कुमार(45) ने सोमवार की सुबह नौ बजे परिवार वालों को बताया कि वह मजदूरी करने जा रहा है। शाम तक वापस घर नहीं लौटा तो परिवार वालों को चिंता हुई। रिश्तेदारी आदि में उसे तलाशा, लेकिन उसका पता नहीं चला। परिजनों ने सोचा कि कहीं गया होगा और वापस आ जाएगा। बुधवार को दिन में चार बजे राजेश अपने खेत पर गन्ने की फसल में दवा छिड़कने गया तो बदबू आई। उसने गन्ने के अंदर जाकर देखा तो सुनील का शव पड़ा था। भाई का शव देखकर उसके होश उड़ गए। उसने परिजनों को सूचना दी। सूचना पर एसओ रोहित सिंह पहुंचे और शव को गन्ने के खेत से बाहर निकलवाया। मृतक सुनील के भाई राजेश ने बताया कि सोमवार की सुबह उसका भाई घर से निकला था। जो घर वापस लौटकर नहीं आया। शव सड़ गया था। पुलिस को मौके पर कुछ नहीं मिला। वह शराब का भी आदी था। पुलिस लाइन से फोरेंसिक टीम पहुंची और साक्ष्य के लिए नमूने लिए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ ने बताया कि तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।


मृतक सुनील।

मुफ्त मुफ्त मुफ्त
मोतियाबिन्द ऑपरेशन
Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE 9720200777
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की निःशुल्क सुविधा
जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है उनका मोतियाबिन्द का ऑपरेशन राशन कार्ड व आधार कार्ड साथ लाने पर निःशुल्क किया जायेगा
नेत्र रोग विभाग
डॉ. विशी श्रीवास्तव
M.B.B.S., DNB (New Delhi), MNAMS, FLVPEI (Hyderabad)
कॉर्निया, कैटरेक्ट एवं लेसिक सर्जन
सम्पूर्ण नेत्र रोग से सम्बन्धित परामर्श व इलाज
बिना टांका, बिना चीरे के मशीन द्वारा मोतियाबिन्द का ऑपरेशन
कम शुल्क में लेंस अपग्रेड की सुविधा
पुतली का समस्त उपचार
24×7 आँखों की इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gynaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24×7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।
BRACHYTHERAPY
24 Channel
PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन
FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# समस्याओं को लेकर गरजी असंगठित मजदूर यूनियन

## कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा 14 सूत्रीय ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मनरेगा मजदूरी 600 रुपये और वर्ष में 300 दिन काम दिए जाने की मांग

**अमृत विचार :** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं का निस्तारण कराए जाने की मांग को लेकर असंगठित मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा। इस दौरान बारिश में कार्यकर्ता मांगें पूरी कराने को लेकर सरकार पर गरजते रहे।

असंगठित मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता बुधवार सुबह 10 बजे गोविंदगंज फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग स्थल पर एकत्रित हुए। जहां संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की वेबसाइट को छह माह पहले भ्रष्टाचार के कारण बंद कर दिया गया, इससे निर्माण श्रमिक पंजीयन व नवीनीकरण एवं योजनाओं से वंचित हो रहा है। आरोप लगाया कि सरकार ने पक्षपात करते हुए निर्माण पंजीकृत श्रमिकों की पुरानी पेंशन योजना बंद कर नई पेंशन योजना कर रही है, जिसमें पात्र श्रमिकों के बुढापे का सहारा जाता दिख रहा है। प्रदेश संरक्षक सुबोध रावत ने कहा कि बढ़ती महंगाई को देखते हुए मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 600 रुपये और एक वर्ष में 300 दिन काम दिया जाए, इसके लिए केंद्र सरकार को बजट बढ़ाना चाहिए। उन्होंने अपात्र कार्ड निरस्त किए जाने और सभी श्रम विरोधी कानून को वापस लिए जाने की मांग की। संचालन प्रदेश सचिव आफताब अहमद ने किया।

### बारिश में भी नहीं डिगे कदम

सभा के बाद सभी कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए गोविंदगंज मार्केट से सदर चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान हो रही बारिश भी कार्यकर्ताओं के कदम नहीं रोक पाई। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को मजदूरों की समस्याओं से संबंधित 14 सूत्रीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

### ये लोग रहे मौजूद

इस दौरान जिला प्रभारी राधेश्याम गुप्ता, महानगर अध्यक्ष जहीर अली, संयुक्त मंत्री शांति स्वरूप शर्मा, महिला कमेटी की जिलाध्यक्ष मेहनाज खानम, मोहम्मद शकील, रामू, इबने हसन, राजन मिश्रा, बली हसन, प्रदीप कुमार, दिनेश चंद्र, धर्मेंद्र कुमार, चेतराम, मोनू कुमार, हीरालाल, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।



गोविंदगंज से जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट की ओर जाते असंगठित मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपते प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद व अन्य।

# अधिवक्ताओं ने मीट की दुकानें बंद कराने को सौंपा ज्ञापन

**जलालाबाद, अमृत विचार:** नगर में चल रही अवैध मीट की दुकानें बंद कराने को लेकर बुधवार को अधिवक्ताओं ने एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को ज्ञापन दिया। नगर के मोहल्ला वर्क जई में अवैध रूप से घरों में मीट की दुकानें चलाई जाती हैं। जिससे सावन के महीने में लोगों की जन भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। इसी गली से अधिकांश हिंदू समाज के लोग मंदिरों को जाते हैं। कई बार शिकायत की गई, लेकिन उसके बावजूद दबंग खुलेआम दुकान खोलते हैं। सावन माह में भी दुकान बंद नहीं होना, मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना है।अधिवक्ता मोहित सक्सेना ने साथियों के साथ इसी समस्या को लेकर ज्ञापन दिया।

# मांगों को लेकर मूक बधिरों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मांगों को लेकर एसोसिएशन ऑफ दी डैफ वेलफेयर की ओर से बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर संगठन ने अपनी मांगें रखीं।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि मूक-बधिरों के ऑडियोग्राफ बनवाने के लिए कई बार निवेदन किया है, लेकिन अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। इस मामले में प्रशासन उदासीनता बरत रहा है। जिससे मूक-बधिरों को आर्थिक हानि हो रही है। मांगों को लेकर जिलाधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी और सीएमओ को ज्ञापन दिए गए, लेकिन केवल शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन मिला है और आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। एसोसिएशन की ओर से कहा गया है कि जिले में ऑडियोग्राम टेस्ट की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण मूक-बधिरों को लखनऊ की यात्रा करनी पड़ती है और बार-बार शाहजहांपुर अस्पताल के चक्कर लगाकर धन की हानि होती है। यह प्रक्रिया अत्यंत कठिन और समय-साध्य है। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर में ऑडियोग्राम टेस्ट की सुविधा दी जाए, मूक-बधिरों के लिए एक दिन का ईएनटी कैंप आयोजित किया जाए। एसआरएमएस बरेली अस्पताल को मूक-बधिरों की जांच कराने की जिम्मेदारी दी जाए ताकि सभी मूक-बधिरों को तसल्ली हो सके। संगठन के उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने कहा कि इससे मूक बधिरों को लाभ हो सकेगा।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## 9 को कलेक्ट्रेट सभागार में होगी ई-लॉटरी प्रक्रिया

**शाहजहांपुर।** डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेज्ड्यू (सीआरएम) योजना के तहत कृषि यंत्रों के लक्ष्य अनुसार चयन के लिए ई-लॉटरी प्रक्रिया 9 अगस्त को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित सभागार पर जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। बताया कि ई-लाटरी व्यवस्था में लक्ष्य के अनुरूप चयनित किए जाने वाले लाभार्थियों की संख्या के अतिरिक्त लक्ष्य का 50 प्रतिशत तक क्रमवार प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी। चयनित किसानों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से चयन व बिल अपलोड की अंतिम तिथि की सूचना दी जाएगी। इसी प्रकार प्रतीक्षा सूची की भी जानकारी दी जाएगी। चयनित न होने वाले सभी कृषकों को जमानत धनराशि को कृषक के विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत बैंक खाते में वापस किया जाएगा। जनपद के लिए अन्य सभी कृषि यंत्रों की बुकिंग लक्ष्यानुसार पाए जाने के दृष्टिगत निदेशालय स्तर से कन्फर्म की जा चुकी है इसलिए उनके लिए ई-लाटरी की आवश्यकता नहीं है।

## मुख्यमंत्री से की सुविधा शुल्क लेने की शिकायत

**खुदागंज।** गांव बाजपुर कुमरखा निवासी रजनीश ने मुख्यमंत्री को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि उससे कई माह पूर्व तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी ने आवास बनाने के लिए सुविधा शुल्क के नाम पर 20, 000 रुपये लिए थे लेकिन आवास बना और न ही रुपये वापस मिले। पीड़ित ने कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। पीड़ित ने मामले में उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# मानसिक मंदित महिला के शारीरिक शोषण का आरोप


तहसीलदार पैगाम हैदर को ज्ञापन देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलालाबाद

- अधिवक्ताओं ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** मानसिक मंदित महिला का शारीरिक शोषण कराने वाली महिला को तहसील परिसर से निकाले जाने को लेकर अधिवक्ताओं ने बुधवार को तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

तहसील परिसर में ककरहा निवासी एक मानसिक मंदित महिला अपनी एक साल की बच्ची के साथ घूमती रहती है। आरोप है कि कई दिनों से इस महिला का शारीरिक शोषण किया जा रहा है। बच्ची को भी गायब कर दिया गया था। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार पैगाम हैदर से शिकायत की, तब तहसीलदार ने कोतवाल हरपाल सिंह बालियान को बुलवाया। खोजबीन करने पर बच्ची बरामद हो गई। अधिवक्ताओं ने तहसील के पास रहने वाली एक महिला पर पीड़िता के शोषण करवाने का आरोप लगाया। कहा कि आरोपी परिसर में अवैध रूप से रहती है। अधिवक्ताओं ने आरोपी को तहसील परिसर से निकालने की मांग की। जिस पर थाना प्रभारी ने संदिग्ध महिला को बुलाकर दो दिन के अंदर परिसर खाली करने को कहा। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम बाबू सिंह, सचिव सुरेंद्र रघुवंशी, वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद सिंह शर्मा, भूपेंद्र सिंह राणा, अमित परमार, रजत शर्मा आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

## पालिका अध्यक्ष ने की सफाई अभियान की शुरुआत

**जलालाबाद।** नगर पालिका परिषद की ओर से एसबीए एनवायरोटेक कंपनी डोर टू डोर कूड़े का कलेक्शन नगर क्षेत्र में करेगी। पीडीडब्ल्यू गेस्ट हाउस कार्यालय से बुधवार को अभियान की शुरुआत पालिका ईओ एचएन उपाध्याय, चेयरमैन शकील अहमद ने की। नगर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए नए रिक्शे/ ढिलिया और टैंपो आदि भी खरीदे गए हैं। इस दौरान सभासद नीरज भारद्वाज, सोनू भारद्वाज, करतार सिंह, संतोष शर्मा, रजत शर्मा, मनोज दिवाकर सहित कार्यालय के लिपिक नितिन शर्मा, सत्यम तिवारी, सुधीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट में टूटा पैर, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**खुटार।** क्षेत्र के गांव बढ़ारा उदयपुर निवासी जरनैल सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके खेत की मेड़ को लेकर गांव के ही बलविंदर सिंह से विवाद चल रहा है। मंगलवार को बलविंदर ने उसके खेत की मेड़ पर यूकेलिप्टिस के पेड़ लगा दिए थे। जानकारी होने पर उसने इसका विरोध किया। जिस पर बलविंदर सिंह व उसके पुत्र अमृतपाल और एक अज्ञात व्यक्ति गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की। जिससे उसका पैर टूट गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वर्ष 2003 में पकड़ में आया था मामला, धीरे-धीरे चली जांच, 2024 में हुई कार्रवाई

# बिजली विभाग के बाबू ने किया घपला, कार्रवाई में लग गए 21 साल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बिल संशोधन में गड़बड़ी कर पहुंचाई थी राजस्व की क्षति
- कई पीड़ितों की शिकायत ही अधिकारियों तक नहीं पहुंची

**अमृत विचार:** बिल संशोधन में घपलेबाजी कर बिजली विभाग को राजस्व की क्षति पहुंचाने के आरोपी पर कार्रवाई करने में 21 साल लग गए। जबकि इस दौरान उसने न जाने कितने ऐसे लोगों को चपत लगाई जिनकी शिकायतें अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाई। हालांकि अब कार्रवाई के बाद विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति है।

मौजूदा समय में पुवायां उपखंड कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत संजीव कुमार ने बिल संशोधन में घपलेबाजी शहर के बहादुरगंज स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय में तैनाती के दौरान की थी। वर्ष 2003 में ऑडिट के दौरान घपलेबाजी सामने आई तो प्रथम दृष्टतया लिपिक संजीव को दोषी पाया गया लेकिन वह अपनी सफाई में खुद को बेकसूर बताता रहा। चूंकि बिजली विभाग को 24.33 लाख रुपये की चपत लगी थी, इसलिए मामले को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को जांच के लिए सौंप दिया गया। जिसमें धीरे-धीरे चली जांच में निगम को घपलेबाजी की पुष्टि करने में 21 साल लग गए। जिसमें संजीव को दोषी पाया गया। अधिशासी अभियंता जेपी वर्मा ने जांच रिपोर्ट का खुलासा करते हुए बताया कि लिपिक को पदानवत कर मूल वेतन पर कर दिया गया है और घपलेबाजी की रकम को लिपिक के वेतन से वसूल किया जाएगा। इसी तरह भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे जलालाबाद डिवीजन के चौहनपुर बिजली उपकेंद्र पर कार्यरत रहे टीजी-टू रामऔतार को भी मूल वेतन पर भेज दिया गया है। इन पर निजी नलकूप कनेक्शन कराने के लिए रुपये लेकर इस्टीमेट तैयार कर लाइन बनाने का आरोप लगा था। मध्यांचल स्तर पर जांच में खुलासा होने पर उन पर यह कार्रवाई की गई है। वहीं श्यामतगंज गौटिया उपकेंद्र पर तैनात रहे दो जेई से जवाब-तलब किया गया है।

# हत्या में तीन लोगों को आजीवन कारावास

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में कोर्ट ने दोष सिद्ध होने पर तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुना 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

क्षेत्र के गांव जोधपुर नवदिया निवासी इरमान सिंह ने गांव के ही ऋषिपाल उर्फ गब्बर, जयपाल, वीरपाल के खिलाफ वर्ष 2013 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि तीनों आरोपियों ने उसके भाई कप्तान सिंह की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। तिलहर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया था। सुनवाई के दौरान आरोपियों को दंड दिलवाने के लिए पुलिस की मॉनीटरिंग सेल, लहर पुलिस और अभियोजन विभाग द्वारा समन्वय स्थापित कर न्यायालय एडीजे-9 में प्रभावी पैरवी की। कोर्ट में गवाहों के बयान सुनने और शासकीय अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने दोष सिद्ध होने पर तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से और 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### गैंगस्टर में एक अभियुक्त को आठ वर्ष का कारावास

**शाहजहांपुर।** थाना परौर के गांव दहेलिया निवासी रामवीर के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। जिसमें आरोप पत्र न्यायालय भेजा गया था। जहां पुलिस की मॉनीटरिंग सेल व थाना परौर पुलिस तथा अभियोजन विभाग द्वारा समन्वय स्थापित करके समयबद्ध रूप से न्यायालय एडीजे-5 में साक्षियों को साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की। जिस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध होने पर रामवीर को आठ वर्ष की कैद और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# शाम तक रुक-रुककर बरसे मेघ, प्रभावित हुआ कामकाज

## जगह-जगह हुआ जलभराव, आज-कल भी बारिश की संभावना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बारिश में स्कूटी पर भीगते हुए जाती महिला। ● अमृत विचार



बारिश से महानगर में जलभराव के बीच निकलते वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में बुधवार को सुबह से लेकर शाम तक रुक रुक कर बारिश हुई। इस दौरान कामकाज प्रभावित रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। महानगर में जगह-जगह जलभराव हो गया। सड़कें और ज्यादा धंस गई। ऐसे में लोग गिरकर चोटिल होते भी देखे गए।

कई दिनों बाद बुधवार को बारिश हुई। कभी धीमी तो कभी तेज बारिश से तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। वहीं, खरीफ की फसल को पानी मिलने से किसानों के चेहरे भी खिल गए। जुलाई के पहले पखवाड़े में रिकॉर्ड तोड़ बारिश से नदियां उफनाने से शहर से लेकर देहात तक बाढ़ ने कहर बरपाया था। जिन किसानों ने धान की रोपाई कर दी थी, उनकी फसल कई दिन तक खेत में बाढ़ का पानी भरा होने से खराब हो गई। बाढ़ का पानी उतरने के बाद किसानों ने दोबारा धान रोपा तो बारिश होनी बंद हो गई। लगभग 20 दिन में हल्की बूंदाबांदी ही हुई है। मंगलवार को रात से बादल छाए थे और तेज हवाएं चल रही थीं। सुबह बूंदाबांदी के बाद बारिश ने तेज रफ्तार पकड़ी। बूंदाबांदी के बाद झमाझम बारिश होती रही। कई स्कूलों में रेनी डे घोषित कर दिया गया।

इससे पहले बुधवार को सुबह स्कूली बच्चे रिमझिम बारिश में भीगते हुए स्कूल पहुंचे। बारिश की वजह से कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मंगलवार रात का तापमान पारा 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 87 फीसदी तक जा पहुंचा। इसके साथ ही बुधवार को अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि सुबह से शाम तक 51 मिली मीटर बारिश हुई। बारिश होने का सिलसिला आज भी जारी रह सकता है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 48 घंटे तक हल्की और तेज बारिश जारी रहेगी। हालांकि इस बारिश से फसलों को ज्यादा नुकसान होने की आशंका नहीं है। मौसम विज्ञानी डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि बुधवार को 51 एमएम बारिश हुई है, जो आज भी जारी रह सकती है। उन्होंने कहा कि हल्की बारिश की ज्यादा संभावना है।

### एसपी ने पौधरोपण कर बच्चों को पौधे बांटे



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन ऑल सेंट्स स्कूल में मंगलवार को किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने दो पौधे लगाए व छात्रों को पौधे घर पर लगाने के लिए वितरित किए। बच्चों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने में मदद करेगी, बल्कि बच्चों में अपने माता-पिता के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेगी। जिसमें बच्चों ने पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओ पर मॉडल व चार्ट बनाए। डायरेक्टर सचिन बाथम ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाना था। प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी, सुरेंद्र सिंह सेठ, नारायण दास अग्रवाल, अमित शर्मा, कामेश वर्मा आदि प्रमुख लोग रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर तस्कीन शगुफ्ता, रूबी, शुभा, जोया, प्रियंका, गुलशन, अश्विनी आदि सभी स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### सभासद के गलती मानने पर काम पर लौटे कर्मचारी

**बंडा।** नगर पंचायत कर्मियों से अभद्र व्यवहार करने वाले सभासद ने ईओ के आने के बाद गलती मान ली। सोमवार को बंडा नगर पंचायत के एक कर्मी और एक सभासद के बीच किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद सभासद ने सभी कर्मचारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर दिया था। जिसके बाद नगर पंचायत के सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठे थे। बुधवार सुबह फिर से धरने पर बैठे गए। दोपहर बाद जब ईओ बंडा सत्येंद्र प्रकाश नगर पंचायत के कार्यालय पर पहुंचे उसके बाद सभासद भी कार्यालय पर पहुंच गए। जिसके बाद दोनों पक्षों में देर तक वार्तलाप होता रहा। दोपहर करीब तीन बजे जब सभासद ने सभी नगर पंचायत कर्मचारियों के सामने गलती स्वीकारी और आपसी सहयोग से कार्य करने की बात कही। तब जाकर पंचायत कर्मचारी धरने से उठे और अपने-अपने काम पर लग गए। इस संबंध में ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि सभासद ने सभी कर्मचारियों के सम्मुख अपनी गलती को स्वीकार कर लिया था।

### बच्चों ने धूमधाम से मनाई हरियाली तीज



**शाहजहांपुर।** मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर स्थित जेपी पब्लिक स्कूल में बुधवार को हरियाली तीज का त्योहार अध्यापिकाओं ने छात्राओं के साथ धूमधाम से मनाया। सभी टीचर व बच्चे हरे रंग के कपड़े पहनकर स्कूल में आए और तीज के कार्यक्रम में सभी ने मेहंदी, पेंटिंग व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रधानाचार्या हिना खान ने गोला, पट्टी खिलाकर सभी का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में लक्ष्मी गुप्ता, देवीना गुप्ता, मंजू, निदा, नैन्सी गुप्ता, काजल, रश्मी आदि मौजूद रहीं।

### कैंप लगाकर बनवाए जाएं आधार कार्ड



**खुटार।** आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने में ग्रामीणों को हो रही दिक्कतों को देखते हुए मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह से मिले और न्याय पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर आधार कार्ड बनवाने की मांग की। जिस पर डीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक को खुटार मे दो अन्य केंद्र खुलवाने के लिए आदेशित किया। भाजपा जिला मंत्री एवं खुटार के ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित मंगलवार को जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह से मिले। उन्होंने डीएम को पत्र देकर बताया कि खुटार ब्लॉक में आधार कार्ड बनाने एवं अपडेट करने के लिए खुटार डाकघर में एकमात्र केंद्र है। बच्चों के आधार कार्ड अपडेट कराने व नए आधार बनाने का कार्य होने की वजह से भीड़ हो जाती है। ग्रामीण सुबह 4 बजे से लेकर शाम तक डाकघर के बाहर लाइन में भूखे प्यासे लगकर परेशान होते रहते हैं।

### तेंदुआ ने कुत्ते पर किया हमला, ग्रामीणों ने खदेड़ा

**खुटार।** मंगलवार रात गांव रजमना में तेंदुए ने पालतू कुत्ते पर हमला किया। आहट होने पर लोग जाग गए और हो हल्ला मचाने पर तेंदुआ भाग गया। रजमना गांव निवासी सुमित शुक्ला ने बताया कि उन्होंने अपने घर की सुरक्षा के लिए कुत्ते पाल रखे हैं। बताया कि मंगलवार रात लगभग 1:30 बजे उनके कुत्ते तेज आवाज में भौंक रहे थे। जिस पर वह दरवाजा खोल कर बाहर निकले तो उन्होंने टॉर्च की रोशनी डालकर देखा तो तेंदुआ कुत्ते पर हमला कर रहा था। उन्होंने फोन पर मोहल्लेवासियों को जगाया। सभी ने हल्ला मचाते हुए तेंदुए को खेतों की ओर खदेड़ दिया। खुटार रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया की किसी के द्वारा कोई सूचना नही दी गई है। फिर भी वनकर्मियों को भेजकर जांच कराई जाएगी।

### पत्रकार की माता के निधन पर शोक

**रौसर कोठी/शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन आफ जर्नलिस्ट उपजा की ओर से बुधवार को आयोजित शोक सभा में पत्रकार रोहित पांडेय की माता के निधन पर शोक प्रकट किया। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत की आत्मा शांति को ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल मिश्रा, सर्वेश मिश्रा, प्रेम सिंह, रोहित पांडेय, आकाश मिश्रा, हर्षित मिश्रा, सुरेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में ग्रामीण को गोली मारकर किया घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दो लाख 76 हजार रुपये लूटने का आरोप, दोनों बेटियों को पीटा

**अमृत विचार:** शिवदासपुर में पुरानी रंजिश में दो लोगों ने एक ग्रामीण के घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसे गोली मारकर घायल कर दिया। आरोप है कि दो लाख 76 हजार रुपये लूट लिए और छप्पर में आग लगा दी। पुलिस ने घायल ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

कटरा थाना क्षेत्र के गांव शिवदासपुर निवासी फूल सिंह(40) मंगलवार की रात 12 बजे सो रहा था। कमरे में उसकी बेटी करिश्मा व अनामिका सो रही थी। आरोपी दीवार फांदकर उसके मकान में घुस आए। आरोपी फूल सिंह को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपी उसे पकड़कर मकान के बाहर ले आए। दोनों उसे बाग की तरफ ले जाने लगे, तभी उसकी दोनों बेटियों ने शोर मचाया तो उन्हें भी मारा पीटा। आरोपियों ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया आ घर के बाहर पड़े छप्पर में आग लगा दी। आरोपी धमकी देकर भाग गए। शोरगुल सुन पहुंचे ग्रामीणों ने आग को बुझा लिया। इधर दमकल वाहन जाम में फंस गया था और समय से नहीं पहुंच पाया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी मौके पर पहुंचे और घायल फूल सिंह से जानकारी की। घायल व्यक्ति ने बताया कि दो दिन पहले खेत बेचा था और दो लाख 76 हजार रुपये घर में बैग में रखे थे। आरोपी रुपये भी लूटकर ले गए। आरोपियों से जमीन के विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। रुपये लूटने की जांच की जा रही है।

## मेगा ब्लॉक को लेकर चार दिन निरस्त रहेंगी छह ट्रेनें

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मेगा ब्लॉक को लेकर 13 से 16 अगस्त तक रोजा-बरेली पैसेंजर समेत छह ट्रेनें रद्द रहेगी। जबकि तीन दिन त्रिवेणी बरेली न जाकर बीसलपुर होकर टनकपुर जाएगी।

कटरा रेलवे स्टेशन पर लूप लाइन मिलाकर तीन रेल लाइन है। अब चौथी रेल लाइन डाली जा रही है। नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य 7 से 16 अगस्त होगा। 13 से 16 अगस्त तक मेगा ब्लॉक होगा। अप लाइन की वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस 13 से 15, प्रयागराज-बरेली 14 से 16, डाउन लाइन की बरेली-रोजा पैसेंजर 13 से 16, डाउन लाइन की बरेली-वाराणसी 14 से 16 तक व बरेली-प्रयागराज 14 से 16 अगस्त तक रद्द रहेगी। जबकि डाउन लाइन की त्रिवेणी 14 व 16 और अप लाइन की त्रिवेणी 14 को बरेली नहीं जाएगी बल्कि बीसलपुर होकर टनकपुर जाएगी। एसएस पीएस तोमर ने बताया कि कटरा में नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य शुरु होने से चार दिन मेगा ब्लॉक होगा।

### विवाहिता को नदी में डुबोकर मारने का प्रयास

**खुटार।** क्षेत्र के गांव भीखमपुर निवासी पुतान सिंह की पुत्री प्रीति देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व खुदागंज के एक गांव के युवक के साथ हुई थी। ससुराली दहेज से संतुष्ट नहीं थे। 6 अगस्त को पति, सास, ससुर, ननद और जेठानी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पति और ससुर उसे देवहा नदी के पास ले गए और डुबोकर जान से मारने का प्रयास किया। काफी मिन्नतें करने के बाद उसे छोड़ा। रात में ही उसका पति उसे मायके में छोड़ने आया और वहां भी विवाद करने लगा। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और उसके पति को लेकर थाने चली गई। प्रीति देवी ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### शराब लाने से मना करने पर हंसिया से हमला

**पुवायां।** मझिगवां गांव के भूदर लाल ने पवन कुमार उर्फ सुभन्ने निवासी गांव उदना व सुनील कुमार मौर्य निवासी मझिगवां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित भूदर लाल ने बताया कि 3 जून को वह अपने खेत में काम कर रहा था कि शाम को लगभग पौने छह बजे बाइक से पवन और सुनील आ गए और गांव से देशी शराब लाने को कहा। उसके मना करने पर पवन व सुनील ने हंसिया से हमला कर दिया। जिससे उसके हाथ में चोट लग गई। इलाज कराने के बाद भूदर ने 5 अगस्त को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल प्रदीप कुमार राय ने बताया कि इस मामले की जांच एसआई सचिन कुमार कर रहे है।

### साइबर क्राइमः खाते से एक लाख 81 हजार रुपये कटे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला कानून गोयान निवासी नितिन कुमार ने एसपी के माध्यम से साइबर क्राइम थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि 30 जुलाई को उसके एकाउंटेट से 20 हजार रुपये पेटीएम के माध्यम से फ्रॉड हुआ, जिसकी उसे जानकारी नहीं थी। खाते में रुपये कम होने पर उसने शाखा में संपर्क किया तो एक लाख 81 रुपये कटे मिले। इस मामले की विवेचना की जा रही है।

# इनरव्हील ने मनाया तीज, विभा बनीं क्वीन




इनरव्हील के तीजोत्सव में महिलाओं को उपहार भेंट करतीं अध्यक्ष ज्योति शर्मा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तीजोत्सव में अध्यक्ष ने प्रतिभागी महिलाओं को भेंट किए उपहार

**अमृत विचार:** इनरव्हील क्लब की ओर से बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ हरियाली तीजोत्सव मनाया गया। इस मौके पर हरे रंग के परिधान में सजधज कर और आकर्षक मेहंदी लगाकर जुटीं महिलाओं ने गेम खेलकर मनोरंजन किया। साथ ही सरप्राइज गेम्स का भी सभी ने लुत्फ लिया। वरिष्ठ सदस्य विभा अग्रवाल को तीज क्वीन चुना गया।

रैना बाग कॉलोनी में मनाए गए तीजोत्सव में अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने सभी महिलाओं को उपहार भेंटकर बधाई दी। संयोजक रीना अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। उत्सव में निधि मिश्रा, रेनू अरोरा, अलका अरोरा, ज्योति गुप्ता, सुधा प्रसाद, माधुरी, आशा पाल, राजेन्दर कौर, आदर्श सक्सेना, अर्चना जालान, शशि गुप्ता, विजय लक्ष्मी सूद, कंचन खन्ना, पूनम टंडन, मीरा सिंह, सुषमा सक्सेना, मीनाक्षी, प्राची, चांदनी, कमलजीत विज, वीथिका, सुमन, अनुभा, मधु, मंजुला शर्मा, ममता अरोरा, रेखा मोदी आदि सदस्य मौजूद रहीं।

### मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम रही आंचल

**शाहजहांपुर।** देवी प्रसाद बालिका जूनियर हाईस्कूल और देवी प्रसाद प्राइमरी विद्यालय में संयुक्त रूप से तीजोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच मेहंदी प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें कक्षा छह की छात्रा आंचल को प्रथम, कक्षा आठ की माही को द्वितीय और इसी कक्षा की साक्षी को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में जूनियर सेक्शन की प्रधान अध्यापिका रेनू पांडेय और प्राइमरी सेक्शन की प्रधान अध्यापिका असिलेखा अवस्थी, राजबेटी वर्मा, शुचिता गंगवार, शशि शुक्ला, मोनिका वर्मा, कंचन श्रीवास्तव, ज्योति यादव, पूजा सक्सेना, गौरव पांडेय, ममता मिश्रा, गुंजन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### बहनों ने हथेलियों पर लगाई आकर्षक मेहंदी

**मदनापुर।** सरस्वती शिशु मंदिर मदनापुर में हरियाली तीज के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सरस्वती शिशु मंदिर की आचार्य रामलखन, दीपक पाठक, मनोज, बलवीर रहे। प्रतियोगिता में 48 बहनों ने प्रतिभाग किया, जिसके अंतर्गत बहनों ने मनमोहक आकृतियों से बहुत ही सुंदर मेहंदी लगाई। मेहंदी का अवलोकन कर निर्णायक मंडल ने बहनों की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा कि रचनात्मक कार्यों में रुचि रखनी चाहिए। जिससे हमारे सभी कार्य व्यवस्थित ढंग से संपन्न होते हैं। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय की आचार्या मीना, पारुल, उमा ने किया। आचार्य सुनील, राहुल, दिनेश, नीरज, अभिषेक ने व्यवस्था में सहयोग किया।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

# मेडिकल कैंप में अधिवक्ताओं-कर्मचारियों ने कराई स्वास्थ्य जांच

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मेडिकल कैंप में स्वास्थ्य परीक्षण कराते जिला जज भानु देव शर्मा व उपस्थित आयोजक।

**अमृत विचार:** सहयोग संस्था के बैनर तले बुधवार को कचहरी परिसर में मेडिकल कैंप लगाया गया। सेंट्रल बार एसोसिएशन के राजीव सभागार में कैंप का आरंभ जनपद न्यायाधीश भानुदेव शर्मा में फीता काटकर किया। इस दौरान सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी और महासचिव राजीव शर्मा को संस्था की ओर से प्रशासनिक भवन का लाइटिंग बोर्ड भी भेंट किया गया।

मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश भानुदेव शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति हम सभी को जागरूक रहते हुए समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए। विशिष्ट अतिथि राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि बाढ़ के बाद जिले में गंभीर बीमारियां उभर कर सामने आ रही हैं। इनसे बचने की जरूरत है। अधिवक्ता साथी समाज की एक अहम कड़ी हैं, उनके स्वास्थ्य की सहयोग संस्था ने चिंता की, जो सराहनीय है। इसके बाद सैकड़ों अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वास्थ्य की जांच कराकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से उचित परामर्श भी प्राप्त किया। इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता मो. असलम खां, पूर्व अध्यक्ष एजाज हसन खां, मुरारी लाल राजपूत, संस्था के संरक्षक शाहनबाज खां, अनिल गुप्ता, अध्यक्ष नेहा यादव सक्सेना, कोषाध्यक्ष प्रगतिशील किसान महेंद्र दुबे आदि ने जिला जज समेत अन्य न्यायिक अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कैंप में महासचिव अनूप कुमार, उपाध्यक्ष शिवम वर्मा, हरजीत सिंह, शालू यादव, निखिल महेंद्रू, विधिक सलाहकार जितेंद्र सिंह, शफीकुद्दीन अंसारी, डॉ. योगेंद्र सक्सेना, गुलिस्तां खान, सबरेज, असलम एजाज, मुकेश यादव, उमेश वर्मा, रीता गौतम, कन्या राजपूत आदि का सहयोग रहा।

### इन विशेषज्ञ चिकित्सकों ने की स्वास्थ्य जांच

कैंप में होम्योपैथिक डॉ. गौरव कौशल, डॉ. वाईके मालिक, जिला प्रभारी आयुष्मान भारत डॉ. योगेंद्र सक्सेना, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वाईपी गौतम, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. फैजान हुसैन, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रजत अग्रवाल, डॉ. पूजा त्रिपाठी पांडेय, स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. मोनिका सिंह, चेस्ट एंड टीवी स्पेशलिस्ट डॉ. शुभम जैन, डॉ. रश्मि बहल, आयुर्वेदिक डॉ. जितेंद्र कुमार आदि ने स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिया।

KCMT GROUP OF INSTITUTIONS
KCMT CAMPUS 2
AT PREM PRAKASH GUPTA INSTITUTE OF ENGINEERING
COURSES AFFILIATED TO AKTU, PCI & BTE | APPROVED BY AICTE
अपना उज्जवल भविष्य बनाएं हमारे साथ
JOIN
B.Tech (ME & CS | (College Code : 653 & Lateral Entry in B.Tech)
POLYTECHNIC (CIVIL & ME)
D. PHARMA (College Code : 2554 & D.Jeecup Enternce Mandatory)
B.Ed
ADMISSION OPEN
2024-2025
LOWEST FEES STRUCTURE
Call on : 8081332211
Campus - Address - 16th km. Faridpur Road, Bareilly

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनाने एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 18 अगस्त 2024, रविवार
01 सितंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# सालों को फंसाने के लिए युवक ने काटी अपने हाथ की अंगुली

- पुलिस ने शिकायत मिलने पर की जांच तो खुल गई पोल, पत्नी ने दी फर्जीवाड़े की गवाही
- एक दिन पूर्व ही दोनों पक्षों में हुई थी सुलह, बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पिपिरया मंडन का मामला

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** एक दिन पूर्व हुई सुलह के बाद सालों को फंसाने के लिए युवक ने अपने हाथ की एक अंगुली धारदार चीज से काटी और पुलिस से शिकायत कर दी। युवक कटी हुई अंगुली का हिस्सा भी जेब में रखकर थाने पहुंचा था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई तो मामला फर्जी निकला।

क्षेत्र के ग्राम पिपरिया मंडन के गोविंद पांडेय बुधवार दोपहर थाने पहुंचे। उनके हाथ की एक अंगुली कटी थी और खून बह रहा था। अंगुली का कटा हिस्सा वह जेब में रखकर लाए थे। पुलिस को तहरीर देकर बताया उसकी ससुराल अरसिया बोझ गांव में है। करीब बीस दिन पहले पत्नी विवाद के बाद मायके चली गई थी। इस पर ससुरालियों ने शिकायत पुलिस से कर दी थी। मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच वार्ता के बाद समझौता हो गया था। इसके बाद वह अपने घर चले गए थे। बुधवार सुबह ससुरालियों ने बातचीत करने के बहाने अरसिया बोझ बुला लिया। पत्नी भी वहीं पर थीं। पीड़ित के पहुंचते ही गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमला कर दिया। बांके से वार किया जिसमें हाथ की एक अंगुली कटकर गिर गई। किसी तरह खुद को बचाया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराने के लिए पुलिस भेजी गई थी। जिस पत्नी को युवक ने मायके होना बताया था, वह युवक के घर पर ही मिली। कई ग्रामीण भी मौजूद थे। जांच में सामने आया कि युवक ने अपने सालों को फंसाने के लिए खुद ही अपनी अंगुली काटी थी। दो में से एक साला तो बुधवार को गांव में था ही नहीं। मामला पूरी तरह से फर्जी निकला है।

## सार-संक्षेप

### हस्ताक्षर अभियान के तहत चंदोई पहुंचे कार्यकर्ता



**पीलीभीत :** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस की ओर से जातिगत जनगणना कराने, आरक्षण से 50 प्रतिशत पाबंदी हटाने की मांग के समर्थन में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान के तहत काय्रकर्ता बुधवार को चंदोई गांव पहुंचे और ग्रामीणों से संपर्क कर पार्टी की नीतियां बताई। बैनर पोस्टर पर हस्ताक्षर कराए। प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस, इश्तियाक अहमद, गालिब हुसैन, तालिब, फहीम अंसारी, दानिश अली, नासिर, सरताज खान, कामरान, नोमान अंसारी आदि मौजूद रहे।

### सुप्रिया, कीर्ति और अंजू ने लहराया परचम



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** एचआरपी डिग्री कॉलेज के छात्र व छात्राओं का स्नातक तृतीय वर्ष की विश्वविद्यालय परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के प्रबंधक मुकेश गुप्ता ने बताया कि बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सुप्रिया ने 75 .20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अनुष्का गुप्ता ने 74 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। बीएससी में तृतीय वर्ष की छात्रा कीर्ति मिश्रा ने 73 .50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, जबकि प्रियंका 69 .60 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रही। इसी तरह से बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा अंजू कश्यप ने 67 .20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम और अंशिका भारती 62 .20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं।

### पर्यावरण बचाने को पौधरोपण जरूरी



**बीसलपुर :** अग्निशमन केंद्र परिसर में होमगार्ड के मंडलीय कमांडेंट प्रमोद पाल ने टीम के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान पौधरोपण का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि हम जिस संख्या में पेड़ों को काट रहे हैं उससे आधी संख्या में भी हम पौधे नहीं लगा रहे हैं। यही कारण है कि आज हमें पर्यावरण में शुद्धता नहीं मिल पा रही। विभिन्न बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। ऋतुएं भी समय से नहीं मिल पाती है। इस मौके पर जिला कमांडेंट अंकिता श्रीवास्तव, सहायक जिला कमांडेंट दिलीप कुमार, फायर स्टेशन इंचार्ज धर्मपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा ,मनोज कुमार, उमेश चंद्र पाठक, चंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

### आबादी से चार सौ मीटर दूर रह गई शारदा



**पूरनपुर।** एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान शारदा पार के गांव नहरोसा, राणा प्रतापनगर आदि में अतिबृष्टि और बाढ़ का अधिकारियों के साथ उन्होंने निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने नदी का कटान देखा। इस दौरान राणा प्रताप से नहरोसा जाने मार्ग पर लगभग एक फिट पानी भरा हुआ था। नहरोसा के पास बना बंधा गांव की ओर क्षतिग्रस्त हो गया है। शारदा नदी आबादी से लगभग 400 मीटर दूर रह गई। ग्रामीणों को बाढ़ का भय सताने लगा है। इसको देखते हुए एसडीएम ने अधिकारियों से वार्ता करने के बाद क्षतिग्रस्त बंधा बनाने के निर्देश दिए।

### जिला बदर अपराधी घर पर मिला

**बरखेड़ा।** एसपी के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान दरोगा संदीप प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ गशत पर थे। इस दौरान ग्राम विक्रमपुर के पास पहुंचने पर सूचना मिली कि जिला बदर किया गया मुन्ने उर्फ नसरुद्दीन अपने घर पर है। जबकि उसकी जिला बदर की छह माह की मियाद अभी पूरी नहीं हुई है। इसके बाद टीम ने आरोपी के घर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को चालान कर न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया है।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर :** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि दो अगस्त को दोपहर ढाई बजे गांव रम्पुरा नौगवां का रहने वाला अर्जुन, निखिल और अरविंद उसके घर पहुंचे। उस वक्त वह घर पर नहीं थे। आसपास के लोगों से पता चला उसकी गैर मौजूदगी में नाबालिग पुत्री को गांव का रहने वाला आरोपी बहला फुसलाकर ले गए। संदूक में रखे आठ हजार रुपये और जेवर भी पुत्री ले गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के साथ बारिश का अनुमान

28.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

# जंगल में मिला ग्रामीण का अधखाया शव, परिजन बोले- बाघ ने मार डाला, वन विभाग ने माना संदिग्ध

## तहसीलदार और सीओ के आश्वासन के बाद परिजनों का गुस्सा हुआ शांत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीटीआर में बुधवार सुबह एक युवक का अधखाया शव मिलने से सनसनी फैल गई। बताते हैं कि युवक एक दिन पूर्व घर से घास काटने की बात कहकर घर से निकला था। सुबह ग्रामीणों की मौजूदगी में वनकर्मी और पुलिस शव को जंगल से बाहर ले आए। अफसरों के आश्वासन के बाद परिजनों की सहमति पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हालांकि वन महकमा ग्रामीण को वन्यजीव द्वारा खाया तो मान रहा है, लेकिन उसके गायब मोबाइल को लेकर घटना को संदिग्ध मान रहा है, वहीं परिजन उसकी मौत बाघ हमले में होने की बात कह रहे हैं।



मृतक भगवान दास।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव भैरोकलां के रहने वाले बालकराम ने बताया उनका 31 वर्षीय पुत्र भगवान दास मंगलवार की शाम घर से गांव के नजदीक ही दूसरे गांव की सीमा में घास काटने की बात कहकर निकला था।

देर शाम तक युवक घर नहीं पहुंचा तो परिजन चिंतित हो उठे। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी देने के साथ कुछ लोगों के साथ मिलकर भगवानदास की तलाश शुरू कर दी, लेकिन रात तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका। बताते हैं कि बुधवार सुबह खोजबीन के दौरान भगवान दास की चप्पलें माला रेंज की सीमा पर पड़ी दिखाई दीं। किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के साथ-साथ पुलिस को भी दी। सूचना मिलने के कुछ देर बाद ही एसओ अचल कुमार फोर्स के साथ मौके पर जा पहुंचे।

वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। वनकर्मियों एवं पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की। बताते हैं कि तलाशी के दौरान जंगल में करीब एक किमी भीतर युवक का अधखाया शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की मदद से युवक का शव जंगल से बाहर लाया गया।

युवक के कमर का निचला हिस्सा गायब था, जबकि पैर अलग पड़े थे। शव देखकर ग्रामीण युवक की मौत बाघ हमले में होने की बात कहने लगे। कुछ देर बाद परिजन बाघ के हमले में भगवान दास की मौत बताकर मुआवजा की मांग करने लगे। जानकारी लगते ही तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी और सीओ विशाल चौधरी भी गांव पहुंच गए। दोनों अफसरों ने परिजनों से वार्ता कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ही पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



घटना की जानकारी पर मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

- कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव भैराकलां का रहने वाला था मृतक
- एक दिन पहले घर से खेत पर काम करने गया था

### वन महकमा इसलिए बता रहा घटना संदिग्ध

जंगल के भीतर मिले ग्रामीण के शव को लेकर वन महकमा घटना को संदिग्ध मान रहा है। वन अफसरों का कहना है कि ग्रामीण का शव किसी वन्यजीव ने तो खाया है, लेकिन उसका मोबाइल फोन मंगलवार से बंद होने के साथ ही गायब भी है। कहीं युवक की मौत की वजह कुछ और तो नहीं है, इसको लेकर पुलिस उच्चाधिकारियों से सहयोग मांगा है। फिलहाल इस मामले में अभी जांच चल रही हैं। हालांकि मृतक के परिजनों का कहना है कि घास काटने के दौरान बाघ भगवानदास को खींचकर जंगल के भीतर लेकर चला गया। जिससे उसकी मौत हुई है।

### मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाता था भगवान दास

ग्रामीणों के मुताबिक मृतक भगवानदास विवाहित है और सात वर्ष पहले उसकी शादी हुई है। परिवार में पत्नी अनीता देवी और एक वर्षीय रितुराज है। मृतक दो भाईयों में छोटा था। घटना की जानकारी पर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों के मुताबिक भगवान मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरणपोषण करता था। उसके पास डेढ़ बीघा जमीन है।

> जंगल के अंदर अधखाया शव मिला है। शव की स्थिति देख वन्यजीव द्वारा उसे खाने की बात सामने आ रही है, लेकिन मृतक का मोबाइल फोन गायब और कल से बंद होने की जानकारी मिलने के बाद संशय की स्थिति है कि उसकी मौत वन्यजीव के हमले से हुई है या फिर इसकी कोई और वजह है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक से वार्ता की गई है। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

# झोलाछापों पर कसा शिकंजा पांच क्लीनिक में जड़े ताले



झोलाछाप के क्लीनिक को सीज करने के बाद मौके पर खड़ी टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम के निर्देश पर बिलसंडा और ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र में चल रहे अवैध क्लीनिक पर हुई कार्रवाई
- छापेमारी के दौरान नहीं कोई भी संचालक नहीं दिखा सका डिग्र, कार्रवाई से मचा रहा हड़कंप

**अमृत विचार :** जनपद में तेजी से बढ़ रहे झोलाछापों पर शिकंजा कसने के लिए जिला प्रशासन ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। डीएम के निर्देश पर अलग-अलग स्थानों पर छापामारी की गई। जिसके बाद बिना लाइसेंस के चल रहे क्लीनिक और अस्पतालों पर कार्रवाई की गई। पांच क्लीनिक सीज किए गए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

डीएम के निर्देश पर ललौरीखेड़ा पीएचसी के एमओआईसी डॉ. कमलेश गंगवार ने बुधवार को टीम के साथ ग्राम बरहा में संचालित हो रहे दो झोलाछाप के क्लीनिक पर छापा मारा। एमओआईसी के उनसे डिग्री मांगने पर वह कुछ नहीं दिखा। इस पर एमओआईसी डॉ. कमलेश ने संचालक नीरज कुमार और मनोज कुमार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को सीज कर दिया। इधर, बिलसंडा एमओआईसी डॉ. मनीष राज शर्मा ने ग्राम मैनी में अवैध रुप से संचालित हो रहे वीरेंद्र पुत्र साधुराम के क्लीनिक को सीज किया। वह भी मौके पर कोई डिग्री या पंजीकरण नहीं दिखा सके। ग्राम सिसइया में शेर सिंह द्वारा चलाए जा रहे अवैध क्लीनिक को भी सीज किया गया। बिलसंडा के ही ग्राम मवइया चौराहे पर नितिन वर्मा द्वारा संचालित हो रहे क्लीनिक को भी सीज किया गया है।

## एक नजर

### लोकतंत्र सेनानी का निधन

**गजरौला, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मकतुल के रहने वाले अनोखेलाल पुत्र भीमसेन लोकतंत्र सेनानी थे। मंगलवार को उनका आकस्मिक निधन हो गया था। बुधवार को पैतृक गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर तमाम लोगों नेशोक संवेदनाएं व्यक्त की।

### बीएससी कक्षाएं शुरू कराएंगे शिक्षामंत्री

**पूरनपुर, अमृत विचार :** बंडा रोड पर स्थित गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हाल ही में बीएससी कृषि की मान्यता प्राप्त हुई है। कालेज प्रशासन का मान्यता मिलने के बाद सभी 60 सीटें भी फुल हो चुकी हैं। इसमें शीघ्र ही कक्षाएं शुरु होंगी। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय गन्ना कृषक कालेज पहुंचेंगे। वह कृषि विषय की सस्नातक कक्षाओं का शुभारंभ कराएंगे। प्राचार्य डा. सुधीर शर्मा ने बताया कि उच्च शिक्षामंत्री कक्षाओं का संचालन भी करेंगे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो कावंड़िया घायल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** हरिद्धार से गोला जलाभिषेक करने जा रहे कांवड़ियों की बाइक में इनोवा ने टक्कर मार दी। जिसमें दो कांवड़िये घायल हो गए। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया है। इसकी सूचना पर पहुंचे विभिन्न संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

थाना बरखेड़ा क्षेत्र के कांवड़ियों का जत्था हरिद्धार जल लेने गया था। बुधवार को जत्था जल लेकर गोला गोकर्णनाथ जा रहा था। पूरनपुर खुटार मार्ग पर मोहनपुर जप्ती के पास इनोवा ने कावंड़ियो की बाइक में टक्कर मार दी। इसे बाइक पर सवार जगदीशपुर गांव के राजेश्वर पुत्र जानकी और ग्राम धनगवां के मोतीराम पुत्र होरीलाल घायल हो गए। अन्य कावंड़ियों ने कार चालक को पकड़ लिया। घायल कावंड़ियों को सीएचसी भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार कब्जे में ले ली। जानकारी लगते ही अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल और भारतीय बजरंग के कार्यकर्ता भी आ गए और कांवड़ियों के साथ कोतवाल राजीव शर्मा से मिले। उन्होंने कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाल ने मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया। क्राइम इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क हादसे की तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



सीएचसी में घायल कांवड़िये।

- घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे विभिन्न संगठन के कार्यकर्ता

# ये बेलगाम अफसर और कर्मचारी आसानी से सुधरने वाले नहीं... फिर थोक में मिले गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम के निर्देश पर सरकारी दफ्तरों पर लगातार छापों के बाद भी बेलगाम हो चुके अफसरों और कर्मचारियों पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। बुधवार सुबह एक बार डीएम के निर्देया पर एडीएम न्यायिक ने लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के दफ्तर में छापा मारा तो यहां अधिशासी अभियंता के साथ प्रवर-अवर अभियंता समेत कई कर्मचारी भी नदारद मिले। जल निगम कार्यालय पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट ने आठ कर्मचारी अनुपस्थित पाया। दोनों अफसरों ने अपनी रिपोर्ट डीएम को भेजी है।

डीएम संजय कुमार सिंह ने सरकारी कार्यालयों में अफसर-कर्मचारियों की हकीकत जानने के लिए औचक निरीक्षण करने के निर्देश जारी किए हैं। पिछले करीब सप्ताह भर से जनपद भर के सरकारी कार्यालयों में छापेमारी चल रही हैं। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर डीएम स्तर से गैरहाजिर अफसरों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। इस सबके बावजूद अफसर एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर दफ्तरों में नहीं पहुंच रहे हैं।

इधर, डीएम के निर्देश पर बुधवार सुबह 10.18 बजे एडीएम न्यायिक अजीत परेश ने लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी अनुपस्थित मिले। इसके अलावा कोई अवर अभियंता, प्रवर अभियंता एवं लेखाधिकारी भी मौजूद नहीं मिले। कोई मूवमेंट रजिस्टर भी नही दिखाया गया।

एडीएम न्यायिक ने उपस्थिति रजिस्टर कर जांच की तो श्रवण सिंह राना, कृष्ण कुमार, वरिष्ठ सहायक जय कुमार सिंह, रोचक वर्मा, संदीप शर्मा, ओमप्रकाश, सुमित कुमार, प्रशांत शर्मा, रूपेश कुमार शुक्ला, कैलाश चंद्र, कुमारी अंजलि और मोहित कुमार अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान एडीएम न्यायिक को अधिशासी अभियंता कक्ष में बरसात का पानी टपकता मिला। अवर अभियंता कार्यालय के शौचालय भी गंदे पाए गए। निरीक्षण के बाद एडीएम न्यायिक ने रिपोर्ट डीएम को भेजी है।



पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड कार्यालय में उपस्थिति की जांच करते एडीएम न्यायिक।



निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता से जानकारी लेने के बाद उपस्थिति रजिस्टर को देखते सिटी मजिस्ट्रेट।

- पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड में एक्सईएन, अवर अभियंता समेत कई कर्मचारी अनुपस्थित
- अपर जिलाधिकारी और सिटी मजिस्ट्रेट ने जल निगम कार्यालय में मारे छापे तो मची खलबली

### जल निगमः अधिशासी अभियंता समेत आठ कर्मचारी मिले नदारद

डीएम के निर्देश पर बुधवार सुबह 10 .20 बजे सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने जल निगम अधिशासी अभियंता ( ग्रामीण ) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता मनीष गंगवार कार्यालय में मौजूद मिले। सिटी मजिस्ट्रेट ने यहां अधिशासी अभियंता से जानकारी लेने के साथ उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान लिपिक रवि, कैमिस्ट अनुज कुमार, माइक्रो सर्वेश कुमार, लैब असिस्टेंट संजीव कुमार, सैंपल असिस्टेंट गोपाल सरन गंगवार, जूनियर फिटर त्रिलोक चंद्र, चौकीदार शांती स्वरूप और प्रवीन कुमार गैरहाजिर मिले। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जा रही है।

# खोए मोबाइल वापस मिले तो खिले चेहरे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** साइबर सेल टीम की मदद से 53 लोगों के चेहरे पर मुस्कान आई। एएसपी विक्रम दहिया ने मोबाइल उनके स्वामियों को वितरित किए। मोबाइल खो जाने पर अक्सर लोग पुलिस को एप्लीकेशन देकर सिम बंद करवा देते हैं। इसके बाद मोबाइल की बरामदगी के बात लगभग भूल ही जाते हैं। जिले की साइबर क्राइम टीम ने ऐसे मोबाइलों की प्राप्त सूचनाओं की सूची तैयार कर सर्विलांस पर लगवाया। इसके बाद 53 मोबाइल बरामद कर लिए। इन मोबाइलों की कीमत करीब सात लाख 61 हजार 950 रुपये बताई गई। बुधवार को पुलिस लाइन में सभी मोबाइल स्वामियों को बुलाकर एएसपी विक्रम दहिया ने मोबाइल उन्हें सौंपे।

# डीएम ने बस स्टैंड को अधिग्रहित भूमि का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम ने पकड़िया नौगवां में बस स्टेशन के लिए अधिग्रहित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अफसरों से लेआउट के माध्यम से भूमि के संबंध में जानकारी ली। एसडीएम सदर को एआरएम से संपर्क कर बस स्टेशन निर्माण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

शासन की ओर से बीसलपुर रोड पर परिवहन निगम के बस स्टेशन के लिए भूमि अधिग्रहित की गई है। कुछ लोगों ने अधिग्रहित भूमि पर अवैध कब्जा किया था। इसको लेकर शासन समेत जिला स्तर पर शिकायत की गई। जिसके बाद एक दिन पूर्व तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन के नेतृत्व में पहुंची राजस्व टीम ने पुलिस के सहयोग से भूमि को कब्जा मुक्त कराया था।

इधर, बुधवार को डीएम संजय कुमार सिंह ने बस स्टैंड के लिए अधिग्रहीत भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेआउट के माध्यम से भूमि के गाटा संख्या, रकबा आदि की जानकारी ली। एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह ने डीएम को बताया कि उक्त भूमि पर अवैध कब्जेदार को हटाया गया है। बताया कि बसों के आवागमन के लिए दोनों तरफ से रोड है। इस पर डीएम ने एसडीएम सदर को परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक से संपर्क कर बस स्टैंड निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



लेआउट के माध्यम से जानकारी लेते डीएम संजय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

- एसडीएम सदर को एआरएम से वार्ता कर निर्माण की कार्यवाही अमल में लाने के दिए निर्देश

# प्लाट पर अवैध कब्जा करने की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर बोला हमला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एसएसआई की तहरीर पर दो नामजद और अज्ञात पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** प्लाट पर अवैध कब्जा करने की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम पर आरोपियों ने हमला कर दिया। इतनाही नहीं जब पुलिसकर्मियों ने सख्ती करना चाहा तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में सनसनी फैल गई। यह मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंच गया। जिसके बाद एसएसआई की ओर से प्लाट पर अवैध तरीके से कब्जा करने और पुलिस पर हमला करने के दो आरोपियों को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना अमरिया में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक संजय कुमार की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया गया कि बुधवार को अमरिया कस्बा के रहने वाले शेखर त्यागी ने थाने जाकर सूचना दी कि उनका तुमरिया रोड पर स्थित कॉलोनी में प्लाट है। जिस पर असगर व सूरजपाल अपने साथियों के साथ पहुंचकर अवैध कब्जा कर रहे हैं।

इसकी सूचना पर कांस्टेबल अंकुर,जॉनी यादव, नीरज कुमार, सौरभ राठी के साथ मौके पर पहुंचे। वहां परआरोपी प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो हमला कर दिया। धारदार हथियारों से वार किए। पुलिसकर्मियों ने खुद को बचाया और फिर सख्ती की। इस पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। एसओ ब्रजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं अपने पुत्र अकील अली एवं उसकी पत्नी रिबानो को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **पाविया पुत्र श्री छोटे निवासी ग्राम कंजा खेड़ा पो. भगवन्तापुर तहसील कलीनगर, थाना पूरनपुर, जिला पीलीभीत**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र सुधीर और पुत्रवधू मीरा देवी को उसके गलत आचरण के चलते उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। उसका मेरे और परिवार के सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **कढ़ेर कुमार पुत्र हेतराम निवासी सिमरिया ता. अजीतपुर बिल्हा तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत।**

**सूचना**

मैंनें आपके यहां संभव कुमार के नाम से पासपोर्ट आवेदन किया था एवं मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में संभव नाम दर्ज है जबकि आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम संभव कुमार लिखा है। संभव व संभव कुमार दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। संभव कुमार पुत्र श्री रोहित कुमार **निवासी:- 212, जाटवपुरा, जिला बरेली (उ.प्र.)**

**आवश्यकता है**

सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टीवी. मैंटेनैंस हेतु
लैब टैक्नीशियन

अनुभवी व्यक्ति की
वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# कम प्रगति पर डीएम खफा, अफसरों से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गांधी सभागार में हुई मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक
- जिलाधिकारी ने पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने लक्ष्य के सापेक्ष मानक से कम प्रगति करने वाले विभागीय अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की और उनका स्पष्टीकरण तलब किया। गांधी सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, स्टांप, परिवहन, विद्युत, सामाजिक वानिकी, टाइगर रिजर्व, खनन, बाट माप, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अब तक की गई राजस्व वसूली की विभागवार समीक्षा की। आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान कम प्रगति मिलने पर सुधार लाने, वाणिज्य कर के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने के कड़े निर्देश दिए। खनन विभाग की समीक्षा में वसूली कम मिलने पर खनन अधिकारी का स्पष्टीकरण मांगा। परिवहन विभाग की समीक्षा में प्रगति कम मिलने पर एआरटीओ निशाने पर रहे। कहा कि प्रगति में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



गांधी सभागार में समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते डीएम संजय कुमार सिंह।

बाट माप विभाग, बाढखंड पूरनपुर, विद्युत विभाग एवं वन विभाग की प्रगति कम मिलने पर नाराजगी जताते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। नगर विकास की समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अगले माह तक वसूली बढ़ाने और स्टांप में कम वसूली पाए जाने पर इसी माह में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने यहां पांच वर्ष से तीन वर्ष से अधिक समय के लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराए। भू-राजस्व/राजस्व संहिता के वाद अधिक समय तक लंबित न रखें जाए। बैठक में स्वामित्त योजना एवं रियल टाइम खतौनी की भी समीक्षा की गई। सभी उप जिलाधिकारियों को सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे एवं तालाबों को कब्जा मुक्त कराने, पारिवारिक लाभ योजना, पेंशन प्रकरण, पुराने वादों का निस्तारण करने निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थलों, चकरोडों से अवैध अतिक्रमण हटाने, विरासत संबंधी प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित करने को कहा। बैठक में एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, एडीएम न्यायिक अजीत परेश, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## घर में घुसकर महिलाओं को पीटा

**पूरनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलड़िया खास की विमला देवी पत्नी मायाप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 जुलाई को पढ़ाई के दौरान बच्चों में विवाद हो गया था। इसको लेकर गांव के ही मुनीष, अखिलेश और रंजीत धारदार हथियार लेकर उनके घर में घुस आए। उन्होंने पीड़िता की देवरानी रामदेवी को पीटा। बीच बचाव करने पर आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।



शहर के राजा बाग कॉलोनी के बाहर सड़क पर हुआ जलभराव। ● अमृत विचार



शहर के मधुवन कॉलोनी के बाहर सड़क पर हुए जलभराव से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार



बारिश में छाता लगाकर जाती महिला और स्कूली बच्चा। ● अमृत विचार

# बारिश से सड़कों पर सैलाब, निचले इलाके बने तालाब

## शहर के कई इलाकों में गलियों में घुटने से ऊपर तक पानी, माधोटांडा रोड कटी, बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा बारिश का सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** एक बार फिर बारिश ने जिम्मेदारों के दावों पर पानी फेर दिया। मंगलवार रात शुरू हुई बारिश बुधवार को भी जारी रही। जिससे शहर के निचले इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो गए। मुख्य मार्ग से लेकर गली मोहल्लों में हर तरफ पानी ही पानी नजर आया। तेज बारिश की वजह से सर्विस रोड जलमग्न हो गई। वहीं, माधोटांडा मार्ग पर जमुनिया गांव के पास पुलिया भी दोबारा से कट गई। इसके बाद से मार्ग पर आवागमन ठप रहा।

बता दें कि कई दिनों से तापमान घट- बढ़ रहा था। आसमान में काले बादल भी छा रहे थे। लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। मंगलवार शाम छह बजे के बाद मौसम में तब्दीली देखने को मिली। रात नौ बजे बूंदाबादी हुई। फिर अचानक दस बजे के बाद बारिश ने रफ्तार पकड़ ली। बुधवार जब लोगों की आंखें खुली तो बारिश हो रही थी। बारिश का क्रम दोपहर तीन बजे तक रुक-रुककर जारी रहा। अधिकांश सड़कों पर घुटनों तक पानी दिखाई दिया।

नाले उफनाने के बाद शहर के स्टेशन रोड, रेलवे स्टेशन परिसर, छतरी चौराहा, राजाबाग कॉलोनी, मधुवन कॉलोनी, सुनगढ़ी, चावला चौराहा, लक्ष्मी टॉकीज, छिपियान मस्जिद समेत विभिन्न मुख्य मार्गो पर पानी आ गया। हाईवे भी जलभराव से अछूते नहीं रहे। टनकपुर हाईवे पर कई जगह जलभराव हो गया। इधर, नौगवां चौराहा के रेलवे के अंडरपास में जलभराव हो गया।

कई लोगों की बाइक और ई-रिक्शा बंद पड़ गए। सर्विस लेन के दोनों मिट्टी का ढेर लगा होने के कारण दोनों ओर पानी भर गया। ऐसे में लोगों को लंबी दूरी तय करते हुए ओवरब्रिज के ऊपर से अपनी मंजिल तक पहुंचना पड़ा। चंद इलाकों में नाले खुलवाने की औपचारिकता पूरी करते हुए स्थिति को जस के तस छोड़ दिया गया। इधर, बाजार में जलभराव होने के कारण कई दुकानों में भी पानी भर गया। ऐसे में बाजार में भी चहल कदमी कम देखने को मिली। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एस एस ढाका ने बताया कि मंगलवार रात से बुधवार तक कुल 50 मिमी बारिश दर्ज की गइ है।आगे भी मौसम अनुकूल रहने की संभावना बनी हुई है।



नौगवां ओवरब्रिज के पास सर्विस रोड पर भरा पानी। ● अमृत विचार



नौगवां चौराहा पर बने अंडरपास में भरा पानी से गुजरती वृद्धा।



बारिश में पानी उड़कर जाता राहगीर। ● अमृत विचार



टनकपुर हाईवे पर छतरी चौराहा के पास सड़क किनारे भरा पानी। ● अमृत विचार



मंडी समिति में हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

## मोहल्लों और पॉश कॉलोनियों की सड़कों पर जलभराव

**पीलीभीत।** बारिश की वजह से शहर की मुख्य सड़के ही नहीं बल्कि पॉश कॉलोनियों और निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालत देखने को मिले। मंगलवार रात से ही निचले इलाकों में पानी भरना शुरु हो गया। जिसमे मुख्य रुप से मोहल्ला डालचंद, बेनी चौधरी, मोहम्मद फारुख, पंजाबियान, फीलखाना, अग्रवाल सभा रोड, खैरुल्लाशाह, आसफजान, चरक कुंआ आदि इलाकों में जलभराव हो गया। जब लोग उठे तो उन्हें सड़कों पर जलभराव दिखा।

ऐसे में कई परिवारों के बच्चे स्कूल नहीं जा सके। इधर, आर्य समाज मंदिर वाली गली, शेर वाली मठिया, देशनगर, बुंदा की डेयरी,ठेका चौकी मार्ग को जाने वाली सड़क पर पानी भर गया। इसके अलावा अशोक कॉलोनी, बल्लभ नगर कॉलोनी, निरंजन कुंज कॉलोनी, अवध नगर कॉलोनी, सुरभि कॉलोनी आदि इलाकों में भी जलभराव हो गया। इस वजह से हरियाली तीज पर मंदिरों में जाने वाली महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ी।

### बारिश में ढह गई जमुनिया मार्ग की पुलिया

बारिश के दौरान माधोटांडा मार्ग पर स्थित जमुनिया मार्ग पर स्थित एक पुलिया भी ढह गई। जिसकी वजह से यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। बता दें कि आठ जुलाई को बाढ़ के दौरान पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद रास्ता बंद हो गया था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन की, तो डीएम ने पीडब्ल्यूडी को निर्माण करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद मरम्मत कार्य कराकर पाइप डाले गए थे। मंगलवार रात रात से शुरु हुई बारिश में फिर से पुलिया ढहने के साथ निर्माण बह गया। बुधवार को जब लोग वहां पहुंचे तो रास्ता कट देखकर उन्हें वापस लौटना पड़ा। फिलहाल अभी मरम्मत शुरु नहीं हो सकी है।

### जलभराव व कीचड़ से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन

ग्राम पंचायत कबीरपुर कसगंजा के गांव झुरकुरिया में मुख्य रास्ते पर जल भराव और कीचड़ की समस्या है। ग्रामीणों ने बुधवार को इसे लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पक्की सड़क बनवाने की मांग करते हुए विधायक को पत्र भेजा। जिसमें बताया कि गांव में पक्की सड़क न होने से दिक्कत बनी रहती है। बारिश के दिनों में मुख्य मार्ग से निकलना दूभर हो जाता है। साफ सफाई का हाल भी बेहाल है। प्रदर्शन करने वालों में संतोष कुमार, विमल कुमार, श्रीपाल, प्रमोद कुमार, हरिओम, ओमप्रकाश रमेश, अंकित, शेरपाल आदि थे।



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार





अशोक कॉलोनी में बुधवार को सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पीडीए अभियान में मुरादाबाद के प्रभारी बने राजू



**पीलीभीत :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी युवजन सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल कई पदाधिकारियों को छात्र –नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान के तहत कमान सौंपी गई है। कई जनपदों में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को प्रभारी और सह प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में जनपद के रहने वाले समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू को मुरादाबाद जनपद का प्रभारी बनाया गया है।

### सिंगर क्षितिज, उसके परिजन और गुरु का सम्मान



**पीलीभीत :** ज्ञान इंटरनेशनल में सुपरस्टार सिंगर सीजन थ्री के फाइनलिस्ट क्षितिज सक्सेना का सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष डॉ .आस्था अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख बीसलपुर अशोक कुमार शर्मा रहे क्षितिज के पिता राकेश सक्सेना, मां गुड़िया व क्षितिज के गुरु संजीव पाराशरी भी शामिल हुए। पालिकाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए क्षितिज के संघर्ष के बारे में बताया और अपने सपने पूरे करने के लिए कड़ी मेहनत का संदेश दिया। अंत में प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा, प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने क्षितिज को सम्मान के रूप में चेक प्रदान किया। माता–पिता व गुरु को शाल देकर सम्मानित किया गया।

### हिंदू महासभा में शामिल हुए कई नये सदस्य





**पीलीभीत :** अखिल भारत हिंदू महासभा की बैठक मंगलवार रात छतरी चौराहा के पास एक बरात घर में हुई। जिसमें नए लोगों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई गई। संगठन के विधि प्रकोष्ठ का गठन भी किया गया। जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि कुछ समय पूर्व संगठन की ओर से गोशालाओं की समस्याओं को लेकर अभियान चलाया गया था। जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था। इसका संज्ञान लेकर जिलाधिकारी भी खुद गोशालाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। व्यवस्थाओं में पहले से काफी सुधार भी कराया गया है। जिला प्रशासन की प्रशंसा की। जिला महामंत्री मयंक जायसवाल ने कहा गुरुवार को बीसलपुर में भी संगठन का विस्तार होने जा रहा है। बीसलपुर के नगर अध्यक्ष की घोषणा वहां बैठक में की जायेगी। संजय बरूआ, निरंजन गंगवार, विक्रांत कुमार, विकास रस्तोगी, मनोज कश्यप, वृजपाल शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, विकास कश्यप, विजय सिह, सतीश लोधी, राजीव वाथम, नन्हे लाल को संगठन की कार्यकारिणी मे शामिल किया गया। युवा विंग के जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, आयुष सक्सेना, सुनील कश्यप, प्रमोद कश्यप, कृष्णा साहनी, सनी कश्यप, लवी सिंह, अमित कुमार, हनी कश्यप, अमन संजोग, राजेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## भू-माफियाओं को संरक्षण दे रहे जिम्मेदार, करेंगे घेराव

- भाकियू अराजनैतिक की बैठक में तय की गई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की पंचायत जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। इसका संचालन जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने किया। इस दौरान सीलिंग की जमीन पर कब्जा करने के मामले में कार्रवाई नहीं करने पर जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए घेराव का ऐलान किया गया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद में भूमाफिया बेलगाम हो गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें जिला प्रशासन और पुलिस संरक्षण देने का काम कर रही है। तहसील कलीनगर के अंतर्गत राजस्व ग्राम राजपुर ताल्लुके महाराजपुर व सिमरा ताल्लुके महाराजपुर में भू-राजस्व अभिलेखों में दर्ज सरकारी सीलिंग की भूमि पर स्थानीय भूमाफियाओं ने कब्जा किया और वर्तमान में पता चला है कि उस पर खेती कर रहे हैं। जबकि कई बार इस भूमि को लेकर ज्ञापन भी दिए जा चुके हैं। शीघ्र कार्रवाई न होने पर जिला मुख्यालय पर घेराव का ऐलान किया गया। इस मौके पर अरविंद यादव, हरेराम, ननकू यादव, करन, राममूर्ति, सोना देवी, राजेंद्र प्रसाद, बलजीत सिंह, कुलवंत सिंह, रामकृपाल आदि मौजूद रहे।

## कलयुग के पापों से बचाता शिव पुराण:भगवान शरण

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** नगर से सटे गांव शिंवुआ के प्राचीन गौरीशंकर महादेव मंदिर परिसर में चल रही शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन बुधवार को अयोध्या से आए आचार्य भगवान शरण ने कथा सुनाई। कहा कि जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त होता है ,वह व्यक्ति भाग्यशाली है।भगवान के विषय में जानने के लिए जिज्ञासु हो,वह भाग्यवान है। हम लोग जिस कलयुग में जी रहे हैं,इस युग में बड़े-बड़े महात्माओं ने गहरा चिंतन किया है। जो भक्ति को धारण करता है वह कलयुग के प्रभाव से बच जाता है।

कथावाचक ने कहा कि जीवन में तीन ताप परेशान करें तो भगवान के निकट पहुंच जाएं। जिससे हमें तीनों ताप से छुटकारा मिलता है। तब तक कलयुग के पाप परेशान करेंगे, जब तक शिवपुराण हमारे जीवन में शामिल न हो जाए। यही शिवपुराण की महिमा है। भगवान शिव की महिमा का बखान करते हुए कहा कि भगवान शिव विनोदशील है। वह सदैव प्रसन्न रहते हैं। मन स्थिति ऐसी हो कि परिस्थिति कभी प्रभावित नहीं करें।अंत मे आरती के बाद प्रसाद वितरित हुआ। व्यवस्था में सुमित गुप्ता,रामेंद्र गोस्वामी, राजेश प्रधान,प्रदीप चौहान,संजय अवस्थी,इंद्रपाल कश्यप,मुल्लन तिवारी, बब्बू अवस्थी,शैलेंद्र सिंह,महेंद्र पाल पूर्व प्रधान,सोहन वर्मा मौजूद रहे।



कथावाचक भगवान शरण।

### शिव भक्त उज्जैन में करेंगे भोले बाबा का जलाभिषेक



**पीलीभीत।** श्री राधा मनमोहन सेवा ट्रस्ट पीलीभीत के तत्वावधान में इस बार भी कई भक्त उज्जैन जाएंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक सिंह गोल्डी ने बताया कि पवित्र श्रावण मास मां प्रकृति के संवर्धन का माह है। इसलिए देवाधिदेव महादेव को यह मास अतिप्रिय है। कांवर पंथ की यात्रा को लेकर करीब 40 भक्त आठ अगस्त को मांधाता ओमकार क्षेत्र स्थित ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग के जलाभिषेक एवं दर्शन कर मां नर्मदा के पावन जल को भरकर पदयात्रा के माध्यम से उज्जैन की ओर रवाना होंगे। इस दौरान कांवड़िये बर्तन खुद लेकर जाएंगे लेकिन प्लास्टिक का सामान नहीं ले जाया जाएगा। उज्जैन जाने वालों में सरदार परमजीत सिंह कैलाशी,अमित जौहरी एडवोकेट, शिवम कश्यप एडवोकेट, राजेश शर्मा,विश्वेश्वर शर्मा ,नितिन सिंह,अमित गंगवार,राजीव गुप्ता, अशोक यादव,रितिक गुप्ता, गोपाल मण्डल,राजाराम लोधी,विक्की वर्मा, मितांशु गुप्ता, शंभू मण्डल,विकास गुप्ता, सनी गुप्ता, संजीव चौहान,गौरव लोधी आदि कांवरथी रहेंगे।

## व्यापारी समेत तीन को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत,अमृत विचार:** सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती के रहने वाले उमेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी मौर्य मार्केट में दुकान हैं। 28 जुलाई को वह अपने भतीजे रवि और पुत्र ओम के साथ दुकान पर मौजूद था। इस दौरान वहीं का सुमित, अमित, नंद किशोर और आशा देवी डंडे और लोहे की राड लेकर दुकान के अंदर घुस आए। पूर्व में दर्ज कराए गए मुकदमे को वापस लेने का दबाव बनाया। गवाही देने पर मारने की धमकी दी गई। विरोध करने पर मारपीट की। आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी है।

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसील में की तालाबंदी

- ज्ञापन देने पहुंचे थे कार्यकर्ता, अधिकारियों के न मिलने पर भड़के

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर भारतीय बजरंगदल कार्यकर्ता एसडीएम को ज्ञापन देने तहसील पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा के साथ दर्जनों कार्यकर्ता नारेबाजी करते रहे, लेकिन ज्ञापन लेने के कोई अधिकारी नहीं पहुंचा।

कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय गए पर वह नहीं मिले। इसके बाद तहसीलदार और नायब तहसीलदार के कार्यालय में गए। यहां भी जब कोई अधिकारी नहीं मिला तो कार्यकर्ता नारेबाजी कर प्रदर्शन करने लगे। इधर, तहसील में हंगामा होने का पता लगते ही कोतवाली पुलिस पहुंच गई। एक घंटे बाद नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम से फोन पर वार्ता कर शिकायत की और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। इसमें कहा गया कि बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हमला और धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ की जा रही है। गठन ने भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदू और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने की मांग की। अशोक राठौर, अभय मिश्रा, धनंजय मिश्रा, अभिषेक, अमित सिंह, विकल्प मिश्रा, आशीष , अजय कुशवाहा, कुलदीप, विनोद आदि थे।





पुरनपुर तहसील में नारेबाजी करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय बजरंग दल ने की सुरक्षा की मांग

**पूरनपुर :** राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष शिवम भदौरिया के साथ तहसील पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित को सौंपा। इसमें बांग्लादेश के सेना प्रमुख से वार्ता कर वहां के हिंदुओं की रक्षा की मांग की। आंदोलन के नाम पर हिंदू और उनके धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाने की बात कही गई। ज्ञापन देने वालों में सुनील, ओमप्रकाश गुप्ता, उत्कर्ष मिश्रा, शिवाजी, अंकित कुमार आदि थे।

## खिरकिया बरगदिया में फसल नदी में समाई

**पूरनपुर।** पिछले महीने शारदा नदी में आई बाढ़ के जख्म अभी तक भरे नहीं हैं। नदी ने कृषि योग्य भूमि को निगलना शुरु कर दिया है। नदी के किनारे बसे ग्रामीणों की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रहीं है। बाढ़ का प्रकोप कम होने के बाद जिदंगी पटरी पर लौटने लगी है। इस बीच नदी चंदिया हजारा, खिरकिया बरगदिया आदि गावों में कटान करने लगी है। रोजाना नदी की तेज लहरें कई एकड़ जमीन अपने आगोश में ले रही है। गांव खिरकिया बरगदिया के दीनानाथ, रामधारी, अलवीर और रमायण की नदी किनारे चार एकड़ गन्ने की फसल लहलहा रही थी। मंगलवार रात शारदा नदी में चारों एकड़ फसल कट गई। सुबह किसान खेतों की ओर पहुंचे तो कटान की जानकारी लगी।

# चूड़ी खनकी-बिंदिया चमकी...बारिश की फुहारों में झूले का लिया आनंद

## बारिश की वजह से शहरी क्षेत्र में घर तक सिमटकर रह गया तीज का त्योहार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** महिलाओं का लोकप्रिय पर्व हरियाली तीज जिले में बारिश के बीच धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं और युवतियों ने हाथों पर मेहंदी रचाने के बाद हरे परिधान पहनकर घरों और मंदिरों में पूजा अर्चना की। इसके बाद सखियों के संग झूले का आनंद लिया। दिन भर लोगों के मिलने जुलने का सिलसिला जारी रहा।

बुधवार को जिले में हरियाली तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इससे पहले चूड़िया, बिंदिया, हरे रंग के परिधान के साथ सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने तीज के गीत गाए। अखंड सुहाग एवं पति की दीर्घायु की कामना लेकर उन्होंने व्रत रखा। शाम को मिट्टी से बने शिव परिवार का सामूहिक पूजन किया। इधर, हरियाली तीज पर शहर के गौरीशंकर मंदिर, अर्द्धनारीश्वर मंदिर और दूधिया नाथ मंदिर में नवविवाहिता जोड़ों की भीड़ लगी रही। उन्होंने पति के साथ पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। वहीं युवतियों ने भी व्रत रखकर मां गौरी की पूजा अर्चना की। शाम में पूजन कर कथा सुनी। कई घरों में शिव पार्वती के भजन और मंगल गान के साथ तरह-तरह के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया।

शादी के बाद पहली तीज मना रही नवविवाहिताओं की ससुराल में कई दिनों से इसकी तैयारियां चल रही थी। जिन्होंने मायके पहुंचकर हरियाली तीज का पर्व मनाया। बारिश के चलते हरियाली तीज पर आयोजित होने वाले मेले का आयोजन नहीं हो सका। हालांकि शाम को बारिश रुकने के बाद माता यशवंतरी देवी मंदिर में प्रांगण में महिलाएं और युवतियां अपनी सखियों के साथ वहां पहुंची। जहां उन्होंने रस्सी से पेड़ पर झूला डालकर रिमझिम फुहार के बीच झूले का आनंद लेते हुए सावन के गीत गाए। इस दौरान झूले पर कई युवतियां सेल्फी लेने में भी जुटी रहीं। बाजार में बारिश के चलते भीड़ नहीं देखने को मिली। मगर शाम को मेहंदी स्टॉल और ब्यूटी पॉर्लर और अन्य दुकानों पर महिलाएं खरीदारी करती मिलीं।

**● मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद घरों में बने पकवान, खूब गाए मंगल गीत**



माता यशवंतरी देवी मंदिर में सखियों के साथ झूला झूलती महिला। ● अमृत विचार



माता यशवंतरी देवी मंदिर में झूला झूलती महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने तीजोत्सव में की मौज मस्ती



**पीलीभीत :** हरियाली तीज त्यौहार पर जावेद फ्यूजन फिटनेस और डांस एकेडमी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आशि आनंद , भावना , गुरप्रीत कौर , सोनू कारकी, मेघा अग्रवाल, सुगंधा सिंह, संध्या मिश्रा, ललिता गंगवार, श्योता, खुशबू सैनी, रश्मि शर्मा , पूजा मिश्रा वर्तिका, सोनम सैनी, श्वेता सक्सेना, दीपिका शुक्ला, अनुपमा चौहान, श्वेता गुप्ता, प्रतिमा गुप्ता, अन्विता पाल, आयुषि अग्रवाल , अनामिका, सुनीता देवी, श्योता आदि ने मेहंदी लगाई। रैंप वॉक, डांस, ड्रेस स्टाइल, हेयर स्टाइल और फेस एक्सप्रेशन करके दिखाए। करीब 30 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। एकेडमी के डांस डायरेक्टर जावेद ने सभी को पर्व की बधाई दी।

### छात्राओं ने सजाई हाथों में मेहंदी, मिला पुरस्कार




**मझोला :** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हरियाली तीज पर मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई। बतौर मुख्य अतिथि नगर के प्रशिक्षक संजना पटेल, साक्षी पटेल, प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम शुरू किया। जूनियर वर्ग में कक्षा आठ की माहेनूर प्रथम, कक्षा सात की आरती द्वितीय, कक्षा आठ की सुनाली तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि सीनियर वर्ग में हाईस्कूल की राधिका प्रथम, कक्षा नौ की अंकिता देव द्वितीय और इंटरमीडिएट की प्रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। संयोजक प्रीति मौर्या, पूजा कुशवाहा रहीं।

### शिवानी जायसवाल के सर सजा तीज क्वीन का ताज



**बिलसंडा :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की महिला विंग की ओर से बीसलपुर रोड पर स्थित एक बरात घर में तीजोत्सव कार्यक्रम हुआ। जिसमें मिस क्वीन नगर की शिवानी जायसवाल चुनी गई। प्रतिभा सक्सेना, प्रीति जायसवाल, प्रियंका, हिना, ममता व चांदनी गुप्ता, पूनम जायसवाल, स्वाति, प्रीति राठौर, मनीषा, प्रियंका कटियार, भावना,ममता सिंघल, रेखा, निधि, कनिका,रंजना, नीतू आदि मौजूद रहे। व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल ने कहा कि नारी न केवल परिवार की धुरी है, बल्कि विकसित समाज और देश की धुरी है। वह बच्चों के विकास, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### बीसलपुर में धूमधाम से मना हरियाली तीज का पर्व



**बीसलपुर :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मेंहदी प्रतियोगिता कार्यक्रम प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्र ने शुरू किया। प्रतियोगिता संयोजक कविता गंगवार, नावेंद्र कुमार, श्रीधर शर्मा, जनार्दन मिश्रा, रमेश पाल, अशोक पांडेय, विनित अग्रवाल, अभिषेक यादव, मोहित रस्तोगी मौजूद रहे। बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं ने फूड, मेहंदी आदि के स्टॉल लगाए। प्रधानाचार्य अर्चना चौहान आदि मौजूद रही। बिहारीजी पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य विशाल ओसमन की मौजूदगी में मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता हुई। अध्यक्ष छेदालाल जायसवाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। शिशु विहार विद्यालय में प्रधानाचार्य दीपशिखा मिश्रा ने तीज महत्व पर प्रकाश डाला।

### स्प्रिंगडेल में छात्राओं ने मनाई तीज



पीलीभीत : स्प्रिंगडेल कॉलेज में कोऑर्डिनेटर उपमा सक्सेना ने बच्चों को हरियाली तीज का महत्व बताया। कहा कि तीज का त्योहार खुद हरे भरे वृक्षों के महत्व को बताता है। वृक्ष हमारे पर्यावरण को संरक्षित रखने में मदद करते हैं। वर्षा में सहायक होते हैं। हम सबको अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता की प्रथम श्रेणी में कक्षा तीन की आरूषि प्रथम , नीतू द्वितीय और एंजल तृतीय स्थान पर रही। दूसरी श्रेणी में कक्षा चार की उर्वशी प्रथम , यशिका द्वितीय और रिद्धिमा तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द ने तीज पर्व की सभी को बधाई दी।

### सराही गई छात्राओं की लगाई मेहंदी



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** ग्राम मुड़िया हुलास में स्थित ज्योति पाठक मेमोरियल एकेडमी में आयोजित हरियाली महोत्यव में छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रबंधक राजेंद्र पाठक, प्रधानाचार्य मनोज कुमार वर्मा ने छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यापक भगवान दास, अजयपाल, रूपेन्द्र कुमार, प्रीति वर्मा, तुलसी मौर्य, नीरज वर्मा, शिखा पाठक, अर्चना देवी, वर्षा देवी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नारी शक्ति क्लब ने मनाया तीज महोत्सव



**पूरनपुर :** नारी शक्ति क्लब ने शहर के एक होटल में तीज महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रभा गुप्ता, नीता अग्रवाल एवं मिंटी मंडेर ने भजन गाए। शुभी, खुशी, रिमझिम, दिव्या, नेहा और यशिता ने नृत्य किया। लकी ड्रा में अंजली गुप्ता विजेता रहीं। अन्य प्रतियोगिताओं में पायल, मेघा, दीपिका, यशिता, अंकिता, स्मिता, श्रेष्ठा और नीता ने बाजी मारी। डा. नीता अग्रवाल ने सभी सदस्यों को खूबसूरत टाइटल से अलंकृत किया।अध्यक्ष रानो माटा, सरिता सिंह, मीरा गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, मधु नागी, दीपिका गुप्ता, रुचि मल्होत्रा, दीपिका गुप्ता, मोनिका गुप्ता, सलोनी गुप्ता, सुधा गुप्ता, मंजरी गुप्ता, रानी चंदी, अर्चना सिंघल आदि मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं ने सीखी पाक कौशल कला



**पीलीभीत :** गोस्वामीज़ मॉमस प्राइड स्कूल में बुधवार को पाक कौशल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व कुकिंग हेड के रुप में पारुल अग्रवाल शामिल हुई। बच्चों ने उत्साह के साथ पाक कला का महत्व समझा और इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम की शुरुआत संरक्षिका डॉ .सोनिया गोस्वामी, प्रधानाचार्या नीलोफर अंसारी ने की। कार्यक्रम में कक्षा आठ से दस तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया मुख्य अतिथि ने कुकिंग के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। मंच प्रस्तावना विद्यालय की छात्रा निभा और वैशाली ने की। शिक्षिका विष्णु प्रिया ने संचालन किया। कार्यक्रम में प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने भी विचार व्यक्त किए।

### क्रीड़ा अधिकारी ने खेल को लेकर किया प्रोत्साहित



**पीलीभीत :** बालाजी निजी आईटीआई में जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह यादव ने संस्थान में निशुल्क कंपटीशन क्लासेज ले रहे समस्त छात्र, छात्राओं को खेल एवं शारीरिक व्यायाम की महत्वता के बारे में बताया। कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ क्रीडा क्षेत्र में भी भूमिका निभानी चाहिए। संस्थान के संरक्षक हरिओम चौधरी की सराहना की। निशुल्क छात्र हित के कार्यों को निरंतर बनाए रखने के लिए क्रीड़ा भारती पीलीभीत की समस्त टीम को प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य विकास सक्सेना, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, नरेश सिंह, संतोष दुबे, तेज बहादुर वर्मा, प्रसून आदि मौजूद रहे।


## बरेली-रोजा सेक्शन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 'ट्रैन्स हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा बरेली-रोजा सेक्शन के मीरानपुर कटरा स्टेशन पर डाउन रेल लाइन के संबंध में प्री नॉन-इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 14.08.2024 से 16.08.2024 तक उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(याँ) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 14235 वाराणसी जं.–बरेली एक्सप्रेस | 13.08.2024 से 15.08.2024 |
| 14236 बरेली–वाराणसी जं. एक्सप्रेस | 14.08.2024 से 16.08.2024 |
| 14307/14308 प्रयागराज संगम–बरेली–प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | 14.08.2024 से 16.08.2024 |
| 04380 बरेली–रोजा एक्सप्रेस विशेष | 13.08.2024 से 16.08.2024 |
| 04379 रोज़ा–बरेली एक्सप्रेस विशेष | 14.08.2024 से 17.08.2024 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि(याँ) (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 15074 टनकपुर–सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस | पीलीभीत जं.–बीसलपुर–शाहजहाँपुर | 14.08.2024 एवं 16.08.2024 |
| 15073 सिंगरौली–टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस | पीलीभीत जं.–बीसलपुर–शाहजहाँपुर | 13.08.2024 एवं 15.08.2024 |
| 15076 टनकपुर–शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस | पीलीभीत जं.–बीसलपुर–शाहजहाँपुर | 15.08.2024 |
| 15075 शक्तिनगर–टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस | पीलीभीत जं.–बीसलपुर–शाहजहाँपुर | 14.08.2024 |
| 14009 बापूधाम मोतिहारी–आनन्द विहार (ट) चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | सीतापुर–पीलीभीत जं.–बरेली सिटी–रामगंगा | 13.08.2024 एवं 15.08.2024 |
| 15621 कामख्या–आनन्द विहार (ट) एक्सप्रेस | सीतापुर–पीलीभीत जं.–बरेली सिटी–रामगंगा | 15.08.2024 |
| 15909 डिब्रुगढ़–लालगढ़ जं. अवध असम एक्स. | लखनऊ–कानपुर सेन्ट्रल–गाजियाबाद | 14.08.2024 |

**रेलगाड़ियों का पुनर्निर्धारण**

रेलगाड़ी संख्या 12332 जम्मू तवी–हावड़ा जं. एक्सप्रेस जम्मू तवी से दिनांक 15.08.2024 को 22:45 बजे की जगह 00:45 बजे पुनर्निधारित होकर प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15098 जम्मू तवी–भागलपुर एक्सप्रेस जम्मू तवी से दिनांक 13.08.2024 को 22:45 बजे की जगह 00:45 बजे पुनर्निधारित होकर प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15211 दरभंगा जं.–अमृतसर जं. एक्सप्रेस दरभंगा जं. से दिनांक 15.08.2024 को 17:20 बजे की जगह 18:20 बजे पुनर्निधारित होकर प्रस्थान करेगी प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15211 दरभंगा जं.–अमृतसर जं. एक्सप्रेस दरभंगा जं. से दिनांक 13.08.2024 को 17:20 बजे की जगह 18:35 बजे पुनर्निधारित होकर प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 13152 जम्मू तवी–हावड़ा जं. एक्सप्रेस जम्मू तवी से दिनांक 13.08.2024 एवं 15.08.2024 को 20:30 बजे की जगह 22:30 बजे पुनर्निधारित होकर प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15910 लालगढ़ जं.–डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस लालगढ़ जं. से दिनांक 13.08.2024 एवं 15.08.2024 को 19:50 बजे की जगह 21:50 बजे पुनर्निधारित होकर प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 22454 मेरठ सिटी–लखनऊ (एनई) एक्सप्रेस मेरठ सिटी से दिनांक 14.08.2024 को 06:40 बजे की जगह 10:10 बजे पुनर्निधारित होकर प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 22454 मेरठ सिटी–लखनऊ (एनई) एक्सप्रेस मेरठ सिटी से दिनांक 16.08.2024 को 06:40 बजे की जगह 09:10 बजे पुनर्निधारित होकर प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 12369 हावड़ा जं.–देहरादून एक्सप्रेस हावड़ा जं. से दिनांक 15.08.2024 को 13:00 बजे की जगह 17:00 बजे पुनर्निधारित होकर प्रस्थान करेगी।

**रेलगाड़ियों का विनियमन**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | विनियमन की अवधि | तिथि आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|---|
| 22454 मेरठ सिटी–लखनऊ (एनई) राज्य रानी एक्सप्रेस | मार्ग में 45 मिनट | 15.08.2024 |

**नोट: विशेष अथवा विलम्ब से चलने वाली रेलगाड़ियों को तद्नुसार रोक कर चलाई जायेंगी।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2452/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**न्यायालय श्रीमान जिला जज, बरेली**
लघुवाद रिवीजन नं. 24 सन् 2023
भीकम सिंह आदि बनाम भारत भूषण गाबा आदि
**बनाम**
पटेल म्युचुअल बेनिफिट्स लिमिटेड कंपनी अधिनियम 1956 के तहत पंजीकृत एक लिमिटेड कंपनी है, जिसका कार्यालय सी– 1041, पटेल नगर, बरझाला हाउस, बरेली द्वारा प्रबंध निदेशक श्रीमती सावित्री सिंह, वयस्क, पत्नी श्री भूपेन्द्र सिंह, निवासी सी–1041, पटेल नगर, बरझाला हाउस, बरेली और वर्तमान 2–8, पटेल एन्क्लेव, मुंशी नगर, बरेली
.......... विपक्षीगण
चूंकि मुसम्मी भीकम सिंह आदि ने आपके नाम एक लघुवाद निगरानी संख्या 24 सन् 2023, भीकम सिंह आदि बनाम भारत भूषण गाबा आदि के दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 13.08.2024 अदालतन या मार्फत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा की जवाबदेही कर सके, मय कागजात मुतलका के हाजिर हो, वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 07.08.2024 को मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया।
**जज**

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी की फर्म मैसर्स न्यू इण्डिया कॉन्ट्रक्टर्स पता वार्ड नं. 12, टाउन रिछा, तहसील बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश जिसकी पंजीकरण सं. BAR/0012478 है, यह उपरोक्त फर्म दिनांक 17.06.2016 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य रही है, उपरोक्त फर्म से साझेदार श्रीमती मैसर जहां पत्नी श्री नसीम अहमद दिनांक 09.04.2023 को मृत्यु हो गयी है तथा एक साझेदार श्री नसीम अहमद पुत्र श्री अब्दुल लतीफ दिनांक 09.04.2024 को स्वेच्छा से रिटायर / सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उक्त के स्थानों पर साझेदार सुश्री जुल्फी व सुश्री सिमरन पुत्रीगण नसीम अहमद निवासिनी मोहल्ला नूरीनगर बहेड़ी बरेली उत्तर प्रदेश 243201 दिनांक 09.04.2024 को स्वेच्छा से सम्मिलित हो रही है। उपरोक्त फर्म में वर्तमान में कुल चार साझेदार है क्रमश: 1. अकील अहमद पुत्र श्री मंजूर अहमद 2. नाजिश बी पुत्री श्री कल्लू 3. जुल्फी पुत्री श्री नसीम अहमद व सिमरन पुत्री श्री नसीम अहमद साझेदार है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त साझेदारी के संशोधन के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई।
**अकील अहमद**
**साझेदार**

**इश्तहार मुजरिया**
**वअदालत जनपद न्यायाधीश बरेली**
**प्रकीर्ण वाद सं. 07 सन् 2024**
**गुलशन कुमार बनाम विनय कृष्णा**
दरखास्त मुसम्मी गुलशन कुमार ने वास्ते हुक्म सर्टिफिकेट प्रोवेट बावत वसीयतनामा किफायत जाये याफ्तानी मुसम्मी गोकिल चन्द्रा मुतवफी अपने वमुजिव एक्ट 7 सन् 1889 ई. व कैद हरगाह मुसम्मी गुलशन कुमार ने दरखास्त हुक्म सर्टिफिकेट गुजरानी है और तारीख 12.08.2024 वास्ते समायत दरखास्त हाजा के मुकरर की है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरखवास्त हाजा के निसवत कोई उजर हो, असालतन या बकालतन बतारीख 12.08.2024 को पेश होकर दरखास्त हाजा की निसवत उजर पेश करे दरसूरत इनकामे तारीख मुकरर कोई उजर निस्वत दरखास्त सुना नहीं जायेगा और मुनासिब हुक्म निस्वत दरखास्त हाजा सादिर होगा।
आज तारीख 7.8.24 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
**मुंसरिम**
**न्यायालय जिला जज बरेली**

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली, उ.प्र.।**
इजराय संख्या–45/2023 जय प्रकाश बनाम मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, इजराय संख्या–46/2023 सतेन्द्र कुमार बनाम मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, इजराय संख्या–47/2023 गौरव कुमार बनाम मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, इजराय संख्या– 48/2023 आरती बनौधा बनाम मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, इजराय संख्या–49/2023 भानु प्रताप बनाम मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, इजराय संख्या–50/2023 अरूण कुमार बनाम मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, इजराय संख्या–51/2023 साक्षी सक्सेना बनाम मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, इजराय संख्या–52/2023 धनपाल बनाम मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, इजराय संख्या–53/2023 सत्यवीर सिंह बनाम मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, इजराय संख्या–54/2023 पुष्पलता बनाम मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, इजराय संख्या– 55/2023 देवेन्द्र कुमार बनाम मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, इजराय संख्या–57/2023 प्रवेश कुमार बनाम मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र।
**नोटिस**
1. मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र (एम.आई.टी.सी.) द्वारा निदेशक, 149 ई, सिविल लाइन्स, कचहरी के पीछे, बरेली–243001 2. श्रीमती प्रतिभा मेहरा पत्नी स्व. श्री प्रमोद कुमार मेहरा, निदेशक, एम.आई.टी.सी. 149, सिविल लाइन्स, कचहरी के पीछे, बरेली–243001 3. नन्दन एजुकेशन सोसायटी द्वारा प्रबन्ध निदेशक, 149 ई, सिविल लाइन्स, कचहरी के पीछे, बरेली–243001 4. डॉ. मनीष मेहरा, प्रबन्ध निर्देशक, नन्दन एजुकेशन सोसायटी व एम.आई.टी.सी. 149 ई, सिविल लाइन्स, कचहरी के पीछे, बरेली–243001 5. राजेश मेहरा, सहायक प्रबन्ध निदेशक, एम.आई.टी.सी. 149, सिविल लाइन्स, कचहरी के पीछे, बरेली–243001 आपको सूचित किया जाता है कि इस आयोग के निर्णय दिनांकित– 06.02.2017 का अनुपालन आपके द्वारा नहीं किया गया है। उक्त इजराय बाद की उपरोक्त पत्रावलियों में सुनवाई हेतु अग्रिम तिथि 06.09.24 नियत की गयी है।
अत: आप दिनांक 06.09.24 को समय प्रात: 10:30 बजे जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग–द्वितीय, बरेली में स्वयं उपस्थित हों।
आज दिनांक 05.08.2024 को जारी किया गया।
**आज्ञा से-अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सावरखेड़ा वि.ख. बिथरीचैनपुर बरेली**
समस्त अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सावर खेड़ा में मनरेगा व पंचम और 15वें वित्त आयोग से निम्न कार्य हेतु सामग्री की आवश्यकता है। सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, देशी रेता, रोड़ा ईट, प्रथम आदि की सीलबन्द निविदायें दिनांक 08.08.2024 से 12.08.2024 तक दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें उसी दिन निविदादाताओं व उसके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत में सचिव/प्रधान की अध्यक्षता में शाम 3 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | विजय के घर से मनोहर के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण | 399083 |
| 2. | वासुदेव के घर से जयपाल की बैठक तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 3 लाख |

प्रधान-श्रीमती गुलशन सचिव-श्री अजय वंश

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., सेमीखेड़ा (बरेली)**
पत्रांक : 474/सी/क्रय/2024–25 दिनांक : 07.08.2024
**ई–निविदा सूचना**
सत्र 2024–25 हेतु इस चीनी मिल में सामग्री–उपकरण आपूर्ति, विभिन्न कार्यपूर्ति एवं विक्रय हेतु इच्छुक/अनुभवी निविदादाताओं से ई–निविदायें दि. 08.08.2024 से बी–क्योरिंग हेतु 01 नग 1500/30° साइज की कान्टीनुअस सेन्ट्रीफ्यूगल मशीन की आपूर्ति हेतु आमंत्रित की जायेगी जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.etender.up.nic.in तथा upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।
**प्रधान प्रबन्धक**
**किसान सहकारी चीनी मिल लि.**
**सेमीखेड़ा (बरेली)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अधलखिया वि.ख. बिथरीचैनपुर बरेली**
सभी अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अधलखिया में मनरेगा के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामिग्री, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, प्रथम ईट की रोड़ी, प्रथम ईट एवं नदी रेता आदि की सीलबन्द निविदाएं दिनांक 09.08.2024 को सायं 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 10.08.2024 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत प्रधान जी की अध्यक्षता में सायं 4:00 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाले कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | बाबूराम के घर से जामुन के पेड़ तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 273456.00 |
| 2. | पोशाकी लाल के मकान से हरपाल, डालचन्द, के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 199373.00 |
| 3. | गेंदनलाल के घर से बाबूराम, श्याम के घर होते हुए जमुना प्रसाद के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य | 148008.00 |
| 4. | पूरन लाल के घर से धर्मवीर के घर तक नाली निर्माण कार्य | 119082.00 |
| 5. | मेन सड़क से अमृत सरोवर तालाब तक सी.सी. निर्माण कार्य | – |

प्रधान-श्री संजीव कुमार सचिव-श्री यूधिष्टर सिंह

**प्राथमिक विद्यालय करनपुर कलां वि.क्षे. फरीदपुर, बरेली**
**नीलामी सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए./निर्माण/1634–46/2024–25 दिनांक 27.07.2024 के अनुपालन में प्रा. वि. करनपुर कलां के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 12.08.2024 दिन सोमवार को प्रात: 10 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। आवश्यक प्रक्रिया पूरी न होने की स्थिति में नीलामी पुन: दिनांक 14.08.2024 तथा 17.08.2024 को प्रात: 10 बजे से की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड व रू. 6200/– जमानत राशि के रूप में जमा करने होंगे। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को प्रात: 9 से 10 बजे तक होगी। नीलामी की शर्ते विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।
**रामा देवी**, विद्यालय प्रबन्ध समिति, प्रा.वि. करनपुर कलां, वि.क्षे. फरीदपुर, बरेली
**रजनी सागर (सचिव)**, विद्यालय प्रबन्ध समिति, प्रा.वि. करनपुर कलां, वि.क्षे. फरीदपुर, बरेली मो. 9027123122

**कार्यालय नगर पंचायत बिलराम, कासगंज**
पत्रांक:–मीमो 'न.पा.प.सोरों'/2024–25 दिनांक: 7 अगस्त 2024
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, सेक्टर– 7, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ उ.प्र. के पत्र संख्या– 4/319/स्व.षौ./2022–23, लखनऊ, दिनांक 06.05.2024 के क्रम में मा. उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या– 324 ऑफ 2020 डॉ. बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुअल स्कैवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पंचायत बिलराम (कासगंज) सीमान्तर्गत स्थित समस्त 11 वार्डो में कराया जा रहा है। अत: सर्व साधारण दिनांक 14.08.2024 तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, सोरों में उपस्थिति होकर या श्री मोहम्मद अशरफ लिपिक मोबाइल नं. 8954513304 से सम्पर्क कर अस्वच्छ शौचालयों तथा मैनुअल स्कैवेंजरों की सूचना दी जा सकती है जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बिलराम, कासगंज**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सोरों, कासगंज**
पत्रांक:– 253/न.पा.प.सोरों/2024–25 दिनांक: 7 अगस्त 2024
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, सेक्टर– 7, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ उ.प्र. के पत्र संख्या– 4/319/स्व.षौ./2022–23, लखनऊ, दिनांक 06.05.2024 के क्रम में मा. उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या– 324 ऑफ 2020 डॉ. बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुअल स्कैवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पालिका परिषद सोरों, (कासगंज) सीमान्तर्गत स्थित समस्त 25 वार्डो में कराया जा रहा है। अत: सर्व साधारण दिनांक 14.08.2024 तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, सोरों में उपस्थिति होकर या श्री पंकज कुमार लिपिक मोबाइल नं. 9837800512 से सम्पर्क कर अस्वच्छ शौचालयों तथा मैनुअल स्कैवेंजरों की सूचना दी जा सकती है जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।
**पंकज कुमार**, प्रभारी सफाई निरीक्षक — **मुकेश कुमार**, अधिशासी अधिकारी — **रामेश्वर दयाल महेरे**, अध्यक्ष

**कार्यालय ग्राम पंचायत शिवपुरी, विकास खंड मझगवां (बरेली)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शिवपुरी में मनरेगा व राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत की वित्तीय वर्ष 2024–25 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ. एस. आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया, वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना एवं जो प्राक्कलन में हैं आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 12 अगस्त 2024 तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।
प्रधान श्रीमती भागवती सचिव श्री अजय कुमार

न विश्चसेदविश्चस्ते विश्चस्ते नातिविश्चसेत्।
विश्चासाद् भयमुत्पन्न मुलान्यपि निकृन्तति ॥

जो व्यक्ति भरोसे के लायक नहीं है ,उस पर तो भरोसा न ही करें ,लेकिन जो बहुत भरोसेमंद है, उस पर भी अंधे होकर भरोसा न करें , क्योंकि जब ऐसे लोग भरोसा तोड़ते हैं तो बड़ा अनर्थ होता है।


## संपादकीय

# फोगाट की अयोग्यता

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक में अयोग्य करार दिए जाने पर पूरा देश स्तब्ध है। निश्चित रूप से यह घटना विनेश के लिए ही नहीं समूचे देश और उन सब खेल प्रेमियों के लिए दुखदायी है जो देश का नाम रोशन करने के लिए अपने खेल में जी-जान लगा देते हैं। इस ओलंपिक में भारतीय एथलीट के साथ हुई खेल इतिहास की यह सबसे चौंकाने वाली घटना है। विश्व विजेता पहलवानों को हरा कर फाइनल में पहुंची विनेश फोगाट को तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। गौरतलब है कि मंगलवार को 50 किलो वजन वर्ग में वह कुश्ती के तीन मुकाबले जीत कर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनी। सेमीफाइनल में उन्होंने क्यूबा की पहलवान गुजमान लोपेजा को, क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन की ओकसाना लिवाच और प्री क्वार्टरफाइनल में विश्व चैंपियन जापान की युई सुसाकी को मात दी थी। उन्हें बुधवार रात करीब 10 बजे स्वर्ण पदक के लिए अमेरिकी पहलवान सारा एन हिल्डरब्रांट से मुकाबला करना था। वास्तव में विनेश ने जो किया है वह कल्पना से परे है। विनेश ने जिस जद्दोजहद से स्वर्ण लाने का उपक्रम किया था उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि भारत ने महिला पहलवान विनेश फोगाट के मुद्दे को लेकर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष विरोध दर्ज कराया है।

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के नियमों और विनियमों के अनुसार सभी प्रतियोगियों के लिए संबंधित श्रेणी में प्रत्येक सुबह वजन-माप का किया जाता है। विनेश का वजन 50 किलो 100 ग्राम पाया गया। इसलिए उन्हें स्पर्धा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। सवाल है कि इसमें लोगों को साजिश जैसा क्यों लग रहा है। मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने भी आरोप लगाया कि ओलंपिक से पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य करार दिया जाना साजिश भी हो सकती है क्योंकि उसके जैसे बेहतर खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंटों से पहले वजन कम करने की तकनीक बखूबी आती है। ऐसे में जब भारत सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है और पूरा देश फोगाट के साथ है, विचार करने की जरूरत है कि किससे कहां गलती हुई और कहां लापरवाही हुई। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा भी पेरिस में है और खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे इस बारे में उचित कार्रवाई करने के लिए कहा है। उम्मीद है भारतीय ओलंपिक संघ इस निर्णय को मजबूती से चैलेंज कर देशवासियों की प्रेरणा खिलाड़ी को न्याय दिलाएगा।

# बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के मायने


रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

इस्लाम के उदय से पहले, ईरान की सीमा तक का अफगानिस्तान हिंदू पद-पातशाही के कब्जे में था। अगर हम उत्तर-पश्चिमी भारत की पॉलिटिकल जियोग्राफी और रिलीजियस एथ्नोग्राफी को एक विकासक्रम में देखें तो सिकंदर के समय से यही हिस्सा असुरक्षित था जिसकी वजह से भारत की सुरक्षा दांव पर लगी रहती थी।

बांग्लादेश में शासनसत्ता में क्राइसिस का उद्गम असल में हमें आर्थिक और टेक्नोलॉजिकल स्वावलंबन की इच्छा में ढूंढना पड़ेगा। भारत के विदेश विभाग की पहल पर शेख हसीना को डिप्लोमेटिक सुरक्षा देने के अलावा अभी तक ऐसी प्रतिक्रिया सरकारी स्तर पर अभिव्यक्त नहीं की गई है जिसे लेकर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी की भौहें तन जाएं। इंटीग्रेटेड मेरीटाइम ट्रेड एंड सिक्यूरिटी के लिहाज़ से भी मामला महत्व का है। भारत ने मानवीय कारणों और संबंधों के आधार पर शेख हसीना को सुरक्षित रूप से भारत में प्रवेश देने के अलावा बांग्लादेश के अंदरूनी मामले में हस्तक्षेप नहीं किया है। मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट सी-130 हरक्युलिस में भारत में हिंडन एयरफोर्स बेस तक पहुंची शेख हसीना के विमान को आजू-बाजू उड़ रहे इंडियन एयरफोर्स के दो युद्धक विमानों की सुरक्षा में हिंडन तक लाया गया।

बांग्लादेश के 1.47 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में जनसंख्या का घनत्व भारत के 438 की तुलना में लगभग 1342 व्यक्ति प्रति एक वर्ग किलोमीटर है। दुनिया में आबादी के हिसाब से सबसे अधिक घनत्व वाले देशों इंडोनेशिया और पाकिस्तान के बाद बांग्लादेश का नंबर तीसरे पायदान पर है। भारतीय उपमहाद्वीप की भू-राजनीति को यदि हम समझते हैं, तो देखते हैं कि मुसलमान भारत के पश्चिमी 'द्वार' से आए थे जबकि मंगोलॉयड नस्ल उत्तर-पूर्व से आई थी। इसने हमारे देश की जातीय-राजनीति को बदल दिया और इस भूभाग के विभाजन का कारण बना। चालीस साल तक इंडियन नेशनल कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच एथनोपॉलिटिक्स के चलते सन 1947 में पाकिस्तान बनाया गया था और इसे दो हिस्सों-पश्चिमी एवं पूर्वी में विभाजित रखा गया जिनके बीच 1200 किलोमीटर की दूरी थी। यह सिस्टम अपने उदय काल से ही टूटन के बीज लेकर चला था। भारत के पड़ोस में अतिवाद और अराजकता से पीड़ित एक लोकतांत्रिक मुस्लिम देश के घटनाक्रम की आंच से हम भी झुलसते हैं। नवराष्ट्र बांग्लादेश के प्रधानमंत्री रहे शेख मुजीब-उर-रहमान की हत्या 15 अगस्त सन 1975 को एक षड़यंत्र रचकर कर दी गई। संयोग ही है कि भारत में उस दिन आजादी का पर्व मनाया जा रहा था। उस समय शेख हसीना जर्मनी में अपने पति के साथ थीं

बांग्लादेश के 1.47 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में जनसंख्या का घनत्व भारत के 438 की तुलना में लगभग 1342 व्यक्ति प्रति एक वर्ग किलोमीटर है। दुनिया में आबादी के हिसाब से सबसे अधिक घनत्व वाले देशों इंडोनेशिया और पाकिस्तान के बाद बांग्लादेश का नंबर तीसरे पायदान पर है।

जो एक न्यूक्लियर साइंटिस्ट हैं। बांग्लादेश में सेना द्वारा तख्ता-पलट दिए जाने से वे दिल्ली आकर रहने लगीं। इन छः वर्ष तक वे निर्वासित के रूप में रहीं लेकिन दिल्ली की उच्च पॉलिटिकल जेन्ट्री से इनके सामाजिक मेलजोल पर कोई प्रतिबंध नहीं था।

इस्लाम के उदय से पहले, ईरान की सीमा तक का अफगानिस्तान हिंदू पद-पातशाही के कब्जे में था। अगर हम उत्तर-पश्चिमी भारत की पॉलिटिकल जियोग्राफी और रिलीजियस एथ्नोग्राफी को एक विकासक्रम में देखें तो सिकंदर के समय से यही हिस्सा असुरक्षित था जिसकी वजह से भारत की सुरक्षा दांव पर लगी रहती थी। सेंट्रल एशिया के दर्ज़नों कबीलों में से लाखों की संख्या में इरानी-तूरानी, बलोच और अफगानजनों ने भारत की ओर रुख किया था, खासतौर से लोदी सल्तनत के समय। ये लड़ाके न केवल खुद यहीं के बाशिंदे हुए बल्कि स्थानीय, कमज़ोर जातियों और कबीलों को या तो इन्होंने कुचल दिया, संहार किया या इस्लाम धर्म कबूलवा लिया। सुल्तानों और मुग़ल बादशाहों ने 700 के करीब अपने चहेतों को अमीर-उमरा, फौजदार, सरदार और जागीरदार के ओहदों पर नियुक्त किया और पूरे हिंदुस्तान में इन्हें इलाके भी दिए गए जिनमें रहने वाले खेतिहर किसानों से ये लोग सैनिक बल दिखा कर भूमि-कर उगाहते थे।

बुरा नतीजा यह हुआ कि भारत की आधी से अधिक मुस्लिम आबादी संकर या कन्वर्टेड हो गई। भारत की मुस्लिम आबादी अपनी जेनेटिक प्रोफाइल चेक करवाने पर इसीलिए ऐतराज करती है इससे उनकी जेनेटिक-लीनियेज़ अर्थात वंशानुगत बायलॉजी की पोल न खुल जाए। विभिन्न सिद्धांत हैं जिनके अनुसार देखा गया कि सन 1900 के बाद से अलग मुस्लिम राष्ट्रवाद का भाव बल पकड़ने से धर्म के आधार पर अलग देश की मांग मानकर अंग्रेजों को पाकिस्तान बनाना चाहिए था या नहीं और बंगाल के दो हिस्से करके पूर्वी हिस्सा पाकिस्तान को देना चाहिए था या नहीं। शेष भारत पर इसके नतीजों से लापरवाह रहकर अंग्रेजों ने वही किया जो नहीं होना चाहिए था। सच्चाई यह है कि करीब 10 लाख 28 हज़ार वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र हमसे उन लोगों ने छीन लिया है जो नस्ल और धर्म से विदेशी थे। पाकिस्तान के 8 लाख 81 हजार वर्ग किलोमीटर और बांग्लादेश के 1 लाख 28 हजार वर्ग किलोमीटर रकबे को मिलाकर देखें तो यह 10.28 लाख वर्ग किलोमीटर बनता है। देश बनाने की कल्पना बुरी नहीं लेकिन सर्वाइवल मुश्किल होता है अगर जनसंख्या से कसकर भरे हुए बांग्लादेश जैसे संप्रभु देश के भीतर अस्तित्व को कायम रखने के जरूरी और पर्याप्त प्राकृतिक संसाधन न हों और अपने मूल देश (भारत) के साथ घनिष्ठ संबंध न रखे पाते हों। बांग्लादेश में न केवल जातीय प्रकृति की बल्कि गंभीर आर्थिक समस्याएं हमेशा बनी रहेंगी जिन्हें सर्वोत्तम राजनैतिक शासन भी स्वतंत्र रूप से खुद को स्वावलंबी बनाने की धुन के रखते हुए हल नहीं कर सकते। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था गति प्राप्त कर रही थी और तेज़ी से पॉलिटिकल इकॉनमी में बदलने लगी थी कि सत्ता परिवर्तन हो गया। बांग्लादेश में वर्तमान दंगों से फ़ैली अशांति के कारण सत्ता परिवर्तन के मूल में गहरे कारण हो सकते हैं। यहां कार्य योग्य 25 लाख जन बेरोजगार हैं। बांग्लादेश की सन 2023 में शुद्ध राष्ट्रीय आय 430.45 बिलियन अमरीकी डॉलर के मूल्य के बराबर थी। इसमें वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात से होने वाली कमाई से सन 2022-23 में 55,558. 77 मिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान रहा। बांग्लादेश में प्रति व्यक्ति आय 2023 में 1869.16 अमरीकी डॉलर के बराबर मूल्य की थी, जोकि 2024 में भारत में प्रति व्यक्ति 2731 अमरीकी डॉलर के मूल्य के मुकाबले में कम है। तेज़ आर्थिक प्रगति और गरीबी में कमी के बावजूद, बांग्लादेश की लगभग 35 प्रतिशत आबादी खाद्य असुरक्षा के दायरे में है, लगभग 10 प्रतिशत विवाहित महिलाओं को मध्यम या गंभीर रूप से खाद्य असुरक्षित बताया गया है। बांग्लादेश में कुपोषण से पीड़ित जन बहुत हैं। कॉलरा और रोटा-वायरस से फैलने वाला डायरिया बहुत है। टूरिज्म और टेक्नोलॉजी से आमदनी अत्यल्प है। बांग्लादेश द्वारा शीर्ष दस निर्यात आइटम्स में बुना हुआ कपड़ा, तैयार सूती और ऊनी वस्त्र, कागज़, चमड़ा और मृत पशु का आंत-तंतु, मछली, स्त्री के लम्बे बाल, पंख, कृत्रिम फूल, जूट और जूट प्रोडक्ट्स ही निर्यात के कुल मूल्य में 95 प्रतिशत योगदान देते हैं। ये सब पारंपरिक निर्यात की वस्तुएं है जिनमें हाई-एंड टेक्नोलॉजी वाला एक भी नहीं। आश्चर्य नहीं कि जरूरतें पूरी करने के लिए बांग्लादेश का अधिकतम आयात चीन से है। बांग्लादेश ने 2020-21 की अवधि में चीन से 12.9 बिलियन अमरीकी डॉलर का सामान आयात किया था। बांग्लादेश का विदेशी व्यापार संतुलन भुगतान अब 3563619 मिलियन टका घाटे का है। ढाका में दो बड़े अंतर्राष्ट्रीय संस्थान -इंटरनेशनल सेण्टर फॉर क्लाइमेट चेंज एंड डेवलपमेंट और इंटरनेशनल सेण्टर फॉर डायरियल डिजीज रिसर्च, के अलावा लगभग 64 राजनयिक मिशन हैं जिनमें से कम से कम 10 देश बांग्लादेश में घटना परिवर्तन से तुरंत प्रभावित होने के कारण स्टेकहोल्डर्स के रोल में आगे बढ़ सकते हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच डिफेंस कोऑपरेशन ट्रीटी भी सन 1972 से चालू है जिसे बीच में कुछ झटका लगा था। बांग्लादेश और भारत के सामुद्रिक हित (मेरीटाइम इंटरेस्ट) साझे हैं। पूर्व और पूर्वोत्तर भारतीय क्षेत्र की सिक्यूरिटी के लिए यह महत्वपूर्ण है। बांग्लादेश की एयर-स्पेस और समुद्र तट पर आवाजाही पर निगरानी तो है, लेकिन सैन्य कार्रवाई की बाबत फिलवक्त सोचा भी नहीं जा सकता। शेख हसीना के पतन को छात्र असंतोष के प्रकाश में नहीं बल्कि ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए जिसके अंतर्गत मुस्लिम बहुल बांग्लादेश की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को भारत की साउथ एशिया में स्थिति मद्देनज़र महत्वपूर्ण भूमिका में रहती है, खासतौर से मेरीटाइम ट्रेड के मामले में। मैं नहीं समझता कि अंतर्राष्ट्रीय शक्तियों, विशेषकर चीन या अमरीका ने शेख हसीना के तख्ता पलट में कोई सक्रिय भूमिका निभाई है। अब वास्तव में इस मुद्दे को कुछ आर्थिक मंचों और अन्य हितधारक देशों, मुख्य रूप से भारत और अन्य संबद्ध देशों, द्वारा सुलटाया जाना चाहिए।

## प्रसंगवश

# भारत का गौरवशाली ज्ञान

माना जाता है कि सन 1666 में गुरुत्वाकर्षण की खोज न्यूटन ने की। तो क्या गरूत्वाकर्षण जैसी मामूली चीज़ की खोज मात्र 350 साल पहले ही हुई है? परंतु मह्रिषी भाष्कराचार्य ने न्यूटन से लगभग 500 वर्ष पूर्व ही पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति पर एक पूरा ग्रंथ रच डाला था।


शैलेन्द्र वाजपेयी
लखनऊ

भास्कराचार्य का जन्म 1114 ई.में हुआ था। भास्कराचार्य उज्जैन में स्थित वेधशाला के प्रमुख थे। यह वेधशाला प्राचीन भारत में गणित और खगोल शास्त्र का अग्रणी केंद्र था। जब इन्होंने "सिद्धांत शिरोमणि" नामक ग्रंथ लिखा तब वे मात्र 36 वर्ष के थे। "सिद्धान्त शिरोमणि" एक विशाल ग्रंथ है। जिसके चार भाग हैं- लीलावती, बीजगणित, गोलाध्याय और ग्रह गणिताध्याय।

भास्कराचार्य की पुत्री का नाम लीलावती था। अपनी पुत्री के नाम पर ही उन्होंने पुस्तक का नाम लीलावती रखा। लीलावती में बड़े ही सरल और काव्यात्मक तरीके से गणित और खगोल शास्त्र के सूत्रों को समझाया गया है। भास्कराचार्य सिद्धांत की बात कहते हैं कि वस्तुओं की शक्ति बड़ी विचित्र है। "मरुच्लो भूरचला स्वभावतो यतो,/ विचित्रावतवस्तु शक्त्य आगे कहते हैं-"आकृष्टिशक्तिश्च मही तया यत् खस्थं,/ गुरुस्वाभिमुखं स्वशक्तत्या। आकृष्यते तत्पततीव भाति,/ समेसमन्तात् क्व पतत्वियं खे।।" "(सिद्धांतशिरोमणि गोलाध्याय–भुवनकोश) अर्थात पृथ्वी में आकर्षण शक्ति है। पृथ्वी अपनी आकर्षण शक्ति से भारी पदार्थों को अपनी ओर खींचती है और आकर्षण के कारण वह जमीन पर गिरते हैं। पर जब आकाश में समान ताकत चारों ओर से लगे, तो कोई कैसे गिरे? अर्थात आकाश में ग्रह निरावलंब रहते हैं क्योंकि विविध ग्रहों की गुरुत्व शक्तियां संतुलन बनाए रखती हैं।

इसके अतिरिक एक और बात मैं जोड़ना चाहूंगा कि निश्चित रूप से गुरुत्वाकर्षण की खोज हजारों वर्षों पूर्व ही की जा चुकी थी जैसा कि महर्षि भारद्वाज रचित 'विमान शास्त्र ' के बारे में बताया था। विमान शास्त्र की रचना करने वाले वैज्ञानिक को गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत के बारे में पता न हो ये हो ही नही सकता। अब भारत के गौरवशाली ज्ञान और विज्ञान को विश्व मंच पर स्थापित करने की आवश्यकता है।

# बांग्लादेश में तख्तापलट का आर्थिक प्रभाव


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भारत से सूती धागा, अनाज, पेट्रोलियम उत्पाद, सूती कपड़े प्रमुख रूप से निर्यात किए जाते हैं। दोनों देशों के बीच अभी तक मजबूत व्यापारिक संबंध है।

पड़ोसी देश में चल रहे राजनीतिक संकट के कारण भारत के कारोबार पर भी असर हो सकता है। बांग्लादेश और भारत के बीच बड़े स्तर पर लेनदेन होता है। मौजूदा राजनीतिक उथल-पुथल के कारण भारत-बांग्लादेश सीमा पर माल की आवाजाही बाधित होने और भारतीय व्यापारियों को भुगतान में देरी होने की संभावना है। भारतीय निर्यातकों को माल प्रवाह में बाधा का सामना करना पड़ रहा है।

उच्च पदाधिकार ने ढाका के अमेरिकी डॉलर भंडार को समाप्त कर दिया है, जिससे भारत के कृषि उपकरण, लोहा और बिजली, बिजली और प्लास्टिक जैसे महत्वपूर्ण सामान की क्षमता सीमित हो गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले दो वर्षों में ढाका से नई दिल्ली का कारोबार स्थिर रहा है, लेकिन 2023-24(वित्त वर्ष 24) के दौरान ढाका का आकार 31.5 प्रतिशत हिस्सेदारी 11.1 डॉलर रह गया। इसके विपरीत, वित्त वर्ष 22 की तुलना में वित्त वर्ष 24 में बांग्लादेश से भारत का महत्व केवल 5.3 प्रतिशत अनुपात 1. 8 डॉलर रह गया। केवल भारत में ही नहीं बल्कि बांग्लादेश से कई देशों में कपड़ा और परिधान की मांग की जाती है। अच्छी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के कारण बांग्लादेश से बुना हुआ कपड़ा, तैयार वस्त्र भारत में बड़े स्तर पर आयात किया जाता है। यानी पड़ोसी देश में आए इस राजनीतिक संकट के कारण भारत का कपड़ा बाजार बड़े स्तर पर प्रभावित हो सकता है।

बांग्लादेश में चल रहे भीषण जानलेवा हमले और प्रदर्शन के बीच निवेशकों की नजरें अब भारत के टेक्सटाइल इंडस्ट्री के शेयरों पर टिक गईं है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद से दुनिया के दूसरे सबसे बड़े कपड़ा निर्यातक देश यानी बांग्लादेश के कपड़ा उद्योग को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि अंतर्राष्ट्रीय खरीदार अब भारत को अपना विकल्प चुन रहे हैं।

भारत कॉटन का सबसे बड़ा उत्पादक देश है, मगर कपड़ों का निर्यात अन्य देशों से ज्यादा देखने को मिलता है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक देश है तो वहीं बांग्लादेश दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा कपड़ा निर्यात करता है। बांग्लादेश का हर महीने का कपड़ा निर्यात 3.5 से 3. 8 अरब डॉलर के बीच है और इसकी यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के बाजारों में हिस्सेदारी दो अंकों में है, साथ ही अमेरिका के बाजार में 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है, जबकि पांचवे नंबर पर रहने वाला भारत हर महीने करीब 1.3 से 1.5 अरब डॉलर का निर्यात कर रहा है। बांग्लादेश से भारत कई फार्मास्यूटिकल फॉर्मूलेशन के साथ ही कच्चा माल भी आयात करता है। क्योंकि बांग्लादेश फार्मास्यूटिकल और जेनेरिक दवाओं का भी एक प्रमुख निर्यातक बन गया है। ऐसे ही उच्च गुणवत्ता वाले चमड़े का आयात भी बांग्लादेश से किया जाता है। जिससे पर्स, बैग, जूते बनाए भी जाते हैं और ये सामान भी बांग्लादेश से मंगाए जाते हैं।

केवल भारत ही बांग्लादेश से सामान नहीं मंगाता, बल्कि बांग्लादेश में भी भारत से कई सामान निर्यात जाते हैं। पिछले वित्त वर्ष में बांग्लादेश को भारत से 6,052 वस्तुओं का निर्यात किया। भारत से सूती धागा, अनाज, पेट्रोलियम उत्पाद, सूती कपड़े प्रमुख रूप से निर्यात किए जाते हैं। दोनों देशों के बीच अभी तक मजबूत व्यापारिक संबंध है। बाजार के जानकारों का कहना है कि शॉर्ट टर्म में तो भारतीय बाजारों पर बांग्लादेश में फैली अराजकता का असर नहीं होगा। लेकिन ये राजनीतिक संकट लंबे समय तक बना रहता है तो भारतीय बाजार प्रभावित हो सकते हैं।

पिछले वित्त वर्ष भारत से बांग्लादेश को 10.63 बिलियन डॉलर का निर्यात किया गया। इसके अलावा आयात की बात करें तो 1. 86 बिलियन डॉलर रहा। भारत के शीघ्र खराब होने वाले सामानों के निर्यात को सीमा पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, "बांग्लादेश में समस्याओं के कारण हमें कुछ व्यवधानों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन हमें उम्मीद है कि स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी और व्यापार को किसी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ेगा।" बांग्लादेश के पास अब 32 बिलियन डॉलर से भी कम का विदेशी मुद्रा भंडार बचा है। अगस्त 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार में 48 बिलियन डॉलर थे। इस बीच डॉलर की तुलना में बांग्लादेश की मुद्रा टका के भाव में पिछले छह महीनों में 27 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। अब एक डॉलर की कीमत 107 टका तक पहुंच चुकी है। इस बीच अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी बैंकों के बढ़ते एनपीए पर चिंता जताई है और सरकार से बैंकिंग सेक्टर के नियमों और निगरानी की व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा है।

## सोशल फोरम

# पदक वापसी के सबक

ओलंपिक में 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण विनेश फोगाट को फाइनल खेलने से पहले वंचित कर दिया गया है। बता दें कि हरियाणा की 29 वर्ष की विनेश ने क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज को 5- 0 से हराकर पेरिस ओलंपिक में महिला कुश्ती स्पर्धा के 50 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने की ओर कदम रखा था।



वेद माथुर
पूर्व बैंकर, अजमेर

पहलवान का वजन अनुमेय सीमा से लगभग 100 ग्राम अधिक था, जिसके कारण उसे अयोग्य घोषित किया जा सकता है। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, फोगट सिल्वर मेडल के लिए भी पात्र नहीं होंगी। कई लोग विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित करने के लिए ओलंपिक के आयोजकों को दोषी ठहरा रहे हैं लेकिन यह स्पष्ट है कि वह अपनी कैटेगरी के वजन से यदि एक ग्राम भी ज्यादा वजन की पाई जाती हैं तो अयोग्य घोषित कर दी जाएगी। यह नियम ओलंपिक में ही नहीं अजमेर के पटेल मैदान में होने वाली कुश्तियों में भी लागू होता है। किसी भी परीक्षा में यदि भाग लेने की योग्यता 55 अंक है तो 54.99 अंकों वाला भी इस परीक्षा में बैठने के लिए पात्र नहीं होता है।

विनेश फोगाट के सेमी फाइनल जीतने पर भी हमारे जैसे अरबों भारतीय प्रसन्न हुए थे लेकिन उस प्रसन्नता के बीच में एक कड़वी बात लगी कि बजरंग पुनिया जैसे पहलवान और सतीश आचार्य जैसे कार्टूनिस्ट इस जीत को पूरे भारत की जीत बताकर खुश होने के बजाय बृजभूषण सिंह वाले विवाद को बीच में ले आए। इस विवाद को हर जगह बीच में लाना उचित नहीं था, ऐसी खुशी को बिना किसी अन्य व्यक्ति का उपहास उड़ाए आनंदपूर्वक मनाया जाना चाहिए था। दिनेश की जीत पर बजरंग पूनिया और सतीश आचार्य जैसे लोगों के उकसाने पर अनेक लोग न केवल बृजभूषण सिंह, वरन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पर कटाक्ष कर रहे थे। अब मेडल वापस हो जाने पर सतीश आचार्य या बजरंग पूनिया की क्या प्रतिक्रिया होगी? इस घटना का सबक यह है कि विजय में भी विनम्र बने रहना चाहिए उन्मादी नहीं।

-फेसबुक वॉल से

# खेल संस्कृति की बुनियाद बनें विद्याकेंद्र


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर खेल संस्कृति के विकास हेतु यह भी आवश्यक होगा कि स्कूल अपनी परिवेशीय परिस्थितियों के मुताबिक़ खेलों का चयन करें तथा उनमें बच्चों के लिए आवश्यक साधन-संसाधन व मार्गदर्शन उपलब्ध कराएं।

विगत शिक्षक दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल को शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बताते हुए बच्चों से खेल मैदान पर खूब पसीना बहाने की बात की थी। यह इन अर्थों में भी आवश्यक था क्योंकि 'खेलोगे, कूदोगे होगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब' जैसी उक्ति अब शिक्षा से लगभग पूरी तरह से ख़ारिज हो चुकी है। कहीं है भी, तो उन ज़हनों में जो पिछले दस-बीस वर्षों से खुद को अपडेट करना एक दम भूल गए हैं। वर्तमान समय में अगर करियर की भी बात करें तो सिर्फ पढ़ाई में ही करियर होने का विचार कब का खत्म हो चुका है और खेल एक बड़े करियर के रूप में उभरा है। यही वजह है कि खेल को प्राथमिकता देने की बात की जा रही है ।

अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के दौरान भारत के प्रदर्शन को लेकर टीका-टिप्पणियों में मशगूल हम यह भूल जाते हैं कि हमारे जो भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं वह वहां तक किन-किन कठिन चुनौतियों तथा विषम परिस्थितियों को झेल कर पहुंचे हैं।

हम खेल में छोटे-छोटे देशों के वर्चस्व की बात करते हैं। पर वहां बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही खेल का जो वातावरण प्राप्त होता है उसे शायद भूल जाते हैं। हमारे पाठ्यक्रम में भी प्रारंभिक स्तर से खेल शामिल है। पर, अधिकांशतः वह सिर्फ किताब भर में है,मैदान पर नहीं। क्योंकि कदाचित् अपवादों को छोड़कर न उसके लिए जरूरी साधन-संसाधन उपलब्ध हैं और न ही दैनिक समय सारिणी के वादनों में खेल का समुचित समावेश। ऐसी स्थिति में भी गांव-गोट के बच्चे निजी रुचि और मशक्कत के आधार पर अगर खेलों में आगे आ रहे हैं तो यह वाकई बड़ी बात है। इसलिए आवश्यक है कि विद्यालयों व सामुदायिक स्तर पर प्रारंभिक स्तर से ही खेल संस्कृति का विकास किया जाए। विद्यालय स्तर पर ऐसे तमाम खेलों के लिए ज़रूरी वातावरण और प्रोत्साहन दे सकते हैं जिनमें बहुत साधन - संसाधन और तामझाम की जरूरत नहीं। इसके लिए आवश्यक होगा कि दैनिक समय सारिणी में खेल वादनों की व्यवस्था इस प्रकार करें कि बच्चों को नियमितता के साथ अपनी रुचि के खेलों में प्रतिभाग का मौका, मार्गदर्शन और प्रेरक प्रोत्साहन मिलता रहे।

विद्यालय स्तर पर खेल संस्कृति के विकास हेतु यह भी आवश्यक होगा कि स्कूल अपनी परिवेशीय परिस्थितियों के मुताबिक़ खेलों का चयन करें तथा उनमें बच्चों के लिए आवश्यक साधन-संसाधन व मार्गदर्शन उपलब्ध कराएं। बच्चों की प्रतिभा का सघन व सटीक आकलन करते हुए उनकी रुचि व परिवेशीय उपयुक्तता के अनुसार खेल के चुनाव का अवसर दें। बच्चों को स्थानीय स्तर पर नियमित अंतराल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराया जाए। इसके लिए विद्यालयवार आंतरिक तथा वाह्य खेल प्रतियोगिताओं की एक सुनियोजित कार्ययोजना हो जिसमें इन प्रतियोगिताओं तथा प्रतिभागी विद्यार्थियों का स्पष्ट उल्लेख हो।

विद्यालय में खेल समिति का गठन, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कोचेज का सहयोग, खेल प्रतिभा संपन्न विद्यार्थियों का चिह्नांकन, उन्हें जरूरी खेल कौशलों के साथ-साथ पोषण व स्वास्थ्य जागरूकता से अवगत कराना जैसे कदम उनकी प्रतिभा को तराशने में प्रमुख भूमिका का निर्वाह करेंगे। सामान्यतः स्कूली स्तर पर बुनियादी खेल सुविधाओं के अभाव की बात की जाती है। इसमें विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्थानीय व्यक्तित्वों व कार्पोरेट्स से सहयोग लिया जा सकता है। इसके लिए आवश्यक होगा कि विद्यालय स्तर पर खेल उन्नयन हेतु सुस्पष्ट, सुविचारित व सुनियोजित कार्य योजना हो। विद्यालय की ओर से निरंतरता के साथ बेहतर प्रदर्शन द्वारा स्वतः ही समुदाय को आवश्यक मदद के लिए तैयार किया जा सकता है। प्रोत्साहन किसी भी कौशल या क्षमता के विकास में प्रमुख भूमिका अदा करता है। इसके लिए प्रारंभिक स्तर से ही विद्यालयों में खेल प्रतिभाओं को विशेष सपोर्ट तथा प्रोत्साहन देना होगा। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं हेतु लक्ष्य निर्धारित कर उस पर टार्गेटेड अप्रोच से कार्य करना निश्चित ही अपेक्षित परिणाम प्रदर्शित करेगा। खेल प्रतिभाओं के चयन एवं विकास में खेल संघों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इनसे समन्वय स्थापित कर खेल अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण किया जा सकता है। साथ ही इनके सहयोग से प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन द्वारा उत्कृष्ट खेल प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने का कार्य किया जा सकता है। स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ कोचेज/खेल शिक्षकों का पूल बनाकर क्षेत्रवार खेल निर्देशन की व्यवस्था द्वारा भी अधिकाधिक विद्यालयों को विशेषज्ञों के अनुभवों का लाभ दिलाया जा सकता है। प्रतिभाएं एक दिन में तैयार नहीं होतीं। अपेक्षित परिणामों के लिए खेल प्रतिभाएं निखारने को दीर्घकालिक योजना व माइल स्टोन बनाकर उसे निरंतरता के साथ अमल में लाया जाना आवश्यक होगा। प्रतिभाओं के चयन में निष्पक्षता व पारदर्शिता अहम होती है। खेल स्पर्धाओं में 'माइंड गेम' एक आम शब्द बनकर उभरा है। आवश्यक होगा कि खेल प्रतिभाओं को मानसिक दृढ़ता व तकनीकी कौशल से लैस किया जाए। उनमें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ शारीरिक व मानसिक चुनौतियों से निबटने का माद्दा पैदा किया जाए । "खेल संस्कृति" सामान्य अर्थों में विभिन्न व्यक्तियों और समुदायों के मध्य 'मैं' से 'हम' अर्थात वैयक्तिकता से सामूहिकता की यात्रा है। यह एक भावना भी जो मानव विकास के शुरुआती दौर से आज तक हमारे कार्य - व्यवहारों एवं व्यस्तताओं के बीच स्पेस बनाए हुए हैं। परस्पर सांस्कृतिक परंपराओं के आदान - प्रदान , रीति - रिवाजों और खेल शैलियों को जानने - समझने में भी खेल प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इसलिए हर पीढ़ी की ज़िम्मेदारी है कि सामूहिक रूप से खेल संस्कृति का विकास करे। यह विफलताओं के सामूहिक विलाप का नहीं बल्कि भावी सफलताओं के लिए सामूहिक प्रयास का मामला है ।

# बैंक खातों में चार नॉमिनी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बैंकिंग कानून से जुड़े कई अहम संशोधनों को मंजूरी दी है। नए नियमों के तहत अब किसी भी बैंक अकाउंट में 4 नॉमिनी बना सकेंगे। इन बदलावों के जरिए सरकार अनक्लेम्ड अकाउंट की संख्या कम करना चाहती है। अभी जब बैंक अकाउंट खुलवाते हैं तो आपको एक नॉमिनी तय करने का ऑप्शन होता है। अकाउंट होल्डर की मौत के बाद खाते में जमा पैसे को नॉमिनी को देना होता है। अभी सेविंग अकाउंट और फिक्स्ड डिपॉजिट में एक ही नॉमिनी तय करने का ऑप्शन है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अगर कोई शख्स किसी को अपने बैंक खाते का नॉमिनी बनाता है तो उसकी मौत के बाद केवल बैंक खाते के लेनदेन या उस पैसे पर उस नॉमिनी का हक होगा। बाकी किसी संपत्ति पर नॉमिनी का कोई हक नहीं होगा। उत्तराधिकारी का जिक्र हिंदू उत्तराधिकारी अधिनियम 1956 में आता है। उत्तराधिकारी को मृतक की सारी संपत्ति वैध तरीके से सौंप दी जाती है। मार्च के अंत तक वैसे अकाउंट की संख्या बढ़कर 78 हजार करोड़ हो गई, जिनके लिए कोई क्लेम करने वाला नहीं है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि अब तक अकाउंट में एक ही नॉमिनी का ऑप्शन है। ऐसे में यदि किसी दुर्घटना में नॉमिनी की भी मौत हो जाती है तो उसके बाद क्लेम में कई परेशानियां आती हैं। सरकार अनक्लेम्ड अकाउंट की संख्या कम करना चाहती है। बैंक खाता धारकों के लिए यह एक अच्छा आप्शन होगा।

# स्वस्थ यूपी के लिए आयोजित होंगे 1.72 लाख से अधिक आरोग्य मेले

## हर माह 13 से 16 हजार आरोग्य मेले, प्रत्येक रविवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा आयोजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** प्रदेश में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 1.72 लाख से अधिक आरोग्य मेले आयोजित किए जाएंगे। हर माह 13 से 16 हजार आरोग्य मेले लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक रविवार सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक मेले आयोजित होंगे। राज्य सरकार की ओर से स्वास्थ्य विभाग को इस सिलसिले में निर्देश जारी किए गए हैं।

शासन के अधिकरियों ने बताया कि प्रदेश के लोगों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों के कायाकल्प से लेकर सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में आरोग्य मेले को अगले एक साल तक बड़े पैमाने पर आयोजित करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। 'आरोग्य मेला' प्रदेश के तीन हजार से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश के 3,388 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया जाएगा।

हर माह कुल 13 से 16 हजार आरोग्य मेलों का आयोजन होगा। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से ओपीडी के साथ ही टीबी, डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया व कुष्ठ जैसे रोगों का इलाज होगा। इससे संबंधित स्वास्थ्य परामर्श दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी व पात्र लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड भी वितरित किए जाएंगे। गर्भावस्था व प्रसवकालीन परामर्श व सेवाएं भी दी जाएंगी।

### इस माह 13,552 मेले का आयोजन

शासन के अधिकारियों ने बताया कि अगस्त में 13,552, सितंबर में 16,940, अक्टूबर में 13,552, नवंबर में 13,552 व दिसंबर में 16,940 आरोग्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 2025 में जनवरी माह में 13,552, फरवरी में 13,552, मार्च में 16,940, अप्रैल में 13,552, मई में 13,552, जून में 16,940 और जुलाई में 13,552 आरोग्य मेले आयोजित किए जाएंगे।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर 20 तक प्रवेश टिकट पर रोक

**लखनऊ, अमृत विचार:** बांग्लादेश में तख्तापलट और स्वतंत्रता दिवस को लेकर चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एयरपोर्ट पर 10 से 20 अगस्त तक प्रवेश टिकट बंद कर दिया गया है। एयरपोर्ट पर आवागमन करने वाले यात्रियों पर सीसीटीवी से पैनी नजर रखी जा रही है। है। लखनऊ एयरपोर्ट पर आने जाने वाले सभी वाहनों को टोल नाके पर रोककर चेक किया जा रहा है। तलाशी लेने के बाद ही एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करने दिया जा रहा है एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ जवानों की संख्या में भी इजाफा किया गया है। एयरपोर्ट के स्टाफ गेट समेत अन्य प्रमुख सुरक्षा चेकिंग स्थानों पर सीआईएसएफ की अतिरिक्त तैनाती बढ़ा दी गई है।

## बार काउंसिल वकीलों के लिए बनाए बीमा योजना : हाईकोर्ट

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी बार काउंसिल से पूछा है कि वह हाईकोर्ट समेत प्रदेश के विभिन्न अदालतों में नियमित प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं के लिए बीमा कवर संबंधी कोई स्कीम क्यों नहीं बना रही है। कोर्ट ने कहा कि बार काउंसिल इस संबंध में जनपद के बार एसोसिएशनों को गाइडेंस प्रदान कर सकती है। न्यायालय का मानना है कि बार काउंसिल इंश्योरेंस कम्पनियों के साथ विचार विमर्श करके नियमित वकालत करने वाले अधिवक्ताओं के लिए इंश्योरेंस या मेडिक्लेम जैसी लाभकारी योजनाएं बना सकती है। न्यायालय ने 15 अक्टूबर को मामले की अगली सुनवाई नियत करते हुए उम्मीद जताई है कि वह इस सम्बन्ध में स्कीम बनाने का सकारात्मक प्रयास कर के कोर्ट को अवगत कराएगा।

## सार-संक्षेप

### गन्ना किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए दी जाए चीनी निर्यात की अनुमति : जयंत चौधरी



**लखनऊ, अमृत विचार :** रालोद प्रमुख केंद्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी ने कहा कि गन्ना किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए चीनी निर्यात की अनुमति दी जाए। इस सिलसिले में उन्होंने केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि मांग से अधिक चीनी उत्पादन होने की संभावना के मद्देनजर चीनी निर्यात की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि चीनी का निर्यात बढ़ने से विदेशी मुद्रा अर्जित होगी और घरेलू बाजार स्थिर होगा। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने उनके पत्र की प्रति जारी करते हुए बताया कि साल के अंत में उपलब्ध कुल चीनी लगभग 423 लाख टन होगी। घरेलू जरूरतों में लगभग 290 लाख टन की पूर्ति के बाद लगभग 133 लाख टन चीनी उपलब्ध होगी, जो कि 55 लाख टन के मानक चीनी भंडार से काफी अधिक है, इसलिए अतिरिक्त चीनी के भंडारण में मिलों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

### गृह मंत्रालय से रिटायर बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख क्षेत्र के अंतर्गत स्टेलर जीवन सोसाइटी के सामने बुधवार दोपहर 68 वर्षीय एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हरि प्रकाश भारत सरकार के गृह मंत्रालय से रिटायर हुए थे और ग्रेनो वेस्ट की स्टेलर जीवन सोसाइटी में परिवार के साथ रह रहे थे। घटना के बाद थाना बिसरख पुलिस बल मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। बुजुर्ग हरि प्रकाश सोसाइटी के ही रहने वाले थे और पार्क में टहलने आए थे, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश तमंचे हवा में लहराते हुए फरार हो गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। हत्या की वजह और मकसद की जांच कर रही है। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक, बदमाशों ने बुजुर्ग से पहले बात की और फिर गोली मारकर हत्या कर दी।

### बलरामपुर में दो बोरों में महिला के कटे हुए अंग मिले

**बलरामपुर।** जिले के देहात क्षेत्र में प्लास्टिक के दो बोरों में एक महिला के कटे हुए अंग मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि मंगलवार शाम को देहात थाना क्षेत्र के अजब नगर गांव को जाने वाली सड़क के किनारे अलग-अलग स्थानों पर रखे प्लास्टिक के बोरों से दुर्गंध आने की जानकारी मिली थी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा जांच की गई तो प्लास्टिक के बोरों में महिला के सिर विहीन अंग मिले। उन्होंने बताया कि एक बोरे में धड़ का कुछ हिस्सा और दूसरे बोरे में कटे हुए पैर मिले तथा ये अंग कई दिन पुराने लगते हैं।

### विवाह योजना में हुई शादी में दहेज की मांग संदेहास्पद

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज हत्या के आरोपी को जमानत दे दी। कोर्ट ने माना कि मृतका का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत याची के साथ संपन्न हुआ था। कोर्ट ने यह भी देखा कि दहेज की मांग कभी भी याची या उसके परिवार के किसी अन्य सदस्य द्वारा नहीं की गई थी। कोर्ट ने यह भी पाया कि सह अभियुक्त को पहले ही जमानत दे दी गई है। इसके अलावा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका के शरीर में एल्युमीनियम फॉस्फेट की मात्रा मिली, जिससे लगता है कि मौत संभवत: उक्त रसायन के सेवन से हुई। अत: यह आत्महत्या का मामला बनता है।

## कब्जा और मारपीट में सपा के पूर्व विधायक इरफान समेत छह पर आरोप तय

**कानपुर, अमृत विचार।** बेकनगंज निवासी युवक की जमीन कब्जाने, बलवा, मारपीट करने समेत पांच धाराओं में बुधवार को सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी समेत छह आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए। पुलिस पूर्व विधायक को महाराजगंज जेल से कड़ी सुरक्षा में लेकर कोर्ट पहुंची। बेकनगंज, कंघी मोहाल निवासी मो. नसीम आरिफ ने 6 दिसंबर 2022 को बेकनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि इरफान सोलंकी ने उनकी 200 वर्ग गज की जमीन कब्जा कर ली। नसीम ने इरफान, भाई रिजवान सोलंकी, चाचा इशितयाक सोलंकी, आसिफ दलाल, शब्बीर हुसैन व अब्दुल मोइन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई एसीजेएम द्वितीय आनंदेश सिंह की कोर्ट में चल रही थी। बुधवार को सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए जाने थे। जिस पर पुलिस महाराजगंज जेल में कैद पूर्व इरफान सोलंकी को कोर्ट लेकर पहुंची। वहीं जिला कारागार से रिजवान सोलंकी समेत अन्य आरोपी कोर्ट में पेश हुए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सईद नकवी, शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि इरफान सोलंकी समेत छह आरोपियों पर पांच धाराओं में आरोप तय किए गए हैं। मामले में 21 अगस्त से गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

## प्रेम प्रसंग से नाराज भाई ने बीच सड़क बहन को गला दबाकर मार डाला

- दूसरे समुदाय के युवक से प्रेम-प्रसंग से था नाराज, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मेरठ, एजेंसी।** इंचौली थाना क्षेत्र के एक गांव में झूठी शान की खातिर हत्या की घटना सामने आई है। यहां नाबालिग बहन के प्रेम प्रसंग से नाराज बड़े भाई ने घर में उसे पीटा। वह बचकर बाहर सड़क पर भाग आई तो भाई ने पीछा कर दोबारा पीटा और फिर गला दबाकर मार डाला। इस दौरान भीड़ तमाशा देखती रही। करीब आधा घंटे बाद किसी ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

इंचौली थाना अंतर्गत एक गांव में मुस्लिम परिवार रहता है। आठ बहन-भाइयों में सबसे छोटी बहन का दूसरे समुदाय के युवक के साथ प्रेम-प्रसंग था। चार माह वह युवक के साथ चली गई थी। पुलिस ने दोनों को बरामद कर युवक को जेल भेज दिया था। किशोरी अब फिर से उसी के साथ रहने की जिद पर अड़ी थी, जिसको लेकर बीती रात से कई बार विवाद हुआ। सुबह करीब 11 बजे भी उसके साथ मारपीट की गई। वह घर से भाग निकली और गांव की मुख्य सड़क पर आ गई। पीछे से सबसे बड़ा भाई पहुंच गया और बहन को पीटने लगा। यह देख मौके पर भीड़ जुटनी शुरू हो गई। देखते ही देखते भाई ने बहन का गला दबा दिया।

## बांदा : शिक्षक से 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते एबीएसए को एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा

**नरैनी, अमृत विचार :** एंटी करप्शन टीम झांसी इकाई ने ब्लाक क्षेत्र में तैनात सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी को 25 हजार रुपये की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम तत्काल आरोपी को दबोच कर पास ही मौजूद कोतवाली ले आयी। अतर्रा क्षेत्र के बसरेही गांव के जूनियर हाईस्कूल में नियुक्त शिक्षक देशबंधु रुपौलिहा ने बताया कि बीआरसी नरैनी क्षेत्र के एबीएसए रवींद्र कुमार वर्मा से फोन पर हुई वार्ता के क्रम में बुधवार की शाम अतर्रा से नरैनी रुपये देने आए थे। यहीं चौराहे पर पहले से घात लगाकर बैठे एंटी करप्शन टीम के सीओ अतुल कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों ने रुपये देते समय एबीएसए रवींद्र कुमार वर्मा को रंगे हाथों पकड़ लिया। झांसी से आयी एंटी करप्शन की टीम देर शाम कोतवाली में मौजूद रह कर आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नही किया गया है। उधर, एबीएसए को रंगे हाथों पकड़वाने वाले शिक्षक देशबंधु रुपौलिहा ने बताया कि वर्ष 2022 में एबीएसए ने उनके खिलाफ फर्जी रिपोर्ट लगा कर उन्हें सस्पेंड करा दिया था। उनका सस्पेंशन के समय का एरियर बकाया पड़ा है। इसे निकालने के लिए एबीएसए उनसे 25 हजार रुपये मांग रहे थे। तब उन्होंने एंटीकरप्शन टीम झांसी से बात की थी।

## सहयोग न करने वाले उद्यमी मित्र दंडित होंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि निवेशकों को सहयोग न करने वाले उद्यमी मित्र दंडित होंगे। वह बुधवार को यहां भारतीय उद्योग परिसंघ के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के सहयोग वेयर हाउसिंग और लॉजिस्टिक्स पर आयोजित एक शिखर सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पूरे देश व दुनिया में प्रदेश की कानून-व्यवस्था एक रोल मॉडल के रूप में स्थापित हुई है। पहले गुंडे व्यापारियों को डराते थे लेकिन अब सरकार से वह खुद ही थर-थर कांप रहे हैं। इसके चलते देश में ही नहीं पूरी दुनिया के निवेशक प्रदेश में उद्योग लगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि निवेशकों को उद्योग लगाने की दिशा में औपचारिकता पूरी करने के दौरान कोई दिक्कत न हो, इसके लिए उद्यमी मित्र की तैनाती की गई है। वह निवेशकों का हर तरह से सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर उद्यमी मित्र सहयोग नहीं कर रहे हैं तो उन्हें इसकी जानकारी दी जाए, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके पूर्व यूपीडा के एसीईओ हरि प्रताप शाही ने वेयर हाउसिंग व लाजिस्टिक को लेकर सरकार की तैयारियों और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए अपार संभावनाएं

सीआईआई उत्तरी क्षेत्र के खाद्य और डेयरी समिति के अध्यक्ष और गोल्डी ग्रुप के निदेशक आकाश गोयनका ने कहा कि प्रदेश में वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के विकास की अपार संभावनाएं हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों को जोड़ते हुए ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे और प्रस्तावित दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर जैसे औद्योगिक गलियारों का विकास राज्य के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को और मज़बूत बनाएगा।

## उज्ज्वला योजना में एलपीजी कनेक्शन देने से इनकार पर हाईकोर्ट की फटकार

**प्रयागराज, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पात्र महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने के मामले में हो रही धांधली पर तल्ख टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि इस योजना के तहत जब केवल महिलाओं के नाम पर कनेक्शन जारी करने का प्रावधान है तो पुरुष को एलपीजी कनेक्शन कैसे जारी किया जा सकता है।

दरअसल, एक महिला ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। लेकिन सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने के बावजूद याची का आवेदन बार-बार अस्वीकृत कर दिया जा रहा था। कोर्ट को बताया गया कि एलपीजी कनेक्शन अनुचित तरीके से एक पुरुष को जारी कर दिया गया था, जो उसी गांव के प्रधान का रिश्तेदार है, जहां महिला रहती है। इस पर कोर्ट ने जालौन के जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया था कि यदि याची महिला को 7 दिनों के भीतर एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं तो उक्त अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्थिति स्पष्ट करेंगे। अंत में निर्धारित सुनवाई की तिथि पर कोर्ट को बताया गया कि याची महिला को एलपीजी कनेक्शन जारी कर दिया गया है।

## अस्पताल के वैक्सीन फ्रीजर में मिली बीयर की कैन, कर्मचारी निलंबित

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के खुर्जा इलाके के धरपा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के फ्रीजर में बीयर के कैन और पानी की बोतल की तस्वीरें सामने आने के बाद एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया कि पिछले सोमवार को धरपा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के वैक्सीन फ्रीजर में बीयर की कैन और पानी की बोतलें मिली थीं। उन्होंने बताया कि नियमत: फ्रीजर में वैक्सीन के अलावा और कोई चीज नहीं रखी जाती और ऐसे में फ्रीजर में बीयर की कैन और पानी की बोतलें मिलना गंभीर मामला है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के बाद जिला टीकाकरण अधिकारी की रिपोर्ट पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रतिरक्षण अधिकारी हरि प्रसाद को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया तथा उसे निलंबित कर दिया गया है।

## केशव मौर्य के खिलाफ दाखिल याचिका पर फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के विवादित बयान को लेकर दाखिल याचिका पर बुधवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है। यह याचिका अधिवक्ता मंजेश कुमार यादव द्वारा दाखिल की गई थी। याचिकाकर्ता को सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और विकास बुधवार की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

कोर्ट ने कहा कि अभी इस मामले में राज्य सरकार का पक्ष सुनने की जरूरत नहीं है। दरअसल, 14 जुलाई 2024 को उपमुख्यमंत्री ने अपने एक बयान में कहा था कि सरकार से बड़ा संगठन होता है। इसी विवादित बयान को लेकर 31 जुलाई को एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें कोर्ट को बताया गया कि उपमुख्यमंत्री का यह कथन उनके पद की गरिमा को कम करता है, साथ ही सरकार की पारदर्शिता पर संदेह उत्पन्न करता है। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री बनाए जाने से पहले उन पर 7 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## भविष्य निधि में जमा राशि देख सकेंगे कर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समूह घ के कर्मियों को छोड़कर अन्य के पीएफ एकाउंट किए जाएंगे ऑनलाइन




**अमृत विचार:** राज्य कर्मचारी अब भविष्य निधि में जमा रकम देख सकेंगे। समूह घ के कर्मियों को छोड़कर अन्य के भविष्य निधि खाते ऑनलाइन किए जाएंगे। इससे राज्य कर्मचारियों को अपने भविष्य निधि की जानकारी के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने पीएफ एकाउंट को ऑनलाइन संचालित करने के लिए सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए।

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत इसी अगस्त माह से होगी। समीक्षा के बाद सुविधा को विस्तार दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि समूह घ के कर्मियों को छोड़कर अन्य सभी राज्यकर्मियों के पीएफ एकाउंट की पासबुक हर विभाग में मैनुअल तैयार कर रखी जाती हैं। महालेखाकार विभाग में प्रति माह मिलने वाले शेड्यूल के आधार पर इसे 'अपडेट' किया जाता है, जो महालेखाकार की वेबसाइट पर उपलब्ध होती है। अक्सर उपलब्ध पासबुक और महालेखाकार के खातों में भिन्नता रहती है। लिहाजा कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### पंजीकृत मोबाइल नंबर पर हो सकेगा डाउनलोड

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि चरणबद्ध तरीके से सेंट्रल ट्रेजरी सर्वर के डीडीओ पोर्टल से सामान्य पीएफ एकाउंट का लेन-देन ऑनलाइन किया जाएगा। खाते में मौजूदा रकम, निकासी आदि जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध होगी। यह पोर्टल कर्मचारियों के पंजीकृत मोबाइल पर डाउनलोड हो सकेगा। यह ऑनलाइन पोर्टल एनआईसी के साथ मिलकर महालेखाकार कार्यालय के जरिए तैयार किया जाएगा।


## वर्ग पहेली-155

**बाएं से दाएं**

1. 1. कोको के बीजों से बनी एक प्रकार की मिठाई 2. गहरा भूरा रंग।
4. दूसरों पर अवलंबित या आश्रित।
5. पक्षियों की 'कूं-कूं' की आवाज़।
6. वह गोलाकार हड्डी जिसके अंदर मज्जा हो, नली के आकार की हड्डी।
8. 1. गिनती या तौल में होने वाली अधिकता, बढ़ने का भाव 2. वृद्धि, अधिकता, प्रसार, बढ़ोतरी 3. उन्नति, पदोन्नति 4. मूल्यवृद्धि 5. सौभाग्य, समृद्धि, धन-धान्य और परिवार की वृद्धि 6. उपभोग और व्यय के बाद कुछ बचे रहने की अवस्था।

**ऊपर से नीचे**

2. अप्रिय वचन, कड़वी बात, तीखी बात।
3. 1. असमंजस में पड़ना, सिटपिटाना 2. घबराना 3. चक्कर में आना।
7. लट्ठबाज़ी, लठैत का काम।




### वर्ग पहेली -154 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 व | ज़ा | ■ | 2 अ | ■ | 3 मौ |
| ■ | ■ | 4 अ | नु | शं | सा |
| 5 फ | ■ | ■ | मो | ■ | ल |
| 6 द | रि | या | दि | ल | ■ |
| फ | ■ | ■ | त | ■ | 7 गं |
| दा | ■ | 8 बी | ■ | ■ | गा |
| ना | ■ | 9 म | धु | का | ल |

## सुडोकू -68

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 1 | 8 | 2 | 5 |
| | | 1 | 4 | 9 | | | | 7 |
| | | | | | 3 | | | |
| 3 | | | 1 | 8 | | | 6 | |
| | | 4 | 2 | | 7 | 1 | | |
| | 1 | | | 5 | 4 | | | 9 |
| | | | 7 | | | | | |
| 2 | | | | 1 | 8 | 3 | | |
| 7 | 5 | 6 | 9 | | 2 | | | |

### सुडोकू -67 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 3 |
| 4 | 9 | 3 | 2 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 2 | 8 | 7 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 9 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 9 | 4 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 अगस्त गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- चतुर्थी 12.36 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 11.34 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष:** आज सरकारी मामलों में कुछ परेशानी आ सकती है। अपनी सेहत का ध्यान रखें। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। यात्रा के दौरान आपको परेशानी का अनुभव होगा। रक्तचाप की समस्या हो सकती है।

**वृष:** आज आपके मन में विचारों का आधिक्य रहेगा। सिरदर्द और तनाव की समस्या होगी। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है। अपने आत्मविश्वास में कमी न आने दें। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

**मिथुन:** आज व्यवसाय में सहयोगियों के साथ मतभेद सुलझ सकते हैं। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। घर के कार्यों में ज्यादा व्यस्तता होगी। दूसरों की बातों पर तुरन्त विश्वास न करें। महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखना होगा।

**कर्क:** आज आप अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। विदेश में कारोबार का विस्तार कर सकते हैं। कॉलेज विद्यार्थियों को जॉब के अवसर मिल सकते हैं। जरूरतमन्दों की मदद अवश्य करें। धार्मिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**सिंह:** आज उच्च अधिकारियों का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में लोग आपके काम पर नजर बनाए रखेंगे। फैशन और अभियान्त्रिकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। अपने बौद्धिक कौशल का परिचय देंगे। आंखों में समस्या हो सकती है।

**कन्या:** आज भोग-विलास के साधनों का आनन्द उठायेंगे। आपकी वाणी में मिठास रहेगी। जिससे लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। धन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत शुभ है। प्रत्येक कार्य को एकाग्रता और निष्ठापूर्वक करेंगे। लोग आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**तुला:** आज अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें। घर के बुजुर्ग लोगों से मनमुटाव हो सकता है। अपनी कमियों पर ज्यादा ध्यान न दें। घरेलू मामलों पर बाहरी लोगों से सलाह लेना उचित नहीं है। मानसिक तनाव होने की संभावना बन रही है।

**वृश्चिक:** आज बिजनेस संबंधी यात्राओं में आपको सफलता मिलेगी। स्वयं को सिद्ध करने के कई मौके आपको मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे। योग, ध्यान और व्यायाम को काफी महत्व देंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है।

**धनु:** आज व्यापार में आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे। पैतृक व्यवसाय में धन लाभ होगा। दूसरों पर ज्यादा ध्यान न दें। घर का वातावरण बहुत अच्छा रहेगा। आप जिस काम को हांथ में लेंगे उसे पूरा अवश्य कर लेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मकर:** आज आय के अन्य विकल्पों पर ध्यान दें। धर्म-कर्म को लेकर आपको रुचि लेनी पड़ेगी। मानसिक रूप से अशान्ति का अनुभव करेंगे। पड़ोसियों के साथ झगड़ा हो सकता है। बुजुर्ग लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें।

**कुंभ:** आज व्यापार में हानि हो सकती है। मनोबल में कमी महसूस होगी। तनाव की वजह से गैस और अपच की समस्या होने की संभावना है। महिलाएं ऑनलाइन शॉपिंग में काफी रुचि लेंगी। गले में खराश और कफ की शिकायत हो सकती है।

**मीन:** आज नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से दूरी बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर मित्रों से चर्चा करेंगे। जीवनसाथी को उपहार मिल सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
पुलिस और मुल्जिम
सुबह : 11.43
अकेले हम अकेले तुम
रात : 08.43

&pictures
एंटरटेनमेंट
सुबह : 11.03
विवाह
रात : 07.30

Sony Pix
द मास्क
सुबह : 09.17
स्पाइडर मैन
रात : 05.22

Zee Cinema
गंगूबाई काठियावाड़ी
सुबह : 11.23
रावणासुर
रात : 08.00

Colors Cineplex
शिवम
सुबह : 08.42
वेलकम
रात : 08.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

जीजा अपनी साली के साथ चैटिंग करते हुए
जीजा - वाह तुम तो अपनी बहन से भी ज्यादा खुबसूरत हो
साली - जीजू आप बड़े वो हो।
जीजा - अच्छा ये तो बताओ तुम इतनी खुबसूरत कैसे हो?
आखिर क्या इस्तेमाल करती हो?
साली - फोटोशॉप और कैमरा फ़िल्टर।
जीजा बेहोश।

पत्नी- पिछले साल दिवाली के मौके पर आपने लोहे की फोल्डिंग खाट गिफ्ट में दी थी इस साल दिवाली पर गिफ्ट में क्या देंगे?
पति- मन ही मन बोला (फोल्डिंग खाट में बिजली का करंट)

# विनेश का मुद्दा सदन में उठा, विपक्ष का वाकआउट

## ओलंपिक में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद विपक्षी दलों ने केंद्र को घेरा, पूछा- सरकार के स्तर पर क्या किया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों ने विनेश फोगाट के ओलंपिक में अयोग्य घोषित होने के पीछे षड्यंत्र की आशंका जताते हुए केंद्र को घेरा और सवाल किया कि फाइनल मुकाबले से पहले उनका वजन 100 ग्राम कैसे बढ़ा तथा सरकार स्तर पर क्या किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के एक्स पर पोस्ट कर देने से काम नहीं चलेगा। देश की बेटी को न्याय मिलना चाहिए। विपक्षी दलों ने दोनों सदनों से वाकआउट भी किया।

खेल मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने वाकाउट कर संसद भवन के मकर द्वार पर नारेबाजी की। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर पोस्ट किया कि इस मुश्किल समय में देश विनेश के साथ हैं। आप हमारी चैम्पियन थीं और रहेंगी। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने दावा किया कि विनेश का अयोग्य किया जाना नफरती षड्यंत्र है। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि यह चूक कहां हुई, किस स्तर पर हुई। हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि दाल में कुछ काला है। मैं यह मानने को तैयार नहीं कि खिलाड़ी को यह पता नहीं होगा कि सुबह उसका क्या वजन होना चाहिए। टीएमसी सांसद सुष्मिता देव ने कहा कि विनेश तीन चरण की कुश्ती के बाद फाइनल तक पहुंचीं। ऐसा क्या हो गया कि फाइनल से पहले उनका वजन 100 ग्राम बढ़ गया।

कांग्रेस सांसद शैलजा ने टीम प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि मैनेजर हैं, यह उनका काम है। उनकी हर छोटी चीज पर नजर रखी जाती है। उनके आहार पर नजर होती है, वे क्या पी रहे हैं, क्या खा रहे हैं। तो क्या वजह थी इस लड़की का वजन बढ़ गया?


मानसून सत्र के दौरान विनेश फोगाट के समर्थन में वॉकआउट करते विपक्ष के सांसद।

### 100 ग्राम वजन तो बाल कटवाने से कम हो जाताः राजपाल

- महिला पहलवान के ससुर बोले- परिवार के लिए यह गम इतना बड़ा कि शब्द नहीं

**जींद (हरियाणा)।** विनेश फोगाट के ससुर राजपाल राठी ने महिला पहलवान को अयोग्य घोषित किए जाने में साजिश की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि 100 ग्राम वजन तो बाल कटवाने से कम हो जाता। विनेश का इस तरह से ओलंपिक से बाहर होना परिवार के लिए बड़ा झटका है और यह गम इतना बड़ा है कि इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ओलंपिक में विनेश के साथ राजनीति की जा रही है। कुछ लोग पहले से उसके पीछे लगे हुए हैं कि किस तरह उसे हराया जाए। उन्होंने कहा कि बेटी ने जिंदगी भर इस पल का इंतजार किया था और उसे साजिश रचकर खेल से बाहर निकाल दिया गया। राठी ने कहा कि अगर विनेश का वजन 100 ग्राम ज्यादा था तो 10 मिनट रुक के देखते, वह अपने बाल कटवा देती, लेकिन मुकाबले से बाहर नहीं होती।

# विनेश विजेता के रूप में करेंगी वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि पहलवान विनेश फोगट की राह में आई बाधा ने निश्चित रूप से भारतीयों की उम्मीदें तोड़ दी हैं, लेकिन उन्हें पक्का यकीन है कि वह विजेता के रूप में वापसी करेंगी।

शाह ने एक्स पर लिखा कि विनेश का खेल करियर शानदार रहा है, जिसमें विश्व चैंपियन को हराने का गौरव भी शामिल है। यह दुर्भाग्य उनके शानदार करियर में एक अपवाद मात्र है, जिससे मुझे यकीन है कि वह विजेता के रूप में वापसी करेंगी जो वह हमेशा थीं। हमारी शुभकामनाएं और समर्थन हमेशा उनके साथ हैं।

### विनेश वास्तव में चैम्पियनः नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पहलवान विनेश फोगाट को वास्तविक चैम्पियन करार देते हुए बुधवार को कहा कि भले ही ओलंपिक से अयोग्य करार देने से लाखों भारतीयों की उम्मीदें टूट गई हैं लेकिन एक विश्व चैम्पियन पर उनकी जीत उनके पराक्रम का सबूत है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने एक्स पर कहा कि विनेश फोगाट, आपकी पूरी ओलंपिक यात्रा अविश्वसनीय रूप से प्रेरणादायक रही और विश्व चैम्पियन पर आपकी जीत आपके कौशल का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस झटके ने वास्तव में लाखों भारतीयों की उम्मीदों को तोड़ दिया है, लेकिन यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि हर चैम्पियन चुनौतियों का सामना करता है।

> माटी की बेटी हो इसलिए ये मेडल भी माटी का है। बहुत हौसले से लड़ी हो, कल जब खेलने से पहले ओलंपिक में आपका वजन किया गया तो वह एकदम परफेक्ट था। आज सुबह जो हुआ उस पर यकीन नहीं हो रहा है। 100 ग्राम.. यकीन ही नहीं हो रहा कि यह तुम्हारे साथ हुआ है। पूरा देश आसूं नहीं रोक पा रहा है। सब देशों के ओलंपिक मेडल एक तरफ और आपका मेडल एक तरफ..., दुनिया की हर महिला को यह मेडल पर्सनल जैसा लग रहा था। काश सब महिलाओं की ये आवाजें सही जगह पहुंच पाएं। **–यशपाल आर्या**, नेता प्रतिपक्ष, उत्तराखंड विधानसभा



## एक नजर

### सरकार बताए सर्वेक्षण को कितना वक्त चाहिए : कोर्ट

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 27 अगस्त तक यह बताने का निर्देश दिया है कि स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्गों (बीसी) और अन्य श्रेणियों के लिए आरक्षण सिफारिशों के वास्ते सर्वेक्षण कराने के लिए कितने वक्त की जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति जे श्रीनिवास की पीठ वृहत हैदराबाद नगर निगम सहित स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े वर्गों के लिए श्रेणीवार आरक्षण लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने उच्चतम न्यायालय के इस निर्देश का हवाला दिया कि राज्यों को आरक्षण निर्धारित करने से पहले पिछड़े वर्गों की विभिन्न श्रेणियों के आंकड़े एकत्र करने के वास्ते सर्वेक्षण करने के लिए एक आयोग का गठन करना चाहिए।

### प्रेम विवाह से नाराज भाई ने की बहनोई की हत्या

**झुंझुनू।** राजस्थान में झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ क्षेत्र में बहन के प्रेम विवाह से नाराज भाई ने बहनोई की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। जिला पुलिस अधीक्षक राजश्री वर्मा ने बताया कि जाखोद, कुशलपुरा निवासी मोनिका लव मैरिज के लिए घर से भाग गई थी। 15 जनवरी 2024 को मोनिका ने महपालवास निवासी अंकित जाट से गाजियाबाद में आर्य समाज मंदिर में शादी की थी। मोनिका का भाई रिंकू राजपूत नाराज था। आरोपी बोलेरो में छह-सात साथियों के साथ आया और बहन के पति पर गोलियां बरसाईं फिर उसका दाहिना हाथ काट डाला।

# लोकसभा ने वित्त विधेयक 2024 किया पारित

नई दिल्ली, एजेंसी



- वित्त मंत्री ने सदन में वित्त विधेयक के इस संबंध में संशोधन किया पेश

लोकसभा ने बुधवार को वित्त विधेयक, 2024 को पारित कर दिया। साथ ही सरकार ने रियल एस्टेट पर हाल ही में लागू किए गए नए पूंजीगत लाभ कर में राहत दी है, जिससे करदाताओं को नई कम कर दर अपनाने या पुरानी व्यवस्था के साथ बने रहने का विकल्प मिल गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के अपने बजट भाषण में रियल एस्टेट पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) को बिना इंडेक्सेशन लाभ के 20 से 12.5% करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने बुधवार को सदन में वित्त विधेयक में इस संबंध में संशोधन पेश किया। अचल संपत्तियों की बिक्री पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना में इंडेक्सेशन लाभ को हटाने के लिए बजट 2024-25 में रखे गए प्रस्ताव की विपक्षी दलों और कर पेशेवरों सहित विभिन्न पक्षों ने तीखी आलोचना की थी।

लोकसभा ने 45 सरकारी संशोधनों के साथ ध्वनिमत से वित्त विधेयक, 2024 को पारित कर दिया। यह विधेयक अब राज्यसभा में चर्चा के लिए जाएगा लेकिन उच्च सदन को संविधान के अनुसार किसी धन विधेयक को खारिज करने का अधिकार नहीं है और वह ऐसे विधेयक केवल लौटा सकता है। राज्यसभा नियत 14 दिन में वित्त विधेयक नहीं लौटाती तो इसे पारित मान लिया जाता है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में वित्त विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह आश्वासन दिया कि संशोधन के बाद एलटीसीजी कर के संबंध में कोई अतिरिक्त कर बोझ नहीं बढ़ाया जाएगा।

### विपक्ष बजट को लेकर बना रहा झूठा माहौलः सीतारमण

वित्त मंत्री ने कहा कि विपक्ष बजट को लेकर मध्यम वर्ग के सरकार से नाराज होने का झूठा माहौल बना रहा है और सरकार ने करों में भारी वृद्धि किए बिना कराधान व्यवस्था को सरल बनाया है और कई ऐसे उपाय किए हैं जिनसे मध्यम वर्ग को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के साथ सरकार ने सरल और प्रौद्योगिकी संचालित कर प्रणाली बनाई है जिसका उद्देश्य कराधान को सरल करना, करदाताओं पर बोझ कम करना और इसे पारदर्शी बनाना है।

# वायनाडः सरकार राष्ट्रीय आपदा घोषित करे

नई दिल्ली, एजेंसी



- लोस में बोले राहुल गांधी- मुआवजा बढ़ाने व पुनर्वास पैकेज दिया जाए

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 30 जुलाई को केरल के वायनाड में भूस्खलन से आई आपदा का मुद्दा बुधवार को लोकसभा में उठाया और केंद्र सरकार से इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने, मुआवजा बढ़ाने तथा समग्र पुनर्वास पैकेज देने की मांग की।

नेता प्रतिपक्ष गांधी ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि वायनाड में यह देखना सुखद था कि पीड़ितों की मदद के लिए विभिन्न विचारधारा और समुदायों के लोग आगे आए। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी बहन (प्रियंका गांधी वाद्रा) के साथ कुछ दिन पहले वायनाड का दौरा किया और आपदा के बाद भयावह विनाश और पीड़ा के मंजर को देखा। करीब दो किलोमीटर तक पहाड़ ढह गया तथा चट्टानों एवं गाद का अंबार लग गया। गांधी ने कहा कि आपदा के बाद 400 से ज्यादा लोगों की मृत्यु की आशंका है। गांधी ने इस आपदा की स्थिति में केंद्र सरकार, राज्य सरकार, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), सेना, नौसेना, तटरक्षक, जिला प्रशासन, वन विभाग और दमकल विभाग के बचाव और राहत कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने इस त्रासदी से निपटने के लिए तमिलनाडु, कर्नाटक तथा तेलंगाना राज्यों की ओर से की गई मदद की भी सराहना की। गांधी ने कहा कि यह देखना भी सुखद रहा कि सभी समुदाय, सब लोग पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए। विभिन्न विचारधाराओं के लोग मदद के लिए आगे आए। भूस्खलन से मार्ग कटने से बचाव दलों को आपदा प्रभावित स्थानों तक पहुंचने में अत्यंत कठिनाई आई।

# वक्फ विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजा जाए : विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

- कार्य मंत्रणा समिति की भावना का आकलन करने के बाद इस पर फैसला करेगी सरकार

विपक्षी दलों ने बुधवार को सरकार से आग्रह किया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को पेश किये जाने के बाद इस पर गौर करने के लिए संसद की स्थायी समिति के पास भेजा जाए। दूसरी तरफ, सरकार ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की भावना का आकलन करने के बाद वह इस पर फैसला करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सरकार बुधवार को लोकसभा में विधेयक पेश होने के बाद इसे पारित कराने के लिए दबाव नहीं डालेगी। एक सूत्र ने कहा कि विधेयक को अध्ययन के लिए संसदीय समिति के पास भेजा जाए या नहीं, इसका फैसला बाद में किए जाएगा, लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

बीएसी की बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने कहा कि विधेयक को स्थायी समिति के पास भेजा जाना चाहिए। यह विधेयक अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय मंत्रालय का है और संबंधित स्थायी समिति का अभी तक गठन नहीं किया गया है। स्थायी समिति की अनुपस्थिति में सदन एक समिति बना सकता है जो इस मामले पर गौर कर सकती है।

# पीएमएलए पर पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई टाली

नई दिल्ली, एजेंसी

## धन शोधन अधिनियम



- सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 28 अगस्त तक टाली, ईडी ने मांगा समय

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इस सवाल पर सुनवाई 28 अगस्त तक टाल दी कि क्या धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तारी और कुर्क की ईडी की शक्तियों को बरकरार रखने वाले उसके 2022 के फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत है।

ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत, सीटी रविकुमार और उज्जल भुइयां की पीठ से कहा कि पुनर्विचार याचिकाएं अचानक सूचीबद्ध की गई हैं और उन्हें कुछ समय चाहिए। मेहता ने कहा कि इन्हें अचानक सूचीबद्ध किया गया है। हमें तैयारी के लिए कुछ समय चाहिए। हमें पता चला कि मामले को बीती देर रात सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। कृपया इस पर बाद की तारीख में सुनवाई करें। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि 2022 का फैसला गलत है और इस पर पुनर्विचार की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने मामले को स्थगित करने पर सहमति जताते हुए याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तारीख निर्धारित की।

अदालत कुछ मानदंडों के आधार पर तीन न्यायाधीशों की पीठ के 27 जुलाई, 2022 के फैसले पर पुनर्विचार के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। उच्चतम न्यायालय ने 2022 के अपने फैसले में पीएमएलए के तहत धन शोधन में शामिल संपत्ति की तलाशी और जब्ती तथा गिरफ्तारी के सबंध में ईडी की शक्तियों को बरकरार रखा था।

# छत्तीसगढ़ में सीबीआई ने 15 जगहों पर मारे छापे

## लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाला

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 2022 में हुई छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा में भाई-भतीजावाद के आरोपों में राज्य में 15 जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नेताओं, पीएससी अधिकारियों और लोक सेवकों के अयोग्य परिजनों को बड़े सरकारी पदों पर भर्ती किया गया। उन्होंने कहा कि रायपुर में भाई-भतीजावाद का कथित तौर पर लाभ उठाने वालों के छह, दुर्ग में तीन, महासमुंद और धामतारी में दो-दो और सरगुजा व बिलासपुर में एक-एक ठिकाने पर छापे मारे गए। सीबीआई ने 16 ऐसे परीक्षार्थियों को नामजद किया है, जिन्हें उप कलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षक और अन्य बड़े पदों पर नियुक्त किया गया था। एजेंसी ने बुधवार को उनमें से 15 के परिसरों पर छापे मारे, जबकि एक के आवास की तलाशी ली जा चुकी है।

## कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2060, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1955, फॉर्चुन ली. 1570, जय जवान 1495, सचिन 1520, सूरज 1520, अवसर 1645, राग गोल्ड 1600, गृहणी ली 1510, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1640, चक्र टिन 1875, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1880, स्वास्तिक 2030 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19200, जीरा 32500, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10700, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 7850, दाल चना 8450, लाल हिंदुस्तान 8550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8400, डबरा 9800-11200, सच्चा हीरा 12400, मोटा हीरा 14000, अरहर गोला मोटा 14800, अरहर पटका मोटा 15000, अरहर कोरा मोटा 15400, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16700 । चीनी-डालमियां 4120, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100।

### सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 71350 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 70350 |
| सिल्वर (पक्की) | 813 (अनुमानित) |

# धातु, ऊर्जा में लिवाली से बाजार मजबूत

## सेंसेक्स 875 अंक चढ़ा, निफ्टी ने फिर से 24,000 के अंक को किया पार

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी गिरावट के बाद बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 875 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई का निफ्टी फिर से 24,000 अंक के स्तर को पार कर गया। दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों में तेजी तथा निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली से बाजार में मजबूती आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 874.94 अंक यानी 1.11% उछलकर 79,468.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,046.13 अंक चढ़कर 79,639.20 अंक पहुंचा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 304.95 अंक यानी 1.27% की बढ़त के साथ 24,297.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 345.15 अंक उछलकर 24,337.70 अंक पर पहुंचा था। अदाणी पोर्ट्स एंड सेज 3.42 प्रतिशत और पावरग्रिड 3.39% मजबूत हुए।



- दुनिया के प्रमुख बाजारों में तेजी, निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली

टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। वहीं नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा और टाइटन हैं। इस तेजी में ज्यादातर क्षेत्रों का योगदान रहा लेकिन धातु, ऊर्जा और औषधि क्षेत्र सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बैंक ऑफ जापान के डिप्टी गवर्नर के वित्तीय अस्थिरता के दौरान ब्याज दर नहीं बढ़ाने से आश्वासन के बाद बाजारों में तेजी आई। घरेलू बाजार में चौतरफा लिवाली हुई। बीएसई का मिडकैप 2.63% जबकि स्मॉलकैप 2.39 प्रतिशत के लाभ में रहे।

### तेजी से निवेशकों को 8.97 लाख करोड़ रुपये का लाभ

शेयर बाजार में जोरदार तेजी के साथ निवेशकों को एक दिन में 8.97 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ। बाजार में आई तेजी के साथ बीएसई सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 8,97,352.99 करोड़ रुपये बढ़कर 4,48,57,306.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। विदेशी निवेशकों ने मंगलवार को 3,531.24 करोड़ के शेयर बेचे। वहीं घरेलू निवेशकों ने 3,357.45 करोड़ के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.12% उछलकर 77.34 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### शीर्ष 50 वैश्विक लाइफस्टाइल ब्रांड में से 90% भारत में मौजूद

**नई दिल्ली।** भारत वैश्विक लाइफ स्टाइल ब्रांड के लिए एक केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां शीर्ष 50 वैश्विक ब्रांड में से 90% सक्रिय हैं और कई अन्य को यहां उतारने की तैयारी है। इसमें मजबूत ऑनलाइन बिक्री और तेजी से बढ़ते ई-लाइफस्टाइल बाजार का योगदान है। वैश्विक परामर्श फर्म बेन एंड कंपनी और लाइफस्टाइल ई-कॉमर्स मंच मिन्त्रा ने बुधवार को यह अध्ययन जारी किया। इसे बेन विश्लेषण, द्वितीयक शोध, बाजार प्रतिभागियों के साक्षात्कार और उद्योग स्रोतों से हासिल जानकारी पर तैयार किया गया है। भारत वैश्विक लाइफस्टाइल ब्रांड के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। शीर्ष 50 वैश्विक ब्रांड में से 90 प्रतिशत भारत में सक्रिय हैं और उनमें से आधे का भारत में राजस्व पहले से ही तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

# अवांछित कॉल पर अंकुश को नियमनों को मजबूत बनाएगा ट्राईः चेयरमैन

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के एजेंडा में अवांछित कॉल पर कार्रवाई शीर्ष पर प्राधिकरण नियमनों की करेगा समीक्षा

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन अनिल लाहोटी ने बुधवार को कहा कि नियामक अवांछित कॉल पर अंकुश लगाने के लिए नियमनों की समीक्षा करेगा और उन्हें मजबूत बनाएगा। ट्राई के एजेंडा में अवांछित कॉल पर कार्रवाई शीर्ष पर है।

अनाधिकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों से अनचाहे संचार के बारे में उपभोक्ताओं की बढ़ती शिकायतों के बीच नियामक इस मुद्दे पर अपना रुख सख्त कर रहा है। लाहोटी ने ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम (बीआईएफ) द्वारा आयोजित 'इंडिया सैटकॉम-2024' में कहा कि हमने अवांछित कॉल पर सेवा प्रदाताओं के साथ बातचीत की है और यह हमारी अगली प्राथमिकता है। हम गंभीरता से काम करेंगे...हम अवांछित या स्पैम कॉल के मुद्दे पर जांच सख्त करने के लिए मौजूदा नियमों में लोगों द्वारा पाई जाने वाली किसी भी खामी को दूर करेंगे। ट्राई ने मंगलवार को बैठक आयोजित कर सेवा प्रदाताओं और उनके टेलीमार्केटिंग कंपनियों को संदेश दिया कि वे वॉयस कॉल का उपयोग कर बड़े पैमाने पर संचार पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। कार्रवाई के तौर पर नियामक ने सभी हितधारकों, विशेष रूप से एक्सेस सेवा प्रदाताओं (दूरसंचार कम्पनियों) और उनके डिलिवरी टेलीमार्केटर्स से कार्रवाई करने की मांग की है। कार्रवाई के तहत पहचान के लिए तकनीकी समाधान लागू करना और 10 अंक वाले नंबर का उपयोग करके उद्यम ग्राहकों द्वारा एक साथ कई कॉल को रोका जाएगा। कॉल के माध्यम से धोखाधड़ी और घोटाले की बढ़ती घटनाओं तथा इन पर कार्रवाई पर लाहोटी ने कहा कि नियामकों की संयुक्त समिति इसके समाधान के लिए काम कर रही है।

# रिलायंस ने भरा 1.86 लाख करोड़ से अधिक का टैक्स

नई दिल्ली, एजेंसी



- टैक्स पिछले साल के मुकाबले नौ हजार करोड़ रुपये से अधिक, समूह ने वार्षिक रिपोर्ट में दी यह जानकारी

उद्योगपति मुकेश अंबानी की पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,86,440 करोड़ का कर सरकारी खजाने में जमा कराया है। बुधवार को कंपनी की जारी वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। टैक्स पिछले साल के मुकाबले नौ हजार करोड़ रुपये से अधिक है।

आरआईएल अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने रिपोर्ट में कहा कि पिछले दशक में वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत का महत्व कई गुना बढ़ गया है। अस्थिरता और अनिश्चितता की इस दुनिया में भारत स्थिरता और समृद्धि के प्रतीक के रूप में चमक रहा है। सभी क्षेत्रों में मजबूत विकास 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक प्रयास का नतीजा है। भारत और भारतीयता की यही भावना रिलायंस को निरंतर नवाचार करने और हर उद्यम में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। रिलायंस परिवार के लिए भारत के विकास का हिस्सा बनना और वृद्धि में योगदान देना गर्व की बात है।

### कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग व पार्थसारथी को 25 करोड़ जुर्माने पर सेबी का नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बुधवार को कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लि. और उसके चेयरमैन तथा प्रबंध निदेशक सी पार्थसारथी से 15 दिन में 25 करोड़ का भुगतान करने को कहा है। यह मामला पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिये ग्राहकों की राशि के दुरुपयोग से जुड़ा है।

सेबी के लगाये जुर्माने का भुगतान करने में विफल रहने के बाद यह नोटिस दिया गया है। सेबी ने अप्रैल 2023 में कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लि. (केएसबीएल) और पार्थसारथी को प्रतिभूति बाजार से सात साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था।

# जापान और कनाडा समेत 10 देश भी खरीदेंगे उत्तर प्रदेश के विशिष्ट उत्पाद

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के एक जिला एक उत्पाद योजना (ओडीओपी) में शामिल विशिष्ट उत्पाद जापान, कनाडा, रूस, सिंगापुर, मास्को, दक्षिण कोरिया, नीदरलैंड, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात व मलेशिया भी खरीदेगा। इन देशों से प्रदेश का निर्यात बढ़ाने की विदेश मंत्रालय (भारत सरकार) व भारतीय निर्यात संगठन महासंघ की दूतावास के बीच सहमति बनी है। इनके खरीदारों को 75 जिलों के हस्तनिर्मित व मशीन से बने 343 विशिष्ट उत्पाद पसंद आए हैं। जल्द आगे की प्रक्रिया पूरी करके निर्यात होगा। उद्यमियों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग निर्यात कराएगा।



- विदेश मंत्रालय ने ओडीओपी से निर्यात बढ़ाने को बढ़ाया कदम

भारतीय निर्यात संगठन महासंघ देशों के खरीदारों को जोड़कर निर्यात बढ़ाने में सहयोग करता है। पहले चरण में 66 देश निर्यात में शामिल थे। यहां के 405 खरीदार विशिष्ट उत्पाद खरीदते हैं। दूसरे चरण में 10 और देश के 100 से ज्यादा खरीदार जुड़े हैं। जल्द सम्मेलन कर ऑर्डर लिए जाएंगे।

### इन जिलों के विशिष्ट उत्पाद

लखनऊ : चिकनकारी, बरेली : जरी जरदोजी, मुरादाबाद : ब्रास (बर्तन), वाराणसी : गुलाबी मीनाकारी व सिल्क, सीतापुर : दरी, अलीगढ़ : ब्रास मूर्ति, कानपुर : चमड़ा, कन्नौज : इत्र, भदोही : कारपेट, फिरोजाबाद : ग्लास, सहारनपुर : लकड़ी की मूर्ति, मेरठ : खेलकूद उत्पाद, अयोध्या व मुजफ्फरनगर : गुड़, सिद्धार्थनगर : काला नमक चावल व बुलंदशहर खुर्जा : चीनी मिट्टी बर्तन।

> सरकार का उद्देश्य ओडीओपी से निर्यात को रफ्तार और विशिष्ट उत्पादों की बिक्री से उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। अन्य उत्पाद भी ऐसे ही निर्यात करेंगे। **– अभिषेक शाही**, कोआर्डिनेटर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो, निर्यात भवन




# पेरिस ओलंपिक 2024




# 100 ग्राम वजन ने छीन लिया विनेश का पदक

## नियमों के चलते टूटीं उम्मीदें, आईडब्ल्यूएफ ने विनेश को अयोग्य ठहराने के फैसले पर विचार के लिए अपील की दायर, पीटी उषा बोलीं- पूरा देश फोगाट के साथ

पेरिस, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को बताया कि स्टार पहलवान विनेश फोगाट को अधिक वजन के कारण अयोग्य करार देने के फैसले पर पुनर्विचार के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के समक्ष अपील दायर की है। विनेश को महिलाओं की 50 किग्रा कुश्ती स्पर्धा के फाइनल से पहले वजन अधिक पाए जाने के कारण बुधवार को ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

उषा ने बताया कि आईडब्ल्यूएफ ने विनेश को अयोग्य ठहराने के फैसले पर पुनर्विचार के लिए अपील दायर कर दी है। उषा ने कहा मैंने कुछ समय पहले ओलंपिक खेल गांव के पोली क्लीनिक में विनेश से मुलाकात की और उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ, भारत सरकार और पूरे देश के समर्थन का आश्वासन दिया। हम विनेश को सभी तरह का चिकित्सा और भावनात्मक समर्थन दे रहे हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ ने विनेश को अयोग्य ठहराने के फैसले पर विचार के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) के पास अपील दायर की है। आईओए इसे मजबूत तरीके से आगे बढ़ा रहा है। आईओए पूरी तरह से यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है कि ओलंपिक टीम का मनोबल ऊंचा रहे और सभी भारतीय विनेश और ओलंपिक दल के साथ खड़े रहें।

आईओए प्रमुख ने कहा कि वे विनेश के वजन को दायरे में लाने के लिए किए गए प्रयासों से अच्छी तरह अवगत हैं। डॉ. दिनशॉ पर्डीवाला की अगुआई में विनेश की मेडिकल टीम और मिशन प्रमुख गगन नारंग के पूरी रात किए कई प्रयासों से हम अच्छी तरह अवगत हैं जिससे कि विनेश प्रतियोगिता की जरूरतों को पूरी कर सके। इस बीच विनेश की मेडिकल टीम के प्रमुख डॉ. दिनशॉ पर्डीवाला ने कहा कि मंगलवार को तीन मुकाबले लड़ने के बाद विनेश के वजन में सामान्य से अधिक इजाफा हुआ। पहलवान आम तौर पर अपने स्वाभाविक वजन से कम वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इससे वे फायदे की स्थिति में रहते हैं क्योंकि उन्हें कम मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा का मौका मिलता है। डॉ. पर्डीवाला ने कहा कभी कभी प्रतिस्पर्धा के बाद वजन में रिबाउंड बढ़ोतरी का मामला भी होता है। विनेश ने तीन मुकाबले लड़े और पानी की कमी से बचने के लिए थोड़ी मात्रा में पानी दिया गया। हमने पाया कि प्रतिस्पर्धा के बाद उसके वजन में सामान्य से अधिक इजाफा हुआ और कोच ने वजन में कमी की सामान्य प्रक्रिया शुरू की।


पत्रकारों से बीतचीत करते डॉ. पर्डीवाला और पी टी उषा। ● एजेंसी

### रातभर जुटे रहे, नहीं मिली सफलताः डॉ. पर्डीवाला

हमने रात भर हर संभव प्रयास किया जिसमें उसके बाल काटना, उसके कपड़े छोटे करना भी शामिल है, लेकिन इसके बावजूद हम उसे 50 किग्रा वजन वर्ग के दायरे में नहीं ला पाए। अयोग्य ठहराए जाने के बाद हमने एहतियात के तौर पर उसे कुछ द्रव्य दिए जिससे कि शरीर में पानी की कमी से बचा जा सके। डॉ. पर्डीवाला ने कहा उसका रक्त परीक्षण भी किया जिससे कि पता चले कि सब कुछ सामान्य है। यह सब यहां स्थानीय ओलंपिक अस्पताल में हुआ। वजन कम करने की प्रक्रिया के दौरान उसके सभी परीक्षण सही आए और इस पूरी प्रक्रिया के दौरान वह पूरी तरह से सामान्य महसूस कर रही थी। विनेश ने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा से बात की है और कहा कि वह शारीरिक और मानसिक रूप से बिलकुल सामान्य है लेकिन निराश है कि वह डिस्क्वालीफाई हो गई।



## प्रशंसक बोले- बेहद क्रूर, दिल तोड़ने वाला फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

विनेश फोगाट के स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदों के साथ सुबह उठे भारतीय खेलप्रेमियों को उनके ओलंपिक से अयोग्य करार दिये जाने की खबर पर सहसा यकीन ही नहीं हुआ और हर तबके से लोगों ने इसे पेरिस ओलंपिक में सबसे बड़ा झटका और क्रूर करार दिया। विनेश को महिला कुश्ती के 50 किलोवर्ग में फाइनल मुकाबले से पहले वजन अधिक पाए जाने के कारण अयोग्य करार दिया गया। अब वह स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंचने के बाद खाली हाथ लौटेंगी।

इस खबर को लेकर प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर भारी रोष जताया है और विनेश के लिए समर्थन जाहिर करते हुए कइयों ने 'तानाशाही व्यवस्था' पर सवाल भी उठाए हैं। एक प्रशंसक ने लिखा विनेश फोगाट के ओलंपिक सफर का यह क्रूर अंत है। वह जीत की राह पर अग्रसर थी। एक अन्य ने लिखा भारत के लिये 2024 ओलंपिक का सबसे बड़ा झटका। विनेश फोगाट को सौ ग्राम वजन अधिक पाये जाने के कारण ओलंपिक से बाहर कर दिया गया। भारत की शेरनी जो स्वर्ण जीतने वाली थी, अब पदक के बिना लौटेगी। दिल टूट गया है। महिंद्रा और महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने लिखा नहीं..नहीं...नहीं.... इसे बुरा सपना बना दीजिए ताकि मैं उठूं तो मुझे पता चले कि यह सत्य नहीं था।

### फाइनल में विनेश की जगह खेलेंगी क्यूबी की लोपेज

पेरिस। क्यूबा की पहलवान युसनेलिस गुजमैन लोपेज पेरिस ओलंपिक महिला कुश्ती 50 किलोवर्ग में अमेरिका की सारा एन हिल्डेब्रांट के खिलाफ विनेश फोगाट की जगह खेलेंगी। विनेश को उनका वजन अधिक पाये जाने के कारण अयोग्य करार दिया गया। उन्होंने सेमीफाइनल में लोपेज को हराया था। पेरिस ओलंपिक आयोजन समिति ने एक बयान में कहा विनेश दूसरे दिन कराए गए वजन में अयोग्य पाई गईं। अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती के नियमों की धारा 11 के अनुसार विनेश की जगह उस पहलवान को दी जाएगी जिसे उसने सेमीफाइनल में हराया था। इसी वजह से क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज को फाइनल खेलने का मौका दिया गया है। जापान की युइ सुसाकी और यूक्रेन की ओकसाना लिवाच के बीच रेपेशॉज मुकाबला कांस्य पदक का होगा।

### विनेश के लिए 25 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा


नई दिल्ली। पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने अपनी छात्रा और पहलवान विनेश फोगाट को 25 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है जिन्होंने महिला कुश्ती में ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया था। यूनिवर्सिटी के संस्थापक चांसलर और राज्यसभा सांसद अशोक कुमार मित्तल ने कहा, हमारे लिए विनेश अब भी पदक विजेता हैं। उनका समर्पण और कौशल मान्यता का हकदार है और हमें रजत पदक विजेता के लिए घोषित 25 लाख रुपये की राशि पुरस्कार उन्हें देने पर फक्र महसूस हो रहा है। विनेश जालंधर में इस यूनिवर्सिटी में एमए मनोविज्ञान की छात्रा हैं। यूनिवर्सिटी के बयान में कहा गया पेरिस ओलंपिक में रजत पदक विजेता छात्रों के लिए यूनिवर्सिटी ने राशि रखी थी।

### वजन कम करना इतना जरूरी क्यों?


- किसी भी रेसलिंग इवेंट भी हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को अलग-अलग भार वर्ग में वर्गीकृत किया जाता है। रेसलिंग, बॉक्सिंग जैसे खेलों में ये तय तरीका है, जिससे सभी खिलाड़ियों के लिए निष्पक्ष मौका सुनिश्चित किया जाता है।
- पहली बार किए गए समय पर जो वजन होता है, प्रत्येक खिलाड़ी को केवल उसी एक भार वर्ग में खेलने की इजाजत होती है।
- वजन के वक्त खिलाड़ी केवल सिंगलेट यानी स्लीवलेस शर्ट ही पहन सकते हैं। बढ़े हुए वजन के मामले में कोई समझौता नहीं हो सकता है।
- किसी भी भार वर्ग के मुकाबले के पहले दिन सुबह ही मेडिकल जाँच और वजन किया जाता है।
- जो लोग फाइनल के लिए क्वॉलिफाई करते हैं, उन्हें दूसरे दिन की सुबह भी वजन करवाना होता है। ये प्रक्रिया 15 मिनट तक चलती है।
- यूडब्ल्यूडब्ल्यू के नियम कहते हैं कि इस दौरान भी वजन में किसी तरह का समझौता नहीं किया जाता।
- नियमों के अनुसार, वजन करने की पूरी प्रक्रिया के दौरान रेसलर के पास ये हक है कि वे कितनी भी बार मशीन पर वजन करते हैं। इस प्रक्रिया के लिए चुने गए रेफ़रियों की ये जिम्मेदारी होती है कि वे सभी संबंधित भार वर्ग के प्रतिभागियों के वजन की जाँच करें।
- अगर कोई एथलीट वजन की प्रक्रिया पूरी नहीं करता या इसमें फेल हो जाए तो उन्हें प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाता है और सबसे आख़िरी पायदान पर रखा जाता है।
- अगर कोई फाइनलिस्ट फाइनल से पहले वजन को लेकर अयोग्य घोषित होता है तो उसकी जगह सेमीफाइनल में हारे खिलाड़ी को मौका दिया जाता है। इसी तरह से विनेश के मामले में आईओसी ने फैसला लिया है।

### वजन घटाना मुश्किल क्यों है?

- इंसानी शरीर में वजन बदलता रहता है। कई बार ये वजन एक दिन के अंदर ही बदल जाता है।
- अगर कोई खिलाड़ी किसी खास कैटगरी में जगह बना रहा है तो आपसे उम्मीद की जाती है कि दोनों दिन वजन को एक जैसा रहे।
- अपने वज़न से कम कैटगरी में खेलना आसान नहीं होता है। ऐसा करने के लिए अपना वजन घटाना होता है और टूर्नामेंट के दो दिन तक बरकरार रखना होता है।
- कई पहलवान जो कम वजन की कैटगरी में खेलना चुनते हैं, उनको अपना खाना पीना कम करना होता है। कुछ लोग भूखे रहते हैं और इसका असर शरीर पर दिखता है। खेल से पहले इस कमजोरी से भी उबरना होता है। ऐसे में खुद के शरीर में ये बदलाव लाना आसान नहीं होता है। अगर किसी पहलवान का वजन बॉर्डर लाइन पर है तो उसे तनाव का सामना करना पड़ता है।
- विनेश को पहले भी वजन के मामले में चुनौतियों का सामना करना पड़ा।
- ओलंपिक 2016 में 48 किलो कैटगरी में विनेश को अपना वजन कम करना पड़ा था और ये चुनौतीपूर्ण रहा था।
- बाद में विनेश इस कैटगरी के तहत जगह बनाने और खेलने में सफल रही थीं। मगर बाद में चोट के कारण विनेश बाहर हो गई थीं।


विनेश तुम हिम्मत और नैतिकता की गोल्ड मेडलिस्ट हो। माटी की बेटी हो इसलिए ये मेडल भी माटी का है। बहुत हौसले से लड़ी हो। यकीन ही नहीं हो रहा कि यह तुम्हारे साथ हुआ है। पूरा देश आंसू नहीं रोक पा रहा है। सब देशों के ओलंपिक मेडल एक तरफ और आपका मेडल एक तरफ। दुनिया का हर इंसान आपके लिए दुआ कर रहा था। दुनिया की हर महिला को यह मेडल पर्सनल मेडल जैसा लग रहा था।
**- बजरंग पुनिया,** पहलवान


मेरा दिल घबराया हुआ और परेशान है विनेश ने जो किया है वह कल्पना से परे है। यह शायद इस ओलंपिक में किसी भारतीय एथलीट के साथ हुई सबसे विनाशकारी घटना है। हम सोच भी नहीं सकते कि वह किस दौर से गुजर रही होगी। अगर ऐसा संभव होता, तो मैं अपना पदक विनेश को दे देती।
**- साक्षी मलिक,** पहलवान


यह साजिश हो सकती है। सौ ग्राम, मतलब मजाक है क्यों। हम खिलाड़ी एक रात में पांच से छह किलो वजन घटा सकते हैं। हमें पता होता है कि अपनी भूख और प्यास पर कैसे काबू रखना है। साजिश का मतलब यह है कि लोग खेलों में भारत के बढ़ते कद को देखकर खुश नहीं है। मुझे यकीन नहीं होता कि विनेश ऐसी गलती करेगी। मुझे उसकी चिंता हो रही है। उम्मीद है कि वह ठीक है। उसके साथ जो कुछ हुआ, वह ठीक नहीं है।
**विजेंदर सिंह,** दिग्गज मुक्केबाज


प्रिय विनेश फोगाट, आप हमारी नजर में हमेशा एक चैंपियन रहेंगी। मुझे पूरी उम्मीद थी कि आप गोल्ड जीत सकती हैं। मैंने पीडीसीएसई में आपके साथ जो थोड़ा समय बिताया वह एक जबरदस्त इच्छाशक्ति वाली महिला को बेहतर बनने के लिए संघर्ष करते हुए देख रहा था।
**पीवी सिंधु,** भारतीय बैडमिंटन स्टार


आज पूरा देश विनेश के दर्द और दिल टूटने को साझा करता है। वह एक चैंपियन फाइटर है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह और भी मजबूत होकर वापस आएगी। विनेश, आप आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा हैं, खासकर युवा लड़कियों और उनके माता-पिता के लिए जो उन्हें सपनों और दृढ़ता की शक्ति दिखाती हैं। आपका जज्बा किसी भी पदक से ज्यादा चमकता है। हम सब आपके साथ हैं।
**- नीता अंबानी,** संस्थापक अध्यक्ष


यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है और अनुचित भी। मुझे उम्मीद है कि अधिकारी इस पर गौर करके कड़ा विरोध जतायेंगे क्योंकि यह शुरूआती दौर का मुकाबला नहीं था। हम पदक दौर की बात कर रहे हैं। भारतीय ओलंपिक संघ या भारत सरकार को इसका सख्त विरोध करना चाहिए।
**-सुनील गावस्कर,** महान क्रिकेटर


ये बहुत ही आश्चर्य जनक है और खेदजनक भी है क्योंकि सारा देश उम्मीद लगाकर बैठा था उम्मीद ही नहीं लोगो को विश्वास था लेकिन आज लोग काफी दुखी है। खेल को खेल रहने देना चाहिए, राजनीति में खेल होते देखा है लेकिन खेल में राजनीती नहीं होनी चाहिए। आम आदमी पार्टी वालों को, कांग्रेस को या अखिलेश की पार्टी के लोगों को चाहिए वहां जाए और मेडल लेकर आये।
**- अनिल विज,** पूर्व खेल मंत्री, हरियाणा

### आज भारत के मुकाबले



- **गोल्फ:** महिला व्यक्तिगत : अदिति अशोक और दीक्षा डागर - दोपहर 12.30 बजे
- **एथलेटिक्स:** महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ रेपेचेज राउंड : ज्योति याराजी - दोपहर 2.05 बजे
- **पुरुष भाला फेंक फाइनल :** नीरज चोपड़ा रात - 11.55 बजे
- **कुश्ती:** पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा (प्री-क्वार्टर फाइनल) : अमन सहरावत - दोपहर 2.30 बजे। महिला फ्रीस्टाइल 57 किग्रा (प्री-क्वार्टर फाइनल) : अंशु मलिक- दोपहर 2:30 बजे
- **हॉकी :** कांस्य पदक मैच : भारत बनाम स्पेन : शाम 5.30 बजे।

### पदक तालिका

| देश | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|
| अमेरिका | 25 | 32 | 32 | 89 |
| चीन | 23 | 22 | 16 | 61 |
| ऑस्ट्रेलिया | 17 | 12 | 10 | 39 |
| फ्रांस | 13 | 16 | 19 | 48 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 12 | 16 | 20 | 48 |
| द. कोरिया | 11 | 8 | 7 | 26 |
| जापान | 11 | 6 | 12 | 29 |
| इटली | 9 | 10 | 8 | 27 |
| नीदरलैंड | 9 | 5 | 6 | 20 |
| जर्मनी | 8 | 5 | 4 | 17 |
| भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

## इतिहास रचने वाली मनु भाकर का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर किसी एक ओलंपिक में दो पदक जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के बाद बुधवार को जब स्वदेश पहुंची तो लगातार हो रही बूंदाबांदी के बावजूद सैकड़ों समर्थकों और उनके परिजनों ने यहां उनका भव्य स्वागत किया।

मनु को पेरिस से दिल्ली लाने वाली एयर इंडिया की उड़ान (एआई 142) एक घंटे की देरी से सुबह करीब 9:20 मिनट पर इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। सैकड़ों लोगों ने उनका और उनके कोच जसपाल राणा का जोरदार स्वागत किया। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य और फिर सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता। वह स्वतंत्रता के बाद किसी एक ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले, ब्रिटिश मूल के भारतीय एथलीट नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 में 200 मीटर स्प्रिंट और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी।


● ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं मनु



### स्वप्निल कुशारे ऊंची कूद के फाइनल में पहुंचने से चूके

पेरिस। भारतीय एथलीट स्वप्निल कुशारे पुरुषों की ऊंची कूद क्वालिफिकेशन राउंड में 2.15 मीटर के अपने शुरुआती प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सके और पेरिस ओलंपिक में फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। आज यहां शुरु हुई स्पर्धा में कुशारे 2.15 मीटर के अपने पहले प्रयास में सफल रहे लेकिन 2.20 मीटर के लिए अपने तीन प्रयासों में से किसी भी प्रयास में सफल नहीं हुए। क्वालिफिकेशन मानक 2.29 मीटर था। 29 वर्षीय भारतीय ऊंची कूद एथलीट क्वालिफिकेशन स्पर्धा के ग्रुप बी में अंतिम से एक स्थान ऊपर रहे।

### मैराथन रेस वॉक मिश्रित रिले फाइनल में भारत 17वें स्थान पर

पेरिस। भारतीय एथलीट सूरज पंवार और प्रियंका गोस्वामी की टीम पेरिस ओलंपिक में मैराथन रेस वॉक मिश्रित रिले फाइनल में पहले एक्सचेंज (11.4 किमी) के बाद 17वें स्थान पर है। भारत रेस में सबसे आगे चल रहे इक्वाडोर से एक मिनट और 17 सेकंड पीछे था, उसके बाद इटली और स्पेन थे। उल्लेखनीय है कि इस रेस में दो और एक्सचेंज बचे हैं। रेस की कुल दूरी 42.195 किमी है।





### मनिका, श्रीजा और अर्चना हारीं

पेरिस। अर्चना कामथ ने बुधवार को महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में कुछ देर तक चुनौती पेश की लेकिन उनका प्रदर्शन भी काफी नहीं था जिससे भारतीय टीम को तकनीकी रूप से बेहतर जर्मनी से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम की हार से देश का टेबल टेनिस स्पर्धा में अभियान भी खत्म हो गया। श्रीजा अकुला और अर्चना की भारतीय जोड़ी को शुरुआती युगल मैच में युआन वान और जिओना शान की जोड़ी से पराजय झेलनी पड़ी। वहीं, पहले एकल में एनेट कॉफमैन के खिलाफ मनिका बत्रा अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखीं। उन्होंने पहला गेम जीता लेकिन अगले तीन गेम हारकर मैच 11-8 5-11 7-11 5-11 से गंवा बैठीं।



### तुर्की की पहलवान से हारीं अंतिम

पेरिस। कुश्ती में भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीद अंतिम पंघाल पेरिस ओलंपिक में बुधवार को महिलाओं के 53 किलोवर्ग में तुर्की की येतगिल जेनिप से 0-10 से शर्मनाक हार के बाद बाहर हो गई। इस वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली अंतिम 101 सेकंड में ही हार गई। पहले विनेश इस भारवर्ग में खेलती थी। तुर्की की पहलवान को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर विजयी घोषित किया गया। अगर जेनिप फाइनल के लिये क्वालीफाई करती है तो अंतिम को रेपेशॉज में खेलने का मौका मिलेगा।

## 27 साल बाद श्रीलंका ने भारत को हराकर जीती वनडे श्रृंखला

- भारत को 110 रन से हराया, दुनित वेल्लालगे ने लिए महत्वपूर्ण पांच विकेट
- श्रीलंका के जीत के हीरो रहे अविष्का और कुसल मेंडिस


श्रृंखला जीतने के बाद जश्न मनाते श्रीलंकाई खिलाड़ी। ● एजेंसी

कोलंबो, एजेंसी

अविष्का फर्नांडो (96) और कुसल मेंडिस (59) की शानदार पारियों के बाद दुनित वेल्लालगे (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम श्रीलंका ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को को 110 रन से हरा दिया है। 27 साल बाद श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली हैं।

249 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पांचवें ही ओवर मे ए फर्नांडो ने शुभमन गिल (6) को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद आठवें ओवर में दुनित वेल्लालगे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आउट कर पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली (20) भी वेल्लालगे का शिकार बने। ऋषभ पंत (6), श्रेयस अय्यर (8), अक्षर पटेल (2), रियान पराग (15), शिवम दुबे (9), कुलदीप यादव (6) रन बनाकर आउट हुये। एक बार फिर भारतीय टीम श्रीलंकाई स्पिन गेंदबाजों के आगेभ भारतीय बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिये और पूरी टीम 26.1 ओवर में 138 रन पर सिमट गई। श्रीलंका की ओर से दुनित वेल्लालगे ने 5.1 ओवर में 27 रन देकर पांच बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका ने भारत को जीत के लिए 249 रनों का लक्ष्य दिया था। पतुम निसंका और अविष्का फर्नांडो की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 89 रन जोड़े।

### स्कोर बोर्ड

**श्रीलंका 248/7 (50 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पतुम निसंका कैच पंत बोल्ड अक्षर | 45 | 65 | 5/2 |
| अविष्का फर्नांडो पगबाधा रियान | 96 | 102 | 9/2 |
| कुसल मेंडिस कैच गिल बोल्ड कुलदीप | 59 | 82 | 4/0 |
| चरित असलंका पगबाधा रियान | 10 | 12 | 0/1 |
| सदीरा समराविक्रमा पगबाधा सिराज | 0 | 1 | 0/0 |
| जनित लियानगे बोल्ड सुंदर | 8 | 12 | 1/0 |
| दुनित वेल्लालगे बोल्ड रियान | 2 | 3 | 0/0 |
| कामिंडु मेंडिस नाबाद | 23 | 19 | 0/1 |
| महीश तीक्षणा नाबाद | 3 | 4 | 0/0 |

गेंदबाज : मोहम्मद सिराज 9-0-78-1, शिवम दुबे 4-0-9-0 अक्षर 10-1-41-1, सुंदर 8-1-29-1, कुलदीप 10-0-36-1, पराग 9-0-54-3

**भारत 138/10 (26.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित का कुसाल मेंडिस बो वेलालागे | 35 | 20 | 6/1 |
| शुभमन गिल बो असिथा फर्नांडो | 6 | 14 | 0/0 |
| विराट कोहली पगबाधा बो वेलालागे | 20 | 18 | 4/0 |
| ऋषभ पंत का कुसाल मेंडिस बो तीक्षणा | 6 | 9 | 1/0 |
| श्रेयस अय्यर पगबाधा बो वेलालागे | 8 | 7 | 2/0 |
| अक्षर पटेल बो वेलालागे | 2 | 7 | 0/0 |
| रियान पराग बो वांडरसे | 15 | 13 | 2/0 |
| शिवम दुबे पगबधा बो वांडरसे | 9 | 14 | 1/0 |
| वाशिंगटन सुंदर का वांडरसे बो तीक्षणा | 30 | 25 | 2/3 |
| कुलदीप यादव बो वेलालागे | 6 | 30 | 0/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

गेंदबाजी : फर्नांडो 5-0-29-1, तीक्षणा 8-0-45-2, वेलालागे 5.1-0-27-5, वांडरसे 5-0-34-2, असलंका 3-1-2-0

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

